

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -223 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



बीआरएस के दस साल के शासन में एक दिन भी ... 02
■ छठ से पहले आतिशी ने किया आईटीओ घाट का दौरा
■ राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने का होगा प्रयास 03
■ शेख हसीना ने बीएनपी, जमात से कहा, माफी मांगें और...
■ अलबामा राज्य से कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ने को तैयार... 07
यामी गौतम ने अनटाइटल फिल्म की शूटिंग की पूरी 10

## सार संक्षेप

### नहाय-खाय के साथ छठ का हुआ आगाज



**नई दिल्ली/पटना।** पूर्वांचल के लोगों का महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का पर्व या कहें प्रकृति पर्व, सूर्योपासना के पर्व की शुरुआत हो चुकी है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का समापन सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा। वैसे तो यह बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों का प्रमुख पर्व है, लेकिन समय के साथ दूसरे प्रदेश के लोग भी अब इस महापर्व को मनाने लगे हैं। खासकर दिल्ली और एनसीआर में देश के विभिन्न हिस्से के लोग एक साथ एक ही घाट पर यह पर्व करते देखे जा सकते हैं।

### केरल ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या छह हुई



**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम में 29 अक्टूबर को ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई। घटना के वक्त दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि 50 घायल हुए थे। बाद में 30 अक्टूबर, 6 नवम्बर, 11 नवम्बर और 16 नवम्बर को चार और लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई। पुलिस ने इस ब्लास्ट के आरोपी डोमिनिक मार्टिन को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। कोर्ट ने आरोपी मार्टिन को 29 नवम्बर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 54 केस दर्ज किए हैं। सबसे अधिक 26 मामले मलप्पुरम जिले में दर्ज किए गए, इसके बाद एर्नाकुलम में 15 और तिरुवनंतपुरम में पांच मामले दर्ज हुए।

### नैनीताल में सड़क हादसा में नौ की मौत



**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के ओखलकांडा में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या नौ हो गई है जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में सात एक ही गांव के हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार ओखलकांडा ब्लाक के डालकन्या और अधौड़ा के रहने वाले दस लोग एक कैम्पर में सवार होकर हल्द्वानी की ओर जा रहे थे।

### जगन्नाथ मंदिर के नटमंडप की मरम्मत करेगा एएसआई



**पुरी।** ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के 'नटमंडप' का मरम्मत काम शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। एसजेटीए से मिली इस मंजूरी से एक दिन पहले उड़ीसा हाईकोर्ट ने एएसआई को इस मंदिर के नटमंडप का मरम्मत कार्य गुरुवार से शुरू करने के लिए कहा था। मंदिर के कुछ खंभों में दरारें नजर आई हैं, जिसके बाद एएसआई को तत्काल मरम्मत कार्य करने को कहा गया।

# मप्र में 76 व छत्तीसगढ़ में 71 फीसदी से अधिक मतदान

## मप्र में 230 व छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण की 70 सीटों पर डाले गए वोट

**भोपाल/रायपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु) मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान खत्म हो गया। मध्य प्रदेश में लगभग पांच करोड़ 60 लाख मतदाताओं में से कम से कम 76 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले जबकि छत्तीसगढ़ में 71 फीसदी मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों समेत कुल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान प्रायः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया और इस तरह 2533 उम्मीदवारों की किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गई।

■ मप्र में 96 वर्ष की सजनबाई ने किया मतदान
■ तीन दिसंबर को आएंगे चुनाव परिणाम

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 75.63 प्रतिशत और वर्ष 2013 के चुनाव में 72.69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। मतों की गिनती का कार्य तीन दिसंबर को होगा। मप्र में सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही चरण में हुआ है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान में बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा की 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर बनाए गए सेल्फी पाईंट पर उत्साह से फोटो भी खिचवाई।

### कई दिग्गज नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद

मप्र में सोलहवीं विधानसभा के गठन के लिए हो रहे चुनाव में कुल 2533 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 2280 पुरुष, 252 महिलाएं और एक अन्य (थर्ड जेंडर) प्रत्याशी शामिल हैं। मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान बुधनी से, पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ छिंदवाड़ा से और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी से, प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर से और फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला जिले के निवास से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर एक क्षेत्र से तथा चार सांसद, राज्य सरकार के दो दर्जन से अधिक मंत्री और अन्य प्रमुख नेताओं की किस्मत भी मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गई। राज्य में सभी 64 हजार 626 मतदान केंद्रों पर मतदान शाम छह बजे तक चलता रहा और मतदान केंद्रों पर कतारें भी देखी गईं। क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 17 हजार 32 है। कुल एक हजार 316 वल्नरेबल क्षेत्र चिंहित किए गए हैं। ऐसे क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए राज्य पुलिस बल के अधिकारियों और जवानों के अलावा रिजर्व पुलिस बल को तैनात किया गया। नॉन फोर्स मेजर के तहत कुल 42 हजार से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकॉस्टिंग और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की गई। कुल 2533 प्रत्याशियों में भाजपा और कांग्रेस के 230-230 के अलावा बसपा के 181, सपा के 71 और 1166 निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं।

मतदाताओं की कुल संख्या पांच करोड़ 60 लाख 58 हजार से अधिक में दो करोड़ 87 लाख 82 हजार से ज्यादा पुरुष और दो करोड़ 71 लाख, 99 हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। अन्य मतदाता यानी थर्ड जेंडर की संख्या 1292 है। वहीं छत्तसीगढ़ में इस आखिरी चरण में जिन प्रमुख लोगों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें उनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन), उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव (अम्बिकापुर), विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत (सक्ती), भाजपा के प्रदेश अरूण साव (लोरमी), जनता कांग्रेस की अध्यक्ष डा.रेणु जोगी (कोटा), केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह (भरतपुर सोनहत), पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद विष्णुदेव साय (कुनकुरी) और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल (जांजगीर) मुख्य है। छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं।



### छग में नक्सली हमले में एक जवान शहीद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में मतदान के बाद वापस लौट रही पोलिंग पार्टी को नक्सलियों ने निशाना बनाया है। आईईडी ब्लास्ट में आईटीबीपी का जवान शहीद हो गया। गरियाबंद में बड़े कोबरा मतदान दल पर नक्सलियों ने हमला किया जिसमें आईटीबीपी के एक जवान की मौत हो गई। जवान का नाम जोगिंदर सिंह बताया जा रहा है। मप्र के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर, मंडला जिले के बिछिया विधानसभा क्षेत्र के 47 और मंडला विधानसभा क्षेत्र के आठ मतदान केंद्रों तथा डिंडोरी जिले के डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले 40 मतदान केंद्रों पर वोटिंग तीन बजे समाप्त हो गई थी। नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### छग के कोंडागांव में सबसे अधिक व बीजापुर में हुआ सबसे कम मतदान

# ज्ञानवापी पर एएसआई को मिली मौहलत

**वाराणसी,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से शुक्रवार को वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में जमा नहीं हो पाई। केंद्र सरकार के स्पेशल गवार्निंग काउंसिल अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अभी रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है। 15 दिन का अतिरिक्त समय देने के लिए हमने अदालत में आवेदन दिया है। लेकिन उस पर भी जिला जज की अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले पर अब शनिवार यानी 18 नवम्बर को सुनवाई होगी। एक अधिवक्ता के निधन के कारण एएसआई के आवेदन पर सुनवाई टली। शनिवार को ही शैलेन्द्र पाठक की ओर से व्यास जी की गद्दी डीएम को सुपुर्द किए जाने के वाद पर भी सुनवाई होनी है। माना जा रहा है कि अलग-अलग स्थानों से आई टीमों और त्योहारों के अवकाश के कारण रिपोर्ट तैयार होने में देरी हुई है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बीते 21 जुलाई को ज्ञानवापी परिसर (सील वजूखाने को छोड़ कर) के सर्वे का आदेश एएसआई को दिया था। 24 जुलाई से एएसआई की टीम ने सर्वे का काम शुरू किया था।



■ सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए मांगे 15 दिन
■ आज आएगा अदालत का आदेश

### देशभर के पुरातत्व विशेषज्ञ सर्वे में हुए शामिल

ज्ञानवापी में सर्वे करने वाली टीम में एएसआई के देश भर के विशेषज्ञ शामिल हुए थे। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में सारनाथ, प्रयागराज, पटना, कोलकाता और दिल्ली के पुरातत्व विशेषज्ञों ने सर्वे का काम किया। जीपीआर तकनीक से अध्ययन के लिए हैदराबाद से विशेषज्ञों का दल आया था।

# उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल की ड्रिलिंग में चट्टान बनी मुसीबत

**उत्तरकाशी,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल में शुक्रवार दोपहर को ड्रिलिंग कर रही ऑगर मशीन के सामने भारी पत्थर आ जाने से रेस्क्यू स्पीड काफी कम हो गई है।

ऑगर मशीन के जरिए मलबे में रास्ता बनाकर भेजे जा रहे पाइप इंच-दर-इंच आगे बढ़ रहे हैं। इस बीच 6 दिन से फंसे 40 मजदूरों में से 2 की तबीयत भी शुक्रवार दोपहर को खराब हो गई। लैंडस्लाइड में टनल में मलबे के साथ बड़े बोल्डर भी फंसे हुए हैं। 30 फीट की ड्रिलिंग के बाद इनके मशीन के सामने आने से ऑगर मशीन को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोपहर 12 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन भी करीब दो घंटे के लिए रोकना पड़ा था। गुरुवार रात और शुक्रवार के दिन ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन को फिलहाल रेस्ट दिया गया है। अब ड्रिलिंग का काम शुरू किया जाएगा। ड्रिलिंग के काम में लगी अमेरिकन हैवी ऑगर्स मशीन के रास्ते में चट्टान आने से दोपहर 12 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन 2 घंटे तक बंद रहा। इसके बाद फिर से शुरू किया।



■ छह दिन से फंसे 40 मजदूर, दो की तबीयत बिगड़ी

हालांकि, ड्रिलिंग में चट्टान मुसीबत बनी हुई है। चट्टान से रेस्क्यू की स्पीड धीमी हो गई। रेस्क्यू के लिए मशीन के सहारे जिस पाइप को डाला गया, वो बहुत धीरे-धीरे आगे बढ़ पा रहा है।

### कांग्रेस का तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी

# मतदताओं से छह गारंटियों का वादा

**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के शुक्रवार 17 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में 6 गारंटी 'अभय हस्तम' देने का वादा किया है। पार्टी ने महिलाओं और किसानों पर फोकस करते हुए कई योजनाओं को मैनिफेस्टो में शामिल किया है। कांग्रेस ने बेघरों और छात्रों को 5 लाख रुपए देने का वादा किया है। साथ ही महिलाओं हर महीने ढाई हजार रुपए और फ्री बस यात्रा की सुविधा देने की बात कही है। वहीं राज्य के सभी किसानों के लिए 15 हजार देने की घोषणा की है। इस मौके पर टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और नेता प्रतिपक्ष बट्टी विक्रमार्का हैदराबाद के गांधी भवन में मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान या बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। कर्नाटक की महिलाएं राज्य में आज कहीं भी जा सकती हैं। बस में मुफ्त यात्रा के कारण कर्नाटक में महिलाएं विभिन्न मंदिरों में जा रही हैं।



■ हर परिवार को दौ सो यूनिट बिजली फ्री
■ किसानों को 15 हजार, विद्यार्थियों व बेघरों को पांच लाख

### तेलंगाना में आएगा कांग्रेस का तूफान : राहुल

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के समर्थन का तूफान आने वाला है और सत्तारूढ़ बीआरएस बुरी तरह हारेगी। खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना है और उसके बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को बाहर किया जाएगा।



# जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ढेर



■ 36 घंटों की मुठभेड़ में कुलगाम में पांच व उड़ी में चार आतंकी मारे गए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में पिछले 36 घंटों में 9 आतंकी ढेर किए जा चुके हैं। इनमें से चार को उड़ी में एलओसी पार करते हुए मार डाला गया तो पांच को शुक्रवार सुबह कुलगाम में ढेर कर दिया गया। इस बीच जम्मू मंडल के राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में भी समाचार लिखे जाते समय तक मुठभेड़ जारी थी। कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रही। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ स्थल पर पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्करे तौयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का आप्रेशन जारी रहा। आईजीपी कश्मीर विके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को कुलगाम में कुछ आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में एक खुफिया इनपुट मिला था। तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ने एक घर से गोलीबारी की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। लश्करे तौयबा के पांच आतंकवादी मारे गए हैं। बाद में सेना के जवानों ने जिस घर में आतंकी छिपे थे, उसे राकेट लान्चर से उड़ा दिया। आतंकी पांच थे और उन्होंने दो अलग अलग मकानों में ठिकाना बना रखा था। गुरुवार को आधी रात के बाद सुरक्षाबलों ने अपनी तरफ से फायरिंग बंद कर, आतंकियों के ठिकाने की घेराबंदी सख्त कर दी।

### कुलगाम में मारे गए पांचों आतंकी स्थानीय

कुलगाम में मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसमें 4 एके 47 राइफलें, 10 एके-47 मैगजीन, 2 पिस्तौल, 3 पिस्टल मैगजीन, 4 ग्रेनेड और बारूद पाउच शामिल हैं। ये सभी जम्मू-कश्मीर के ही रहने वाले थे। साउथ कश्मीर के शोपियां और कुलगाम में हाल ही में हुई टारगेट कीलिंग में भी यह आतंकी शामिल थे। शोपियां के चोटीगाम के कश्मीरी पंडित सोनू भट्ट और गगरान गांव में बाहरी मजदूरों पर हमला भी इन पांचों आतंकियों ने ही किया था।

# डीपफेक डिजिटल युग के लिए खतरनाक: मोदी

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को डीपफेक टेक्नोलॉजी को खतरा बताया। उन्होंने कहा कि एक वीडियो में मुझे गरबा गीत गाते दिखाया गया है, ऐसे कई वीडियो ऑनलाइन पड़े हुए हैं।

मोदी ने यह भी कहा कि यह समझना बहुत जरूरी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे काम करता है। क्योंकि इसका उपयोग जानबूझकर गलत जानकारी फैलाने या दुर्भावनापूर्ण इरादे के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने यह बातें भाजपा मुख्यालय में दिवाली मिलन कार्यक्रम के दौरान कहीं।



एक वीडियो में मुझे गरबा गाते दिखाया गया, ऐसे कई वीडियो मिल जाएंगे : मोदी

### डीपफेक बनाने व फैलाने पर सजा का प्रावधान

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि डीपफेक बनाने और फैलाने पर एक लाख का जुर्माना और तीन साल की जेल हो सकती है। हाल ही में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और काजोल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पहले रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो आया, जिसमें टेक्नोलॉजी से एक इन्फ्लूएंसर के चेहरे में बड़ी सफाई से रश्मिका का चेहरा मॉर्फ किया गया था।

# बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ

### राज्यपाल ने आरक्षण संशोधन बिल को दी मंजूरी



**पटना,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने आरक्षण संशोधन बिल 2023 को मंजूरी दे दी है। बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। एससी-एसटी, ओबीसी-ईबीसी के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ा। इस संदर्भ में बिहार का सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से गजट प्रकाशन करेगा। उसके बाद यह लागू हो जाएगा। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में विधानसभा और विधान परिषद में सर्वसम्मति से बिल पारित हुआ था। आरक्षण का दायरा 50 से 65 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। ईडब्ल्यूएस के 10 फीसद जोड़कर यह 75 प्रतिशत हो जाएगा।

**तूफान** *बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'मिधिली'*

# बंगाल, ओडिशा समेत आठ राज्यों में होगा असर, अलर्ट जारी

**भुवनेश्वर/कोलकाता, 17 नवम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र साइक्लोन का रूप ले रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, इस साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है। शनिवार 18 नवम्बर की सुबह यह पश्चिम बंगाल के सुंदरवन के पास से गुजरते हुए बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक तट से तूफान टकराएगा।**

इस दौरान इसकी रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटा रहेगी। भारत के 8 राज्यों में इसका असर देखा जाएगा। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, नागालैंड और मेघालय शामिल हैं। आईएमडी ने इन राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### बंगाल के तटीय इलाकों में सबसे ज्यादा असर होगा

आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र में मिधिली का असर सबसे ज्यादा होगा। इनमें पूर्वी मेदनीपुर, कोलकाता, हावड़ा, नादिया, पूर्वी बर्दमान, उत्तर और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। इनके अलावा 20 नवम्बर तक तामिलनाडु और केरल के कुछ इलाकों में इसके कारण हल्के से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडीने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव क्षेत्र नॉर्थ और नॉर्थ-ईस्ट में अभी मौजूद है।



■ बांग्लादेश के खेपुपारा के नजदीक तट से आज टकराएगा तूफान

### भारत में इन जगहों पर होगी भारी बारिश

चक्रवाती तूफान के चलते बंगाल के दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, पूर्वी मेदिनीपुर और कोलकाता में भारी बारिश हो सकती है। ओडिशा के स्पेशल रिलीफ कमिश्नर ने सभी जिला कलेक्टरों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। तूफान के असर से ओडिशा के केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में भारी बारिश हो सकती है। बता दें कि इस तूफान का नाम मिधिली मालदीव द्वारा दिया गया था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से उठने वाले तूफानों से प्रभावित देश चक्रवाती तूफानों का नामकरण करते हैं।

# देश

**उवाच** “ तेलंगाना में मतदाताओं को कांग्रेस, भारत राष्ट्रसमिति (बीआरएस) और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के गुप्त गठबंधन के खिलाफ आगाह किया। ये तीनों पार्टियां विधानसभा चुनाव में राज्य के लोगों को गुमराह करने तथा उनकी आंखों में धूल झोंकने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं:- तरूण चुग, राष्ट्रीय महासचिव भाजपा



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.2 | 12.0 |
| मुंबई | 34.8 | 21.6 |
| कोलकाता | 27.7 | 22.9 |
| चेन्नई | 27.2 | 25.1 |

विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस की जीत से 'प्रजाला तेलंगाना' के स्वर्ण युग की शुरुआत होगीः राहुल गांधी

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा तेलंगाना के लिए घोषणापत्र जारी करने के कुछ घंटों बाद पार्टी नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की जीत से 'प्रजाला तेलंगाना' (जनता का तेलंगाना) के स्वर्ण युग की शुरुआत होगी।

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'कांग्रेस की जीत 'प्रजाला तेलंगाना' के स्वर्ण युग की शुरुआत करेगी। प्रगति भवन का नाम बदलकर 'प्रजा पालन भवन' कर दिया जाएगा, जिसके दरवाजे सभी के लिए हर दिन चौबीसों घंटे खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री और सभी मंत्री लोगों की शिकायतों को सुनने और 72 घंटे के भीतर उनका समाधान करने के लिए नियमित प्रजा दरबार आयोजित करेंगे। एक जवाबदेह, पारदर्शी और लोगों की प्राथमिकता वाले प्रजाला तेलंगाना के निर्माण में हमारे साथ जुड़ें।'

इससे पहले जारी घोषणापत्र में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर दैनिक 'प्रजा दरबार' लगाने, तीन लाख रुपये तक ब्याज मुक्त फसल ऋण देने, कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार के दूसरे आरोपों की न्यायिक जांच कराने, और धरणी पोर्टल को ख़त्म करने का वादा किया गया है।

इसके अलावा पार्टी ने सभी प्रमुख फसलों के लिए एक व्यापक फसल बीमा योजना, हिंदू लड़कियों को इंदिराम्मा उपहार के रूप में एक लाख रुपये और 10 ग्राम सोना और अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों को उनकी शादी के समय एक लाख 60 हजार रुपए, प्रत्येक ऑटो रिक्शा चालक को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये की सहायता



और असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने का वादा किया। कांग्रेस ने धरणी पोर्टल के स्थान पर 'भूमाता' पोर्टल का वादा किया है और आश्वासन दिया है कि उन सभी किसानों को न्याय मिलेगा जिन्होंने अपनी भूमि का अधिकार खो दिया है।

दो महीने पहले घोषित छह गारंटियों के अलावा पार्टी ने 30 नवंबर के चुनावों के लिए घोषणापत्र में विभिन्न वर्गों के लिए कई वादे शामिल किए हैं। खड़गे ने राज्य इकाई के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी, कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क और अन्य नेताओं की उपस्थिति में 'अभय हस्तम' शीर्षक से 42 पेज का घोषणापत्र शुक्रवार को जारी किया। ठीक दो महीने पहले 17 सितंबर को अनावरण की गई छह गारंटी और किसानों, युवाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के लिए पार्टी द्वारा पहले ही जारी की गई घोषणाएं भी घोषणापत्र का हिस्सा हैं।

**मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ आ रही है सत्ता में : राहुल गांधी**

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (दूसरे चरण) में मतदान के साथ, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी दोनों राज्यों में भारी बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है और उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है। अपने घरों से बाहर निकलें, आज भारी संख्या में मतदान करें और ऐसी कांग्रेस सरकार चुनें जिस पर गरीब, किसान, महिलाएं और युवा भरोसा करें।' उन्होंने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वादों पर एक मिनट का वीडियो भी शेयर की। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश की जनता घोटालों, झूठ, लोगों को आपस में लड़ाने की साजिशों और कुर्सी को जागीर समझने की मानसिकता को कड़ा सबक सिखाएगी।' उन्होंने कहा, 'लोग हमें बेहद प्यार और समर्थन दे रहे हैं।'

# मोदी जनता से किए वादे पूरे करते तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होताः शर्मा

**जयपुर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनन्द शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर वह जनता से किए 15 लाख रूपए देने एवं दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने के वादे पूर्ण किये होते तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। श्री शर्मा शुक्रवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किये गये वादे ही पूर्ण नहीं हुये, किन्तु प्रधानमंत्री अब विधायक के लिये वोट मांगते हुये उसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं, क्या प्रधानमंत्री विधायक और



मुख्यमंत्री का भी काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो 15 लाख रूपये देने का, दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था, यदि पूर्ण किया होता तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कथनी और

करनी में अंतर है, यह समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो कहा है वो प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काम करते हैं और कुछ लोग प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार ने जो कल्याणकारी कार्य किये हैं वे

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिएः-आनन्द शर्मा**

सर्वविदित है।

उन्होंने कहा कि जरूरी है कि देश तेजी से आगे बढ़े, किन्तु यह भी सत्य है कि मोदी शासन से पहले भी देश सोया हुआ नहीं था। देश पहले भी मजबूत था और मोदी के प्रकट होने से पहले भी परमाणु शक्ति बन चुका था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब देश की अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर की थी जब हमने सरकार छोड़ी, 2004 में 480 बिलियन डॉलर जीडीपी थी देश की, इतने कम समय में अथक् मेहनत एवं सही नीतियों से देश का विकास करने से यह सम्भव हो सका।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना के मंत्री पर पैसे की पेशकश करने का मामला

महबूबाबाद। तेलंगाना पुलिस ने राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान कथित तौर पर महिलाओं को पैसे की पेशकश करने के आरोप में महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुश्री राठौड़ महबूबाबाद जिले के कोंगरागिद्दर गांव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार शंकर नाइक के समर्थन में प्रचार कर रही थी। इसी दौरान उन पर 'मंगला हरथी' अनुष्ठान में भाग लेने वाली महिलाओं को 4000 रुपए की पेशकश करने का आरोप है। फ्लाइंग क्वाड टीम (एफक्यूटी) की ओर से दायर शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गुडूर पुलिस ने सुश्री राठौड़ के खिलाफ चुनाव नियमों के उल्लंघन के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के साथ ही धारा 171-ई और 171-एच के तहत मामला दर्ज किया है।

### माणिक सरकार ने भाजपा पर ड्रग डीलरों को शरण देने का लगाया आरोप

अगरतला। त्रिपुरा में विपक्षी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर (भाजपा) पर असामाजिक तत्वों, ड्रग डीलरों और सीमा पार अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाया है। माकपा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेता प्रशासन के साथ अपनी घनिष्ठता का दुरुपयोग कर अपने अवैध व्यापार को अंजाम दे रहे हैं हालांकि, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि ऐसे बयान प्रेरित और अपमानजनक हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा कभी किसी तरह के अपराध में शामिल नहीं रही और अपराधियों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। लेकिन अगर कुछ अपराधी अपने निजी उद्देश्यों के लिए भाजपा का नाम लेते हैं, तो पार्टी इसकी जिम्मेदारी नहीं उठा सकती।

### एमपी के छतरपुर में कांग्रेस पार्षद की हत्या

भोपाल। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में मतदान से पहले शुक्रवार तड़के भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के दौरान एक पार्षद की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान खजुराहो के मंजूर नगर गांव के निवासी सलमान खान के रूप में हुई, जिसे कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और उनके समर्थकों से जुड़े वाहनों ने कुचल दिया था। घटना के वक्त पीड़ित के साथ छतरपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा भी थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना राजनगर विधानसभा क्षेत्र में रात करीब 2 बजे हुई।

# बीआरएस के दस साल के शासन में एक दिन भी कर्फ्यू नहीं लगाः केसीआर

**करीमनगर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को करीमनगर में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पचास वर्षों के दौरान पुराने करीमनगर जिले में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं खुला। लेकिन बीआरएस शासन के दौरान चार सरकारी मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं। इसी दस वर्षों के शासन में तेलंगाना प्रति वर्ष दस हजार डॉक्टर पैदा करने की क्षमता तक पहुंच गया है। बीजेपी ने तेलंगाना को एक भी नवोदय स्कूल नहीं दिया है। लोगों को भाजपा को एक भी वोट नहीं देना चाहिए जिसने एक भी मेडिकल कॉलेज या एक नवोदय विद्यालय नहीं दिया। बीआरएस सरकार के दस साल तक शासन में एक दिन के लिए भी कर्फ्यू नहीं लगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने तेलंगाना राज्य आंदोलन का नेतृत्व करते समय 400 लोगों की हत्या कर दी थी। 2004 में कांग्रेस राज्य में तेलंगाना देने के लिए चुनाव में हमारे साथ गठबंधन करके केंद्र और राज्य में सत्ता में आई और तेलंगाना नहीं देकर धोखा दिया। मुझे अलुगुनूर चौराहे पर गिरफ्तार कर लिया गया और खम्मम जेल ले जाया गया। करीमनगर की धरती तेलंगाना आंदोलन में सबसे आगे थे।



मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि जब बी विनोद कुमार सांसद थे तो इसी करीमनगर कस्बे को स्मार्ट सिटी बनाया गया था। इन पांच सालों में वर्तमान बीजेपी सांसद ने क्या किया? देश में बेरोजगारी, गरीबी है, दलित, आदिवासी और बीसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बीआरएस सरकार ने एससी, एसटी, बीसी और अल्पसंख्यकों के लिए 1019 आवासीय विद्यालय स्थापित किए हैं। उन्हें जूनियर कॉलेज बना दिया गया है। गुरुकुलों के बच्चों को नीट, मेडिकल और आईआईटी में सीटें मिल रही हैं। लोगों को उन लोगों पर ध्यान देना चाहिए जो राज्य को प्रगतिशील तरीके से प्रगति के पथ पर ले जा रहे हैं। इस बार करीमनगर में मेरा अनुरोध है कि विकास अवरोधकों को हटा दिया जाए। बीआरएस सरकार में जिस तरह बथुकम्मा और दशहरा त्योहार मनाया जाता है, उसी तरह हम रमजान त्योहार भी मना रहे हैं।

# भाजपा ने बीआरएस, कांग्रेस, एआईएमआईएम के गुप्त गठबंधन के खिलाफ मतदाताओं को किया आगाह

**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने शुक्रवार को तेलंगाना में मतदाताओं को कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति( बीआरएस) और आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के गुप्त गठबंधन के खिलाफ आगाह किया। श्री चुघ ने अपने बयान में कहा कि ये तीनों पार्टियां विधानसभा चुनाव में राज्य के लोगों को गुमराह करने तथा उनकी आंखों में धूल झोंकने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं। यह एक धोखा है कि तीनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। दरअसल उनके पास भाजपा को किनारे रखने और राज्य के मतदाताओं को गुमराह करने की साझा योजना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बीआरएस सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने दो विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उनमें से एक सीट तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने खाली की है, जोकि स्पष्ट रूप से दोनों पार्टियों के बीच मिलीभगत को दर्शाती है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे एआईएमआईएम ने विभाजन के बाद के दिनों में हिंदुओं के खिलाफ विभाजनकारी भूमिका निभाई थी और अब उसी पार्टी ने राज्य में हिंदू विरोधी ताकतों से हाथ मिला लिया है। उन्होंने जनता आह्वान किया कि वे इस खेल को समझें और भाजपा को भारी वोट देकर अपना समर्थन दें।

# राजस्थान में मोदी को नहीं मिल रहा है जनता का समर्थनः पायलट

**टोंक,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा है कि विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। टोंक से कांग्रेस प्रत्याशी श्री पायलट ने शुक्रवार को मीडिया से रूबरू होते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का नेतृत्व अब कर रहा है चिंता, क्योंकि भाजपा का स्थानीय नेतृत्व के कैम्पन में दम नहीं रहा है। दिल्ली के नेता आ रहे है, सब मंत्री-सन्तरी प्रधानमंत्री भी आ रहे हैं, फिर भी उन्हें जनता का कोई समर्थन नही मिल रहा है।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिएः-आनन्द शर्मा**

उन्होंने कहा उन्हें पूरा विश्वास है पब्लिक पर पूरा भरोसा है, इस बार फिर कांग्रेस पार्टी की राजस्थान में सरकार बनेगी। मध्यप्रदेश में चुनाव के दौरान हिंसा की खबरों पर श्री पायलट ने कहा कि निर्वाचन विभाग सख्त कार्रवाई करेगा, शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंसा की कोई जगह नही है, हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि राजस्थान में बहुत अच्छे माहौल में चुनाव सम्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हमारे देश मे एक पर्व की तरह होता है, सबको अधिकार है वोट डालने का, शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो, हार-जीत जनता तय करती है।

# भारत को वैश्विक महाशक्ति और अत्मनिर्भर बनाने का सपना केवल भाजपा ही कर सकती है पूराः गडकरी

**जयपुर,** 17 नवंबर (वार्ता) केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा करते हुए कहा है कि देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने और आत्मनिर्भर भारत का सपना केवल भाजपा ही पूरा कर सकती है। श्री गडकरी ने शुक्रवार को जयपुर के झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए काम करते हुए वह देश के हर एक नागरिक की मजबूती के लिए काम करती है। इसलिए इस चुनाव से ना केवल राजस्थान का बल्कि भारत का भी भाग्य बदलने वाला है। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी की। कर्नल राठौड़ ने आज हाथोज, माचवा, चम्पापुरा, रूंझया मोड़, इंदिरा कॉलोनी, भरत अपार्टमेंट, टैगोर नगर, करणी पैलेस, सिरसी मोड़, सिवार, बिन्दायका, मुकुंदपुरा, नटलालपुरा, श्रीरामपुरा, मीणा वाला, धाभास में जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एक और जहां केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार लगातार देश को मजबूत बनाने का काम कर रही है, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार के चलते सरकार ने जनता की मेहनत की कमाई को जमकर लूटा, प्रदेश में विकास कार्य ठप रहे, भ्रष्टाचार से बनी सड़के पहली बरसात में ही बह गई और प्रदेश की जनता तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पाया।

# मोदी झूठ का जगतगुरुः रमेश

**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें झूठ का जगतगुरु करार दिया है। श्री रमेश ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है और भाजपा के घोषणा पत्र में कम से कम 20 झूठ हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव चेहरे का नहीं बल्कि विरोधी विचारधारा का चुनाव है। उन्होंने राज्य में गहलोत सरकार 500 रूपए में सभी को सिलेंडर उपलब्ध करा रही है जबकि भाजपा के घोषणा पत्र में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 में सिलेंडर दिये जाने की बात कही गई जो गुमराह करती है। उन्होंने कहा कि अन्य योजनाओं के लिये भी भाजपा अब 'मोदी गारंटी' का सहारा ले रही है जबकि राजस्थान की गहलोत सरकार 'नई सात गारंटी' के साथ चुनावी मैदान में है और इन गारंटी को सरकार बनने के पहले ही दिन से लागू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनकल्याण योजना और गारंटी राहत के दम पर जनादेश मांगा जा रहा है और दावा है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनेगी। उन्होंने भाजपा नेताओं पर ध्रुवीकरण करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं कांग्रेस से घबरा रहे हैं, बौखला रहे हैं और मतदान का बटन फांसी की सजा मिलने की तरह दबाने का बयान दे रहे हैं।



श्री रमेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस के लिए संगठनात्मक दृष्टि से अच्छा बताते हुए कहा कि इससे नई शक्ति और ऊर्जा का संचार हुआ।

# अजहरुद्दीन के साथ क्रिकेट खेलें, लेकिन उन्हें वोट न दें : केटीआर

**हैदराबाद,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शुक्रवार को जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं से कहा कि वे मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ क्रिकेट खेलें, लेकिन वोट बीआरएस उम्मीदवार को दें। भारत के पूर्व कप्तान अज़हरुद्दीन जुबली हिल्स में कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, जबकि बीआरएस के मौजूदा विधायक मगंती गोपीनाथ फिर से इसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



केटीआर ने शुक्रवार को निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो किया। उन्होंने ने मतदाताओं को सलाह दी कि जब अज़हरुद्दीन उनके पड़ोस में आएं तो अपने बच्चों को उनके साथ क्रिकेट खेलने के लिए कहें, लेकिन अपना वोट केवल गोपीनाथ के पक्ष में ही डालें।

बीआरएस नेता ने उर्दू में बोलते हुए लोगों से पूछा कि क्या अज़हरुद्दीन को कभी रहमत नगर, बोराबंदा और एर्रागड्डा जैसे इलाकों में देखा गया था। क्या उन्हें निर्वाचन क्षेत्र की कॉलोनियों या समस्याओं के बारे में भी पता है? क्या चुनाव खत्म होने के बाद उन्हें देखा जाएगा। केटीआर ने यह भी कहा कि अज़हरुद्दीन ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन चुनाव के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि जुबली हिल्स में भी ऐसा ही होगा। बीआरएस नेता ने सभा को बताया कि वह भी अज़हर के फैंन हैं। 'हम भी अज़हरुद्दीन के फैंन हैं। वह एक महान क्रिकेटर थे, लेकिन एक महान राजनेता नहीं।' केटीआर ने यह भी कहा कि बड़े खिलाड़ियों और फिल्मस्टारों को काम नहीं मिलेगा, लेकिन गोपीनाथ जैसा आम आदमी उन्हें काम दिला देगा। उन्होंने कहा, 'लोगों ने कांग्रेस को 11 मौके दिए लेकिन पार्टी ने उन्हें हर बार धोखा दिया।

# मतदान के प्रति बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह, 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर किया मतदान

**भोपाल,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान में बुजुर्गो में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। सोनकच्छ विधानसभा के भौंरासा की 96 वर्ष की सजनबाई ने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदान केन्द्र पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर उत्साह से फोटो भी खिचवायी। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गई थी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए। मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया। मतदान केंद्रों पर बैठक व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं भी की गयी।

## मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैंः चुनाव आयोग

भोपाल। 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा में एकल चरण के चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान जारी है।चुनाव आयोग ने कहा, 'बड़ी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैं।' मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जो सीहोर जिले के अपने गृह नगर बुधनी से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपनी पत्नी साधना सिंह और बेटे कार्तिकेय चौहान के साथ वोट डाला। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी पत्नी आशा विजयवर्गीय के साथ इंदौर-1 में वोट डाला। विजयवर्गीय इंदौर-3 सीट से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वह 10 साल बाद चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, जो क्रमश: दतिया और नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, ने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ, जो अपने गढ़ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अपने बेटे और छिंदवाड़ा-इंदवारा सांसद नकुल नाथ के साथ वोट डाला।

निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाए की गयी।

मतदान केन्द्रों पर बनाये गये सेल्फी पाईंट पर मतदाता मतदान के बाद सेल्फी ले रहे हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी। जिले में आदर्श और पिंक मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार व्यवस्थाए की गयी। आदर्श मतदान केंद्रों पर स्वागत द्वार बनाए गए।



मतदाताओं का स्वागत रेड कारपेट से किया।

देवास जिले के बुजुर्गों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिला। नगर परिषद खातेगांव के पोलिंग बूथ 176 मंडी प्रांगण में जाकर 103 वर्षीय मांगीलाल बेनीवाल ने मतदान किया। मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले में सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पीने के पानी, लाइट, शौचालय, दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक मतदान कर सके, इसके लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गयी।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से की दिमनी विधानसभा में फर्जी मतदान और उपद्रव की शिकायत

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान और उपद्रव किए जाने की शिकायत चुनाव आयोग से करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ज्ञापन में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा है कि मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी मुरैना को विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान और उपद्रव की शिकायत की गई है। प्रतिनिधि मंडल ने मतदान केंद्रों पर उपद्रव करने व फर्जी मतदान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक दिन ठाकुर जूस वाले की दुकान पर गया
ठाकुर - जल्दी से जूस पिला दे .. लड़ाई होने वाली है।
एक गिलास पीने के बाद...
ठाकुर - एक और पिला दे, लड़ाई होने वाली है।
जूस वाले ने 5-7 गिलास जूस और दिया और पूछा भाई लड़ाई कब होने वाली है ?
ठाकुर जब तू पैसे मांगेगा।

# छठ से पहले आतिशी ने किया आईटीओ घाट का दौरा

**■ छठ की तैयारियों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: मंत्री**

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आईटीओ और पश्चिम विनोद नगर में छठ घाटों का दौरा किया व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार तैयारियों में कोई कमी नहीं रहने देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग रहते हैं जो दिल्ली के विकास में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से योगदान देते हैं। आतिशी ने कहा कि छठ उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस सिलसिले में पिछले आठ वर्षों से अरविंद केजरीवाल सरकार पूरी दिल्ली में भव्य तरीके से छठ महापर्व का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में छठ की तैयारियों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल के निर्देश पर सभी विधायक और विभाग के लोग ग्राउंड जीरो पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए 1,000 से ज्यादा घाट बनाए हैं ताकि लोग अपने घरों के आसपास ही यह पर्व मना सकें। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इन घाटों पर तालाब निर्माण से लेकर टेंट,



प्रकाश, स्वच्छता, सुरक्षा आदि सभी चीजें मुहैया कराने तक सारा इंतजाम कर रही है।

इसके अलावा कई घाटों पर मैथिली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली में हमारे पूर्वांचली भाई-बहन खुशी, शांति और उत्साह से छठ का पावन पर्व मना सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को घाटों को तैयार करने का काम जल्दी से पूरा करने का निर्देश दिया। चार दिवसीय यह छठ पर्व 17 नवंबर को शुरू हो रहा है। इसमें श्रद्धालु उपवास रखते हैं तथा आखिरी दो दिन सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

## भाजपा पार्षदों ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने शुक्रवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद योगेश वर्मा व भाजपा के अन्य पार्षद विभिन्न स्थानों पर उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के मद्देनज़र आज भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में छठ घाटों का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान यह देखा गया है कि छठ घाटों के हालात बहुत ही ख़राब है। उन्होंने बताया कि पूजा के लिए ज़रूरी इंतज़ाम तक दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार द्वारा नहीं किए गए हैं। लगभग सभी घाटों पर गंदा पानी जमा है, सफ़ाई के इंतज़ाम नहीं है, प्रकाश की व्यवस्था नहीं है, व जगह जगह मच्छरों की उत्पत्ति भी देखी जा सकती है। उन्होंने बताया कि लगभग सभी छठ घाटों के आस पास कूड़े के ढेर लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि इस बात से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम ने छठ पूजा के मद्देनज़र किस तरह की तैयारियां की है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के मेयर से माँग की कि छट पूजा के महान पर्व से पहले सभी छठ घाटों की सफाई, शाम के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, घाटों पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के खिलाफ निवारक उपाय विशेष रूप से सुबह और देर शाम और घाटों पर मोबाइल डिस्पेंसरी की तैनाती को सुनिश्चित करने की जाए ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि दिल्ली में काफी बड़ी संख्या में पूर्वांचलवासी लोग रहते हैं। छठ पर्व पूर्वांचलवासियों के लिए सूर्य उपासना व आस्था का महान पर्व हैं और उस दिन पूर्वांचलवासी इसका आयोजन बहुत हर्षोउल्लास व जोर-शोर करते हैं जिसके लिए जरूरी है कि छठ घाटों पर सभी व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन हो यह दिल्ली नगर निगम द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने का होगा प्रयास

**■ 24-25 नवम्बर को कैप्सी की 18वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन**

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सुरक्षा की संस्कृति विकसित करने के लिए हम एक सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि इस क्षेत्र में वृद्धि संभव हो। इसकी मदद से हम एक सामूहिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे, जो सर्तकता, अनुकूलन क्षमता एवं सहयोग को महत्व दे। यह कहना है सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री कैप्सी चेयरमैन कुवर विक्रम सिंह का। शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कुवर विक्रम सिंह ने बताया कि कैप्सी की 18वीं वार्षिक सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 24-25 नवम्बर, 2023 को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होने जा रही है, जिसकी मेजबानी सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ गुजरात सैग द्वारा की जाएगी। यह कॉन्फ्रेंस प्राइवेट सिक्योरिटी के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व कार्यक्रम होगी, जिसमें पूरी दुनिया के सिक्योरिटी विशेषज्ञ, प्रोफेशनल्स, और वैचारिक नेतृत्वकर्ता हिस्सा लेंगे। सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 2023 में लगभग 500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनमें यूके की क्लियरस्पीड इंक. और नीदरलैंड्स की



काउंसिल ऑफ इंटरनेशनल इन्वेस्टिगेटर्स के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि भी मौजूद होंगे। इस कॉन्फ्रेंस में बड़े अभियानों का अनावरण किया जाएगा, जो सभी एक नई राष्ट्रीय सुरक्षा संस्कृति का विकास करने पर केंद्रित होंगे। इस कार्यक्रम द्वारा नेतृत्वकर्ताओं और विशेषज्ञों को सुरक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए मिलकर काम करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन और गठबंधनों का विकास करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा। इस कॉन्फ्रेंस में जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री, सडक़, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा हर्ष संघवी, माननीय गृहमंत्री, गुजरात मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे।

## सार संक्षेप

### दिल्ली में साहित्य उत्सव 24 से 26 नवंबर के बीच

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य के सबसे बड़े साहित्यिक उत्सव साहित्य आजतक का छठा संस्करण 24-26 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अयोजिय होगा। साहित्य की दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों को एक साथ लाने वाले इस सबसे बड़े संगम के माहौल का आनंद लेने के लिए निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। मंच पर आलोक यादव,मंडन मोहन दानिश,अंजुम रहबर,फरहत एहसास, फहमी बदायूँनी, इक़बाल अशहर,जुबैर अली ताबिश,मोईन शादाब, अरविन्द गौड़ ओशो जैन, अशोक वाजपेई, सपना मूलचंदानी हिना रिज़वी,आयशा अयूब,राबिया खानम,एलेना इट्रैट आदि वक्त अपने विचार रखेंगे। ज्ञात ही कि 2022 में रिकॉर्ड दो लाख लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। इस वर्ष, यह पहले से कहीं अधिक बड़ा और बेहतर बनने के लिए तैयार है।

### हॉकी इंडिया सीनियर विमेन नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की तीसरी सीनियर विमेन इंटर डिपार्टमेंटल नेशनल चैंपियनशिप 2023 का उद्घाटन शिवाजी स्टेडियम में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा किया गया। दिल्ली में आयोजित इस मेगा इंवेंट में फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा मेडिकल पार्टनर के रूप में शामिल है। हॉस्पिटल तरफ से खिलाड़ियों के लिए एम्बुलेंस सहायता, प्राथमिक चिकित्सा सहायता, फिजियोथेरेपी, इंटरनल मेडिसिन कवरेज और बी.पी.,शुगर जांच इत्यादि की सुविधा निशुल्क प्रदान की गई है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के फेसिलिटी डायरेक्टर श्री प्रमित मिश्रा ने कहा कि हम दिल्ली में होने वाले इस मेगा स्पोर्ट्स इवेंट का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस इवेंट में देश भर की टीमों के रोमांचक हॉकी मैच खेले जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए मेडिकल पार्टनर के रूप में फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं।

### छात्रों को मजबूत बनाने के लिए किया करार

नई दिल्ली। छात्रों को मजबूत बनाने के लिए ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल ने टीओईएफएल और जीआरई जैसे परीक्षणों में उनकी दक्षता कौशल को और बढ़ाकर छात्रों की बेहतरी के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग छात्रवृत्ति, पंजीकरण भत्ते और एडवांस रिसर्च तैयारी सीखने के समर्थन जैसी कई पहल शुरू करने के लिए तैयार है। ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल मिलकर मेधावी छात्रों को डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ पांच लाख की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, जीआरई और टीओईएफएल दोनों के लिए एक साथ पंजीकरण कराने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर ईटीएस इंडिया और दक्षिण एशिया के कंट्री मैनेजर, सचिन जैन ने कहा कि हमें एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हमारे ठोस प्रयास कल के लीडर्स के लिए रास्ते तय करेंगे। हमारे मजबूत परीक्षण प्लेटफार्मों के माध्यम से उनकी शैक्षणिक महत्वाकांक्षाओं और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को सुविधाजनक बनाएंगे। वहीं, एलन ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अमन माहेश्वरी ने कहा कि हम ईटीएस इंडिया के साथ अपने सहयोग की शुरुआत की घोषणा करते हुए वास्तव में उत्साहित हैं। यह रोमांचक उद्यम एक साझा यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, और हम उन अवसरों और उपलब्धियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो एक साथ काम करने पर सामने आएंगी।

# खाली सीटें बता रही हैं कि अरविंद केजरीवाल का अपने पार्टी कैडर से संपर्क टूट गया है: वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उनकी पार्टी के सम्मेलन में दिया गया भाषण एक हास्यास्पद भाषण है और आधे खाली सम्मेलन स्टेडियम और उपस्थित लोगों के बीच उत्साह की कमी से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल का अपनी पार्टी कैडर से संपर्क टूट गया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली के लोगों को सीएम केजरीवाल का यह दावा एक बड़ा मजाक लगा है कि आम आदमी पार्टी सबसे तेजी से बढ़ने वाली पार्टी है और लोग कह रहे हैं कि सीएम को पूरा बयान देना चाहिए था कि आप सबसे तेजी से बढ़ने वाली भ्रष्टाचार की फैक्ट्री है।



सीएम केजरीवाल के दावे कि एक दिन उनकी पार्टी सभी दलों को पीछे छोड़ देगी और देश पर शासन करेगी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अरविंद केजरीवाल पहले ही सभी दलों को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद में बहुत पीछे छोड़ चुके हैं।

आप पहली पार्टी बन गई है जिसके दिल्ली से 2 और पंजाब से 1 राज्य सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार घोटालों में शामिल होने के कारण जेल में हैं। श्री सचदेवा ने कहा है कि जब सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम जनता की सहमति के बिना कुछ नहीं करेंगे, तो दिल्ली की जनता की तरह सम्मेलन में मौजूद आप कैडर भी अपनी मुस्कान नहीं छिपा सके। दिल्ली की जनता केजरीवाल से पूछ रही है कि क्या उन्होंने शराब घोटाले, जल बोर्ड घोटाले के अलावा जो दर्जनों घोटाले किये या आलीशान बंगला घोटाला किया वह जनता से पूछ के किये।

# मनजिंदर सिंह सिरसा का असली चेहरा पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है: सरना



**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। हम काफी समय से कहते आ रहे हैं कि मनजिंदर सिंह सिरसा सिख के भेष में छिपा हुआ एक बहरूपिया है, जिसके दिल में सिखों के लिए कोई दर्द नहीं है लेकिन वह अपने लालच के लिए कुछ भी कर सकता है। हाल ही में मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के साथ मिलकर 10,000 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर किया गया है. और उससे भी बुरी बात यह है कि मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस काम के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जैसी प्रतिष्ठित संस्था बनाई। इससे हमारी बात पूरी तरह सत्यापित हो गई है। ये शब्द शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष ने परमजीत सिंह सरना ने एक बयान में दर्ज किए।

और आज मनजिंदर सिंह सिरसा का असली घिनौना चेहरा पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि जो व्यक्ति किसान आंदोलन के दौरान खुद को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष साबित कर रहा था, वह किसान संघर्ष का सबसे बड़ा हितैषी था। वही व्यक्ति किसान संघर्ष के मुख्य प्रतिद्वंद्वी केंद्रीय कृषि मंत्री के बेटे के साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष के रूप में कमेटी के खातों और उसके नाम का दुरुपयोग करके डील कर रहा था।

# राहुल गांधी पर मानहानि का केस दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी को मिला इनाम

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मोदी सरनेम मामले में मानहानि को केस दर्ज कराने वाले गुजरात के सरकार के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी को भाजपा ने बडी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें दादरा नगर हवेली और दमन का राज्य प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। 58 वर्षीय मोदी फिलहाल सूरत पश्चिम से विधायक हैं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतू खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | भाग-एः (ए) नंबर प्लेट और बांड प्रदान करके (बी) बंदर-रोधी चढ़ाई उपकरण का प्रावधान करके ट्रैक्शन वितरण परिसपतियों में सुधार/संवर्द्धन। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 1,28,28,535.50/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 2,14,200/- |
| 4. | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 29.11.2023 (10.30 बजे) से 13.12.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 13.12.2023 (15.00 बजे) |
| 6. | निविदा छपाई की लागत | RRSK (29366203) |
| 7. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 35-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24
दिनांकः 15.11.2023 3584/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बुजुर्गों की संस्थागत देखभाल समय की जरूरत: डॉ. सौरभ




**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि बुजुर्गों की संस्थागत देखभाल समय की मांग है और इसे टाला नहीं जा सकता। यह एक पुरानी अवधारणा है और सांस्कृतिक परंपराओं में भी घर पर उम्र बढ़ने को आम तौर पर स्वीकार किया जाता है और प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन इसके साथ ही संस्थागत देखभाल कुछ हद तक आवश्यक है और जरूरी है, जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा इसकी और अधिक आवश्यकता होगी सचिव ने चौथे एएसएलआई एजिंग फेस्ट में कहा।

एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया असली एक प्रमुख राष्ट्रीय स्वैच्छिक सदस्यता संघ है जो संचार मंच स्थापित करके वृद्ध आबादी की जरूरतों को पस्तुत करता है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध देखभाल के विविध मॉडल और गुणवत्ता देखभाल के आवश्यक सिद्धांतों के बारे में जागरूक करता है।

एसोसिएशन ऑफ सीनियर लिविंग इंडिया असली के अध्यक्ष, आदर्श नरहरि ने कहा कि उनका संघ नियमित उद्योग बैठक और कार्यक्रमों का आयोजन करके उद्योग के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य परिचालन मानकों को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और बढ़ाना है। वरिष्ठ देखभाल क्षेत्र के बारे में जागरूकता।

# सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निपटान किया गया

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नरेला जोन में कार्यरत सभी श्रेणी के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निपटान के लिए गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत की अध्यक्षता में जोन उपायुक्त वीर सिंह यादव, सहायक आयुक्त, प्रशासनिक अधिकारी, श्रम कल्याण अधिकारी, सफाई अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ हुई। बैठक में सैंकड़ों सफाई कर्मचारी के अलावा विभिन्न ट्रेड यूनियन नेताओं ने भी हिस्सा लिया। बैठक में कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई, जिनमे प्रमुख रूप से वर्ष 1-4-1998 से 31 मार्च 2000 तक नियमित होने वाले कर्मचारियों के कार्य में तेजी लाने, करूणामूलक आधार नियुक्ति पर क्षेत्रीय स्तर पर सरलीकरण, गठित बोर्ड में तीव्रता से फाइलें भेजना, प्रमोशन, सफाई कर्मचारियों के लिए औजारों की समस्या इत्यादि पर वार्तालाप हुई। आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने नरेला जोन में उपायुक्त द्वारा डेम्स सेवा केंद्र की वेबसाइट बनाने पर सराहना की और कहा कि इस बाबत कर्मचारियों के कार्य को सरलीकरण बनाने के लिए बाकी बचे हुए 11 जोनों में भी इसी तर्ज पर वेबसाइट बनाने के लिए सिफारिश की जाएगी।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (थोमसन रोड रेल टेल टावर के निकट NE-2) पर ट्रक/टेम्पो/कार्गो पार्किंग एवं पार्सलों के प्रबंधन और स्टैकिंग (कुल क्षेत्र 2601.34 वर्ग मीटर में) के लिये आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई-निविदा मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां के द्वारा पांच वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है। |
|---|---|
| 02.12.2023 को प्रातः 11:00 बजे | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (थोमसन रोड रेल टेल टावर के निकट NE-2) पर ट्रक/टेम्पो/कार्गो पार्किंग एवं पार्सलों के प्रबंधन और स्टैकिंग (कुल क्षेत्र 2601.34 वर्ग मीटर) के लिये 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को visit **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। 3608/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**संकट** *अभी प्रदूषण से राहत नही*

# दिल्ली में एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली, 17 नवम्बर (आईएएनएस)। दिल्ली में शुक्रवार शाम एक बार वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई और शहर का समग्र एक्यूआई 398 दर्ज किया गया। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के आंकड़ों में यह बात सामने आई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के शाम छह बजे के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में पीएम2.5 का स्तर 133 और पीएम10 का स्तर 185 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) भी 106 के साथ 'मध्यम' श्रेणी में रहा।**

एक्यूआई का स्तर शून्य और 50 के बीच 'अच्छा' माना जाता है। इसे 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक'; 101 और 200 के बीच 'मध्यम'; 201 और 300 के बीच 'खराब'; 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब'; और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। बवाना में पीएम2.5 का स्तर 318 या 'बहुत खराब' श्रेणी और पीएम10 का स्तर 254 या 'खराब' श्रेणी में था। सीओ 70 या 'संतोषजनक' स्तर पर था। आया नगर में, पीएम 2.5 'खराब' श्रेणी के तहत 224 पर पहुंच गया, जबकि पीएम 10 'मध्यम' श्रेणी के तहत 178 पर था। सीओ का स्तर 'संतोषजनक' श्रेणी के तहत 66 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर-8 में पीएम10 का स्तर 452 या 'गंभीर' और पीएम2.5 का 341 या 'बहुत खराब' दर्ज किया गया।



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में थी। यहां पीएम2.5 का स्तर 315 और पीएम10 का 202 दर्ज किया गया। सीओ का स्तर 98 और एनओ2 का 53 के साथ 'संतोषजनक' श्रेणी में रहा। ओखला फेज-2 में पीएम2.5 का स्तर 297 दर्ज किया गया, जबकि पीएम10 का स्तर 279 तक पहुंच गया, दोनों 'खराब' श्रेणी में आते हैं। एनओ2 का स्तर 169 पर और सीओ का 117 पर दर्ज किया गया था। दोनों 'मध्यम' स्तर पर थे। सिरी फोर्ट में पीएम2.5 सांद्रता के साथ एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी के तहत 328 पर था, जबकि पीएम10 का स्तर 244 पर 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। यहां सीओ का स्तर 102 पर 'मध्यम' श्रेणी में था।


**अतिरिक्त त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी-2023**

त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष रेलगाड़ी निम्न समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:

**02265/02266 नई दिल्ली-साबरमती-नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02265 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02265 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02266 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02266 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 17:00 | नई दिल्ली | 19:05 | — |
| 19:20 | 19:23 | अलवर जं. | 15:40 | 15:43 |
| 21:20 | 21:30 | जयपुर जं. | 13:00 | 13:10 |
| 23:35 | 23:40 | अजमेर | 10:05 | 10:15 |
| 02:12 | 02:14 | फालना | 07:04 | 07:06 |
| 03:40 | 03:50 | आबू रोड | 05:45 | 05:55 |
| 04:45 | 04:47 | पालनपुर जं. | 05:00 | 05:02 |
| 07:15 | — | साबरमती | — | 02:30 |

चलने के दिन : 02265 नई दिल्ली से दिनांक 18.11.2023 को एवं 02266 साबरमती से दिनांक 20.11.2023 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनमी एवं शयनयान

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
3624/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं ने घर- घर जाकर समुदाय को मच्छर जनित बीमारियों-डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव के लिए बेहतर व्यवहार को अपनाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता सामान्य लक्षणों के आधार पर संभावित मरीजों को चिन्हित करती हैं।

**श्रुति कीर्ति वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी**

## अधिकारियों सहित नगर आयुक्त ने लिया छठ घाटों का जायजा

**गाजियाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आज महापर्व छठ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



विभागीय अधिकारियों सहित नगर आयुक्त करेड़ा तथा हिंडन नदी मुख्य छठ घाट का निरीक्षण करने पहुंचे, मौके पर साफ सफाई, बैरिकेडिंग, रंगाई पुताई, चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। घाटों को इस वर्ष व्यवस्थित करने के साथ-साथ आकर्षक बनाने में भी रुचि दिखा रही हैं जिसके लिए विशेष प्रबंध भी किए गए हैं।

- **श्रद्धालुओं को न हो असुविधा, स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान : नगर आयुक्त**
- **लेजर लाइट से आकर्षक दिखेगा छठ घाट, निगम ने सीसीटीवी कैमरा व कंट्रोल रूम का किया इंतजाम**

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा छठ घाटों पर आगंतुकों तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रह श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल प्रकाश व्यवस्था चेंजिंग रूम की व्यवस्था कराई जा रही है। मुख्य छठ घाट हिंडन नदी पर लेजर लाइट के माध्यम से छठ घाट को आकर्षक बनाने का प्रयास चल रहा है, घाटों पर सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जा रहे हैं तथा व्यवस्था को संभालने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा, नगर आयुक्त महोदय द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया तथा बेहतर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं।

नगर आयुक्त ने हिंडन नदी छठ घाट तथा अन्य छठ घाटों को को पूर्णतया प्लास्टिक फ्री रखने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा होल्डिंग के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है, नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा, व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कहा मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, प्रभारी प्रकाश आस कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, प्रभारी उद्यान अनुज व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही।

## अंतिम चरण में छठ की तैयारी, 19 से लागू होगा रूट डायवर्जन प्लान



**नोएडा,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में छठ पूजा को लेकर घाटों का निर्माण अंतिम चरण में है। शनिवार शाम को घाटों में पानी भर दिया जाएगा। इसमें गंगाजल भरा जाएगा। इसके बाद इसे फूलों से सजाया जाएगा। छठ पूजा पर लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए घाटो पर पर्याप्त लाइटिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। व्रतियों के लिए प्रसाद और चेजिंग रूम की व्यवस्था भी गई है। नोएडा में सबसे बड़ा घाट नोएडा स्टेडियम में करीब 140 फीट लंबा बनाया गया है। इसके अलावा कालिंदी कुंज यमुना घाट और अन्य स्थानों पर भी घाट का निर्माण किया गया है।

छठ पूजा के मद्देनजर यातायात पुलिस की ओर से ट्रैफिक डायवर्जन 19 नवम्बर से लागू रहेगा। महामाया फ्लाईओवर से कालिंदी कुंज जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। महामाया फ्लाईओवर से कालिंदी कुंज होकर सरिता विहार दिल्ली की तरफ जाने वाले मार्ग, हरनंदी पुल कुलेसरा पर भारी वाहनों के लिए डायवर्जन होगा। यातायात पुलिस से मिली जानकारी महामाया फ्लाईओवर से सरिता विहार होकर दिल्ली जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग और हिंडन पुल कुलेसरा पर भारी वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को चरखा गोलचक्कर से डायवर्जन किया जाएगा। वाहन चालकों को डीएनडी और चिल्ला होकर दिल्ली जाना होगा। आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों का भी डायवर्जन किया जाएगा।

महामाया फ्लाई ओवर के ऊपर सेक्टर-37 की तरफ से आने वाले मार्ग पर आवश्यकता पड़ने पर भारी वाहनों का डायवर्जन फ्लाईओवर समाप्ति पर गौशाला गोलचक्कर से चरखा गोलचक्कर की ओर किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों का भी डायवर्जन किया जाएगा। इसमें हरनंदी कुलेसरा पर सूरजपुर की ओर से फेज-2 जाने वाला भारी यातायात आवश्यकता पड़ने पर कच्ची सड़क तिराहा से किसान चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर हल्के वाहनों को भी डायवर्जन किया जाएगा। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने कहा कि जहां-जहां भी घाट बने हैं, वहां यातायात पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे, जिससे छठ वृतियों को परेशानी और जाम का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर फोन कर सकते हैं।

## नगर निगम ने भूमाफियाओं के कब्जे से तीन करोड़ मूल्य की भूमि मुक्त कराई



**महापौर ने दिए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश**

**गाजियाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम ने शुक्रवार को अर्थला इलाके में भूमाफिया के कब्जे से 730 वर्ग मीटर भूमि मुक्त कराई। इस भूमि का बाजारी मूल्य तीन करोड़ रुपए से ज्यादा है।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि अभी तक इनके कार्यकाल ने नगर निगम 100 करोड़ से ज्यादा मूल्य की भूमि माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई जा चुकी है। इसी क्रम में आज अर्थला गांव स्थित खसरा न 1330 में 730 वर्गमीटर भूमि कब्जा मुक्त कराई है उक्त भूमि की किमत लगभग 3 करोड़ है। उपरोक्त भूमि पर पूर्व में भी कब्जा किया जा रहा था जिसको हटवाया गया था लेकिन कुछ रोज पहले भूमि पर कब्जे की दोबारा सूचना मिली जिसको लेकर सम्पत्ति अधिकारी को फोन कर कब्जा मुक्त करने के आदेश दिए और आज सम्पत्ति अधीक्षक भोला नाथ ने पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि को फिरसे कब्जा मुक्त करवाया है। यह कब्जा मोहमद आजाद पुद्वारा कब्जा किया जा रहा था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सार संक्षेप**

### लेखपाल के वीडियो की जांच करेगी कमेटी

**नोएडा।** पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल मनोज कुमार के घूस लेते हुए कथित वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो को संज्ञान में लेते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बना दी है। इस कमेटी में तीन सदस्य हैं। जिसमें विशेषकार्य अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, डीजीएम सिविल श्रीपाल भाटी और सहायक महाप्रबंधक शोभा कुशवाहा को शामिल किया गया है इन तीनों को अपनी रिपोर्ट तीन कार्य दिवस में सीईओ को देनी होगी रिपोर्ट के अनुसार सीईओ एक्शन लेंगे।

### नोएडा कमिश्नरेट से 283 पुलिसकर्मी होंगे रिलीव

**नोएडा।** नोएडा कमिश्नरी से 19 नवम्बर को एक साथ 283 पुलिसकर्मी रिलीव किए जाएंगे। इनमें छह थानेदार, 47 इंस्पेक्टर,136 दारोगा और 130 हेड कांस्टेबल हैं। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने इन्हें रिलीव करने के आदेश जारी किए। माना जा रहा है कि रविवार को कमिश्नरी के थानों में बड़े पैमाने पर बदलाव होगा। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बबलू कुमार के ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित होने वाले पुलिस कर्मियों को एक साथ 19 नवम्बर को कमिश्नरी से रिलीव किया जाएगा। रिलीव होने वाले इंस्पेक्टरों में सेक्टर-58 के थाना प्रभारी संजय सिंह का स्थानांतरण लखनऊ कमिश्नरी के लिए, बिसरख के थाना प्रभारी अनिल राजपूत का गाजियाबाद, बादलपुर के प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह का आगरा, सेक्टर 63 के प्रभारी अमित मान का आगरा किया गया। इसके अलावा कासना के प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल का कानपुर नगर और रबुपुरा के प्रभारी सुधीर कुमार का कानपुर कमिश्नरेट के लिए स्थानांतरण किया है। इसके अलावा 136 दारोगा और 130 हैडकांस्टेबल का भी स्थानांतरण हुआ है, जिन्हें रिलीव किया जाएगा। इनके स्थान पर कमिश्नरी में अन्य जनपदों से स्थानांतरित होकर पुलिसकर्मी पहुंचने लगे हैं।

### किडजानिया इंडिया ने मनाया दिवाली उत्सव

**नोएडा।** फैमिली दिवाली किडजानिया वाली ने किडज़ानिया को रोशनियों, कला और खुशियों से जगमग किया आनंद एवं प्रकाश के पर्व दीपावली की आमद किडज़ानिया इंडिया के लिए उत्साह और उल्लास लेकर आई। किडज़ानिया इंडिया ने इस भव्य त्योहार का उत्सव एक विशिष्ट तरीके से और समृद्धकारी अनुभव के साथ मनाया। किडज़ानिया दिल्ली एनसीआर में परिवारों को फैमिली दिवाली किडज़ानिया वाली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम 16 नवम्बर 2023 को आयोजित किया गया। यह उत्सव 10 नवम्बर 2023 से आरंभ हुआ और 19 नवंबर 2023 तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत कला, संस्कृति व पारिवारिक आनंद के माध्यम से दिवाली की परम्परागत भावना को फिर से जीवंत किया जाएगा। फैमिली दिवाली किडज़ानिया वाली एक आयोजन मात्र नहीं था, यह भारत के कुम्हारों की कला एवं कारीगरी का जश्न था, इसके जरिए मिट्टी के दीयों की मोहकता को वापस लाया गया और इन शिल्पकारों की प्रतिभा को सहयोग दिया गया।

## सिंगर फाजिलपुरिया का गांव है राहुल का वेयरहाउस

**नोएडा,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। एल्विश केस में राहुल की रिमांड शनिवार दोपहर को पूरी हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच राहुल यादव को वापस लुक्सर जेल भेज दिया गया। उसे एक दिन पहले पुलिस अपने साथ हरियाणा के फाजिलपुर गांव लेकर गई थी। वहां से पुलिस ने दो कोबरा सांप रेस्क्यू किए। ये सांप रेव पार्टी में ले जाने के लिए यहां तस्कर करके लाए गए थे। सूत्रों ने बताया कि फाजिलपुर गांव की राहुल यादव का वेयरहाउस था। जहां वो बदरपुर से सांप लाकर रखता था। ये गांव सिंगर फाजिलपुरिया का है। पूछताछ में राहुल ने बताया कि कुछ सांप बदरपुर के गांव में नहीं मिलते है। इसलिए उनको राजस्थान, गुजरात और अन्य राज्यों से लाकर सीधे फाजिलपुर गांव में रखते थे। राहुल ने बताया था कि उसने अधिकतर पार्टी फाजिलपुर गांव में की। सांप वहीं रखने से ट्रांसपोटेशन के दौरान पुलिस और वन विभाग का खतरा नहीं होता है। रिकवर किए गए दोनों अजगर वन विभाग को सौंप दिए गए है। इनका मेडिकल परिक्षण कराया जाएगा और जंगल में छोड़ा जाएगा।

**नोएडा पुलिस ने राहुल की निशानदेही पर रिकवर किए दो कोबरा**

### एल्विश और फाजिलपुरिया के बीच क्या है संबंध इसके बारे में पूछे गए सवाल

सांप रिकवर होने के बाद पुलिस का शक और गहरा हो गया कि राहुल फाजिलपुरिया और एल्विश के लिए सीधे काम करता है। हालांकि वो बार बार मीडिएटर की ही हवाला पुलिस को देर रहा है। इस बीच पुलिस ने राहुल से एल्विश और फाजिलपुरिया के बीच के संबंध को खंगाला। पूछा गया कि कितनी पार्टी में फाजिलपुरिया और एल्विश दोनों साथ-साथ थे। उनके साथ और कौन कौन थे। राहुल उनसे मिला कि नहीं।

### जयपुर से वेनम की रिपोर्ट आने का इंतजार

स्टिंग के दौरान बरामद किए गए 20 एमएल वेनम को जांच के लिए जयपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। बताया गया कि दो से तीन दिनों में वहां से रिपोर्ट आ जाएगी। इस रिपोर्ट में ये पता चलेगा कि वेनम की प्रकृति क्या है। ये किस सांप का जहर है। इसका प्रयोग कैसे और किस मात्रा में किया जाता था। इसकी रिपोर्ट को भी पुलिस साक्ष्य में इस्तमाल करेगी।


## बिल्डर कंस्ट्रक्शन को लेकर महिलाओं ने दिया धरना

**नोएडा,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-45 सदरपुर स्थित काशीराम कॉलोनी के पास एक प्लॉट पर बिल्डर कंस्ट्रक्शन कर रहा है। इस निर्माण को लेकर पहले गुरुवार को निवासियों और बिल्डर के बीच विवाद हुआ। बिल्डर की ओर से सेक्टर 39 थाने में तीस महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी गई। शुक्रवार को महिलाओं यहां दोबारा से धरने पर बैठ गई है। मौके पर पुलिस बस मौजूद है।

काशीराम कॉलोनी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुबोध झा ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण ने गलत तरीके से बिल्डर को करीब 19 हजार वर्गमीटर जमीन बेच दी। यहां बिल्डर निर्माण कार्य भी कर रहा है। कॉलोनी के निवासियों का दावा है कि यह जमीन काशीराम कॉलोनी की है, जिसको गलत तरीके से बिल्डर को दे दिया गया है। इस जमीन पर सामुदायिक केंद्र और अन्य सुविधाओं का निर्माण होना था। इसी लेकर कॉलोनी की रहने वाली करीब तीस महिलाएं गुरुवार को प्लांट के पास पहुंच गईं। निर्माण कार्य को रोकने के लिए हंगामा किया। इसी बीच इमारत का निर्माण करा रहे बिल्डर और महिलाओं के बीच झड़प हो गई। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची सेक्टर-39 थाना पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर वहां से हटाया और शांति बहाल की। थाना प्रभारी ने बताया कि इसको लेकर बिल्डर के अधिकारी ने काशीराम कॉलोनी में रहने वाली दुर्गा शर्मा के साथ ही 30 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी जिसमें जांच की जा रही है। वहीं शुक्रवार को महिलाओ का ये दल दोबारा से धरने पर यहां बैठ गया। सुबोध झा ने बताया कि हम किसी भी कीमत पर कांशी राम कालोनी की जमीन को बिकने नहीं देंगे। प्राधिकरण ने उनके साथ गलत व्यवहार किया है। यहां धरना जारी रहेगा। हम लीगल तौर पर लड़ाई लड़ रहे है।

- **प्राधिकरण पर आरोप गलत तरीके से बिल्डर को बेची जमीन, नहीं होने देंगे निर्माण कार्य**

## नहीं रहे वरिष्ठ साहित्यकार सेवाराम यात्री, साहित्य जगत में शोक छाया



**गाजियाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ साहित्यकार सेवाराम यात्री का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। वह 91 साल के थे। उनके निधन के बाद साहित्य जगत में शोक छा गया है। शुक्रवार को अपराह्न हिंडन तट पर उनका दाह संस्कार कर दिया गया।


हिंदी साहित्य जगत में 1971 में दूसरे चेहरे नामक कथा संग्रह से उन्होंने अपनी साहित्यिक यात्रा शुरू की। जो कि सालों तक अनवरत चलती रही। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान और हिंदी साहित्य में एमए किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े और मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर महाविद्यालय में अध्यापन किया। मध्य प्रदेश के बाद उन्होंने गाजियाबाद, खुर्जा सहित कई शहरों के महाविद्यालयों में हिंदी प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दीं। सेवाराम यात्री महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा से राइटर-इन-रेजीडेंस के पद से सेवानिवृत हुए। अपने साहित्यिक यात्रा के बीच उन्होंने तकरीबन 18 कहानी संग्रह, 33 उपन्यास, 2 व्यंग्य संग्रह, 1 संस्मरण तथा 1 संपादित कथा साहित्य से हिंदी जगत को समृद्ध किया।

उनके अंतिम संस्कार में तमाम साहित्यकार, पत्रकार व अन्य गणमान्यजन शामिल रहे।

## यूएसए नागरिकों को ठगने वाले 14 गिरफ्तार

**नोएडा,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना फेस 1 पुलिस ने यूएसए के लोगों को इन्श्योरेन्स पॉलिसी देने के नाम पर ठगी करने वाले 14 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने नोएडा के सेक्टर-2 बी-43 में एक कॉल सेंटर चला रखा था। इसी सेंटर से ये लोग यूएसए के लोगों को इंटरनेट के जरिए कॉल करते थे। उनको हेल्थ इन्श्योरेन्स पॉलिसी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे।

- **हेलथ इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर करते थे ठगी, प्रतिव्यक्ति लेते थे 30 से 35 डॉलर**



एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि इन्टरनेट कॉल करते है और कॉल करते समय अपने नाम बदल लेते थे। वहां के लोगों को स्क्रिप्ट के अनुसार हेल्थ इन्शोरेन्स पालिसी के बारे में बताते थे। यदि कोई व्यक्ति तैयार हो जाता है तो उस कॉल को HARVARD BUSINESS SERVICES INC कंपनी को ट्रान्सफर कर देते थे। जिसके एवज में इनको 30 से 35 डालर प्रति व्यक्ति मिलता था। इनके द्वारा यह काम बिना किसी अनुमति व लाइसेन्स के किया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक सर्विलांस टीम, मैनुअल इंटेलीजेन्स व गोपनीय सूचना के आधार पर छापामारकर इनको गिरफ्तार किया गया। इससे पहले भी यूएसए के नागरिकों को ठगी का शिकार बनाने वाले कई कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। इस कॉल सेंटर में काम करने वाले अधिकतर लोग दिल्ली के अशोक नगर के रहने वाले है।

इनकी पहचान निखिल यशवाल, अंकुश गुप्ता, ओरको सैन, दीपांशू चौहान, नितिन सिंह, हर्ष सिंह, नितिन चौधरी, अंकित कुमार झा, रिषभ गुप्ता, गौरव सिंह, निशान्त कुमार, कुलदीप मिश्रा, कमरान फरीदी, ताजीम अली हुई है। पुलिस ने बताया कि ठगी की जानकारी सभी आरोपियों को है। इसलिए सभी गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 7 कम्प्यूटर डेस्कटॉप सैट व एक वाईफाई राउटर व एक इंटरनेट स्विच बोर्ड 7 हैडफोन व सूची कालिंग नेम छायाप्रति 5 वर्क, स्क्रीप्ट छायाप्रति 7 वर्क, रिज्यूम 3 वर्क, सूची छायाप्रति क्लाइन्ट 4 वर्क, सूची डायलर नंबर लिस्ट 3 वर्क, डायलर स्क्रीनशांट 2 वर्क, कम्पैन लिस्ट 1 वर्क, कम्पनी पेपर 7 वर्क बरामद किए गए है।

**आयोजन** दस्तक देकर संचारी रोगों व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान

## दस्तक अभियान में दी गई 24 हजार से अधिक घरों में दस्तक

नोएडा, 17 नवम्बर (देशबन्धु)। जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत 16 से 31 अक्टूबर तक चले दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ताओं ने करीब 24873 घरों पर दस्तक देकर संचारी रोगों व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मलेरिया, चिकनगुनिया, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), कुष्ठ और टीबी के संभावित मरीजों की पहचान कर उनकी जांच कराई गई। जांच में कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं पाया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं ने घर- घर जाकर समुदाय को मच्छर जनित बीमारियों-डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव के लिए बेहतर व्यवहार को अपनाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता सामान्य लक्षणों के आधार पर संभावित मरीजों को चिन्हित करती हैं। आशा कार्यकर्ता की ओर से चिन्हित मरीजों का प्रथम परीक्षण (जांच) सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा किया जाता है। यदि जांच में किसी बीमारी की संभावना होती है तो उसे उच्च स्वास्थ्य इकाई- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या जिला अस्पताल पर उपचार के लिए रेफर किया जाता है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ली गई सभी जानकारी ई-कवच पर अपलोड की गईं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत रैपिड कार्ड से जांच के आधार पर मलेरिया के 48 मरीजों को चिन्हित किया गया। हालांकि जांच में कोई भी पॉजिटिव मरीज नहीं निकला। इसी तरह आशा कार्यकर्ताओं ने लक्षण के आधार पर चिकनगुनिया के 47 मरीज, आईएलआई के 37 मरीज और टीबी के एक मरीज को चिन्हित किया। जांच में इनमें से एक भी मरीज पॉजिटिव नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष डेंगू के सीजन में मलेरिया विभाग ने लगातार कार्रवाई की। इस दौरान करीब 96002 घरों व कार्यालयों में मलेरिया विभाग की टीम ने चेकिंग की। 3720 घरों व कार्यालयों में मच्छर का लार्वा मिला। 137463 कंटेनर की जांच की गई, जिसमें करीब 18392 को खाली कराया गया।

- **अभियान में संभावित मरीज मिले पर नहीं हुई किसी बीमारी की पुष्टि**

जनपद में डेंगू के मामलों के सापेक्ष निरोधात्मक कार्रवाई के लिए 49 सर्विलांस टीम, 120 एंटी लार्वा स्प्रे टीम, 110 फॉगिंग टीम सक्रिय रहीं। 173 घरों व कार्यालयों को नोटिस जारी किया गया और वेक्टर बार्न नियंत्रण अधिनियम 2016 के तहत करीब 70500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

श्रुति कीर्ति वर्मा ने कहा कि हालांकि पिछले एक सप्ताह से जनपद में डेंगू का कोई नया मामला सामने नहीं आया है, लेकिन संचारी रोगों से बचाव के लिए अभी कुछ दिन और सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम ठंडा होने के साथ ही मच्छर कम हो जाएंगे और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा नहीं रहेगा। इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, घर के अंदर और आसपास जलजमाव नहीं होने दें, साफ-सफाई रखें।

**दस्तक अभियान एक नजर में**

| संभावित | मरीज | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| चिकनगुनिया | 47 | शून्य |
| आईएलआई | 37 | शून्य |
| टीबी | | शून्य |

**डेंगू को लेकर की गई कार्रवाई**

96002 घरों व कार्यालयों की जांच, 3720 घरों व कार्यालयों में मच्छर का लार्वा मिला,137463 कंटेनर की जांच, 18392 कंटेनर खाली कराये

**सक्रिय टीम**

49 सर्विलांस टीम, 120 एंटी लार्वा स्प्रे टीम, 110 फॉगिंग टीम

## मुठभेड़ में 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**चोला और ककोड़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**



**बुलंदशहर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। ककोड़ और चोला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बाइक सवार दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। बदमाशों से पुलिस ने बाइक और हथियार बरामद किए हैं। आरोपी बदमाशों पर 50 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप है। गौतमबुद्धनगर की जेवर कोतवाली के गांव दयानतपुर वर्तमान में ककोड़ निवासी महेन्द्र पाल शर्मा पुत्र प्रकाशचंद शर्मा ने ककोड़ कोतवाली में चार नवम्बर को मोबाइल नंबर के आधार पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 31 अक्टूबर रात उसके फोन पर फोनकर्ता ने 50 लाख की रंगदारी मांगी। पुलिस जांच में दो आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। 16 नवम्बर को फिर से रंगदारी की मांग करते हुए परिवार समेत हत्या की धमकी दी गई। गुरुवार रात ककोड़ पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी झाझर की तरफ से बाइक सवार दो संदिग्ध लोगों को रूकने का इसारा किया। परंतु बाइक सवार नहीं रूके। मामले की सूचना चोला पुलिस को दी गई। चोला फ्लाईओवर के पास दोनों थानों की पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में घेराबंदी की गई। बदमाशों ने कच्चे रास्ते पर फरार होने का प्रयास किया। घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी।

जबावी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौतमबुद्धनगर की जेवर कोतवाली के गांव दयानतपुर निवासी सौरभ पुत्र संजय व रिषभ उर्फ मोनू पुत्र कुंवरपाल के रूप में हुई। आरोपी बदमाशों से बाइक, दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद किए गए। सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि रंगदारी के आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

उवाच

इस कैंप में यूपी और महाराष्ट्र राज्य के आठ डिस्ट्रिक्ट के दस ग्रुप में 600 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान विवि की एनसीसी की सिनियर अंडर ऑफिसर प्रिया शर्मा को बेस्ट कैडेट चुना गया।

**विश्वविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट यशोधरा राज और डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे आगरा में विकसित होगी औद्योगिक और पर्यटन नगरी

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे जेवर तक शहर विकसित करने के साथ अब आगरा के पास किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने आगरा क्षेत्र के मास्टर प्लान में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देगा। यहां पर ग्रीन इंडस्ट्री को ही

- **यमुना प्राधिकरण आगरा के पास 10500 हेक्टेयर में विकसित करेगा शहर**
- **यमुना प्राधिकरण आगरा के पास शहर विकसित करने के लिए तैयार कर रहा मास्टर प्लान**

मौका मिलेगा। प्राधिकरण अपने अधिसूचित क्षेत्र के 10500 हेक्टेयर का मास्टर प्लान बनवाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ कंपनी का चयन किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



आगरा का मास्टर प्लान बनवाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण ने उद्योग, पर्यटन और ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता पर रखा है। आगरा में पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए यहां भी ठहरने और घूमने के लिए गतिविधियां विकसित की जाएंगी। साथ ही यहां लोगों के लिए घर का भी इंतजाम किया जाएगा। प्राधिकरण की 28 नवम्बर को होने वाली बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिले का क्षेत्र आता है। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे के इलाकों को इसमें शामिल किया गया है। प्राधिकरण आगरा जिले के अधिसूचित क्षेत्र का मास्टर प्लान बनवाएगा। मास्टर प्लान बनाने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इस चरण में औद्योगिक गतिविधियों को प्राथमिकता में रखा जाएगा। मास्टर प्लान तैयार करने के लिए प्राधिकरण जल्द ही एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्राधिकरण की 28 नवम्बर को होने जा रही 79वीं बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा।

यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे आगरा के पास ग्रीन इंडस्ट्रीज और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शहर विकसित किया जाएगा। इसके लिए 10500 हेक्टेयर में मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मास्टर प्लान तैयार करने के लिए जल्द ही एजेंसी का चयन किया जाएगा।

**डॉक्टर अरूणवीर सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

| श्रेणी | उपयोग (प्रतिशत में) |
|---|---|
| औद्योगिक | 25 |
| आवासीय | 20 |
| रिक्रेशनल ग्रीन | 17 |
| ट्रांसपोर्ट | 13 |
| संस्थागत | 7 |
| पर्यटन | 7 |
| व्यवसायिक | 4 |
| अन्य | 7 |

## यीडा में 109 औद्योगिक भूखंड आवंटित

### 16 हजार करोड़ का होगा निवेश

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को ड्रा के जरिए 109 औद्योगिक भूखंड का आवंटन कर दिया। इससे यहां 16 हजार करोड़ से अधिक का निवेश हो सकेगा। इन उद्योगों के लगने से

- **चार हजार वर्गमी तक भूखंडों का निकाला गया ड्रा, पांच हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

पांच हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा।

यमुना प्राधिकरण ने 4000 वर्ग मीटर से छोटे भूखंड के लिए योजना निकाली थी। इस योजना में 109 भूखंड शामिल किए गए थे। इस योजना में 300 वर्ग मीटर, 450, 595, 1800, 2000, 3000 और 4000 वर्ग मीटर के भूखंड थे हैं। 3095 आवेदकों के बीच ड्रा कराया गया। इसके जरिये 109 आवेदकों को




आवंटन कर दिया गया। सेक्टर पी-3 के सामुदायिक केंद्र में ड्रा कराया गया। ड्रा की वीडियोग्राफी करवाई गई। स्कूली बच्चों ने ड्रा में पर्ची निकाली। प्राधिकरण के मुताबिक, इस आवंटन से यहां 16498 करोड़ रुपए का निवेश आएगा।

साथ ही 5132 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इस मौके पर सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, एसीईओ श्रुति, एसीईओ विपिन जैन, एसीईओ कपिल सिंह, निवेश सेल के प्रभारी ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, जीएम परियोजना एके सिंह आदि मौजूद रहे।

### यीडा हाउसिंग सोसायटी में अब दूसरी पार्किंग खरीदना जरूरी नहीं

**ग्रेटर नोएडा**। यमुना प्राधिकरण की हाउसिंग सोसाइटी में दूसरी पार्किंग खरीदना अब जरूरी नहीं होगा। प्राधिकरण फ्लैट के साथ एक पार्किंग आवंटित करता है। अभी तक एक और पार्किंग आवंटी को खरीदना जरूरी है। लेकिन अब इस शर्त को हटाने की तैयारी है। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-22 डी में हाउसिंग सोसायटी विकसित की है। इसमें छोटे बड़े मिलाकर करीब चार हजार फ्लैट हैं। इसमें से काफी फ्लैट का आवंटन हो चुका है। अभी काफी फ्लैट का आवंटन बचा है। प्राधिकरण के नियमों के मुताबिक, फ्लैट के साथ एक पार्किंग की जगह प्राधिकरण देता है। जबकि दूसरी पार्किंग आवंटी को खरीदना जरूरी होता है। प्राधिकरण के पास इस तरह के तमाम मामले पहुंचे हैं। अब प्राधिकरण नियमों में बदलाव करने जा रहा है। अगर नियमों में बदलाव की प्रक्रिया पूरी हो गई तो यमुना प्राधिकरण फ्लैट के साथ एक पार्किंग की जगह देगा। दूसरी पार्किंग लेना जरूरी नहीं होगा। अगर किसी को जरूरत हो तो वह दूसरी पार्किंग खरीद सकता है। इसका प्रस्ताव 28 नवम्बर की होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

## प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों को जमीन खरीदने के लिए खोला खाजना

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए खजाना खोल दिया है। तीनों प्राधिकरणों को औद्योगिक विकास के लिए जमीन खरीदने और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार ने करीब दस हजार करोड़ रूपए बिना ब्याज के देगा। सरकार की तरफसे प्राधिकरणों को 5000 करोड़ रूपए जारी कर दिया है। जिसमें यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को परियोजनाओं के लिए जमीन खरीदने और सेक्टर के आंतरिक विकास के लिए बिना ब्याज के 1779 करोड़ रुपए देगा। इसमें से 1500 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। इससे प्राधिकरण के कई सेक्टर विकसित हो सकेंगे।

यमुना प्राधिकरण ने अपनी बड़ी परियोजनाओं को लेकर शासन से संपर्क किया। प्राधिकरण ने परियोजनाओं के लिए जमीन खरीदने और सेक्टर

- **यमुना प्राधिकरण को बिना ब्याज के 1779 करोड़ रूपए देगी सरकार**
- **महत्वपूर्ण परियोजना और इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए 1500 करोड़ रूपए किया जारी**
- **यमुना प्राधिकरण के साथ, उप्र एक्सप्रेस वे प्राधिकरण, बुन्देलखंड, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण को जारी किया पैसा**

के आंतरिक विकास के लिए पैसे की मांग की। प्राधिकरण की मांग को शासन ने मान लिया और 1779 करोड़ रुपए देने पर मुहर लगा दी। इसमें से 1500 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए। खास बात यह है कि प्राधिकरण को यह पैसा 25 साल में लौटाना होगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण को कोई ब्याज नहीं देना पड़ेगा। यमुना प्राधिकरण औद्योगिक सेक्टर-10 के लिए 312 हेक्टेयर जमीन खरीदेगा। इसके अलावा सेक्टर सात में 283 हेक्टेयर और सेक्टर-28 में अभी 193 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है। सेक्टर-29 व 32 में 258 हेक्टेयर और टप्पल में 172 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है। शासन से मिला पैसा इन्हीं जमीन खरीदने में लगाया जाएगा। प्राधिकरण सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर और अन्य औद्योगिक भूखंड विकसित करेगा। सेक्टर-7 में वेयर हाउस एवं लाजिस्टिक और औद्योगिक भूखंड विकसित करेगा। इसके अलावा सेक्टर-28 व 32 में हैंडीक्राफ्ट पार्क, एमएसएमई पार्क और अपैरल पार्क विकसित करेगा। शासन ने पहली बार इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पैसा जारी किया है।

## गंदगी मिलने पर ग्रेनो प्राधिकरण ने पांच ठेकेदारों पर की कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने पर पांच फर्मों के ठेकेदारों पर कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने तीन फर्मों के मासिक भुगतान में से दो फीसदी की कटौती की है और दो अन्य फर्मों पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर छठ घाटों और शहर की सफाई व्यवस्था देखने का जायजा लेने के लिए एसीईओ अमनदीप डुली और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने अलग-अलग जगहों का दौरा किया। एसीईओ अमनदीप डुली ने कासना का निरीक्षण किया। कासना के मुख्य मार्ग के साइड वर्ज और सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे मिले, जिसके चलते प्राधिकरण ने संबंधित फर्म एजी इनवायरो पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एसीईओ अमनदीप डुली ने हल्दौनी का भी जायजा लिया। इस दौरान कई जगह कूड़े के ढेर लगे मिले और झाड़ू भी नहीं लगाई जा रही थी, जिसके चलते मैसर्स साईंनाथ सेल्स एंड सर्विस पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने सेक्टर 16बी व 16सी, गौड़ सिटी वन व टू, 130 मीटर


- **तीन फर्मों के भुगतान में दो फीसदी की कटौती, दो फर्मों पर पांच लाख की पेनल्टी**
- **एसीईओ अमनदीप डुली व अन्नपूर्णा गर्ग ने शहर में कई स्थानों का लिया जायजा**



रोड, सेक्टर-10 व टेकजोन-4 का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह कूड़े के ढेर मिले और झाड़ू भी नहीं लगाई गई थी, जिसके चलते मैसर्स एंटनी वेस्ट हैंडलिंग, मैसर्स आरआर फैसिलिटीज, मैसर्स बिमलराज आउटसोर्सिंग पर कार्रवाई करते हुए मासिक भुगतान में से दो-दो फीसदी धनराषि की कटौती करने के निर्णय लिया गया है। इन फर्मों को चेतावनी दी गई है कि अगर दोबारा लापरवाही मिली तो और कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडावासियों से शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग की अपील की है।

## प्रिया शर्मा को मिला नेशनल एनसीसी कैंप में बेस्ट कैडेट का खिताब, सांस्कृतिक कार्यक्रम में जीता स्वर्ण


**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। एक भारत श्रेष्ठ भारत के नाम पर नेशनल कैंप का आयोजन नागपुर के ऑफिसर ट्रेनिंग अकेडमी में किया गया। इसमें नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय की बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा और एनसीसी की सिनियर अंडर ऑफिसर प्रिया शर्मा को बेस्ट कैडेट चुना गया साथ ही कल्चरल प्रोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। विश्वविद्यालय की एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट यशोधरा राज और डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार ने बताया कि इस कैंप में यूपी और महाराष्ट्र राज्य के आठ डिस्ट्रिक्ट के दस ग्रुप में 600 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान विवि की एनसीसी की सिनियर अंडर ऑफिसर प्रिया शर्मा को बेस्ट कैडेट चुना गया। इस दौरान उन्होंने साउथर्न कमांड के आर्मी चीफलेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह से बातचीत का मौका मिला। इसके पूरे यूपी का प्रतिनिधित्व करते कल्चरल प्रोग्राम में आयोजित एकल डांस में स्वर्ण पदक जीता। डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए खुशी की बात है कि उनके विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे है।



## अधिकांश मांगे मानने के बाद भी सफाईकर्मी हड़ताल की जिद पर अड़े

- **सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण उठाएगा सख्त कदम**
- **हड़ताल पर गए कर्मचारियों की जगह नए स्टाफ को नियुक्त करने के निर्देश**
- **सफाई कर्मियों की हड़ताल अवैध घोषित, 'काम नहीं तो पैसा नहीं' का भी निर्णय**

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन कार्यरत सफाईकर्मी विगत 10 दिनों से हड़ताल पर हैं। प्राधिकरण ने उनकी कई मांगों को मान लिया है और शेष मांगों पर निर्णय के लिए समिति बना दी है, फिर भी वे हड़ताल खत्म नहीं कर रहे। ऐसे में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने अब सख्ती करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने संबंधित फर्मों से हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों की जगह नए स्टाफ की नियुक्ति तत्काल करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि सफाईकर्मी जिस अवधि में काम नहीं करेंगे, उस अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। हड़ताली सफाईकर्मियों के साथ शुक्रवार को भी बैठक की गई, जिसमें सफाई कर्मियों



की शेष मांगों पर निर्णय करने के लिए कमेटी की बैठक शीघ्र कराने का आश्वासन प्राधिकरण की तरफ से दिया गया।

दरअसल सफाईकर्मी दीपावली पर्व से पहले से ही हड़ताल पर चले गए। इन सफाई कर्मियों की मुख्य मांग लगभग 20 हजार रुपए मासिक वेतन की है। वर्तमान समय में इन सफाई कर्मियों को 17170 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, जबकि यमुना प्राधिकरण एरिया में भी इसी माह वेतन वृद्धि कर लगभग 17000 रुपए मासिक वेतन का भुगतान किया जा रहा है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक निर्धारित समयावधि में वेतन में हर दो साल में पांच फीसदी की वृद्धि का प्रावधान पहले से ही है। प्राधिकरण ने आश्वस्त किया है कि टेंडर में निर्धारित समय पर वेतन वृद्धि कर दी जाएगी। सफाई कर्मियों की दूसरी मांग बोनस के भुगतान की थी। प्राधिकरण ने विगत वर्ष की भांति ही दिवाली से पहले बोनस का भुगतान कर दिया है। तीसरी मांग बीमा को लेकर है। सफाई कर्मियों का कहना है कि किसी भी सफाईकर्मी की किसी भी परिस्थिति में मृत्यु होने पर भी 10 लाख रुपए बीमा राशि दिलाई जाए, जबकि ऑन ड्यूटी दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख का बीमा का प्रावधान पूर्व से ही किया जा चुका है। इसके बावजूद सफाई कर्मियों की वेतन व बोनस में वृद्धि समेत अन्य मांगों पर विचार करने के लिए प्राधिकरण की तरफ से समिति गठित कर दी गई है। उसकी रिपोर्ट पर निर्णय लिया जाएगा। इसके बावजूद सफाईकर्मी हड़ताल खत्म करने को तैयार नहीं हो रहे। प्राधिकरण के सीनियर अधिकारियों के स्तर से कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है। प्राधिकरण की तरफ से आश्वस्त किया गया है, लेकिन सफाईकर्मी अपने जिद पर अड़े हैं। अब तक कॉन्ट्रैक्टर अस्थाई रूप से स्टाफ बढ़ाकर काम चलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब प्राधिकरण ने कॉन्ट्रैक्टरों से स्थाई स्टाफ की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

## पुलिस कमिश्नर ने पुलिस चौकी एस्टर व न्यायालय एसीपी-2 कार्यपालक भवन का किया उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कमिश्नरेट की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर शुक्रवार को बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी एस्टर सेक्टर-3 एवं न्यायालय एसीपी-2 कार्यपालक मजिस्ट्रेट सेंट्रल नोएडा नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। नवनिर्मित पुलिस चौकी के क्रियाशील होने से आस-पास के सेक्टरों व गांवों में रहने वाले व्यक्तियों को तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त होगी। नव निर्मित पुलिस चौकी पर आस-पास के सभी नागरिकों, पीड़ितों व महिलाओं एवं बच्चों की त्वरित सुनवाई के लिए पुलिस उपनिरीक्षक व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की नियुक्ति की गई है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने पुलिस चौकी के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जैसे-जैसे कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का विस्तार हो रहा है और अधिक लोग शहर के नए सेक्टरों में रहने आ रहे हैं एवं नए स्कूल भी स्थापित हो रहे हैं, पुलिस का बुनियादी ढांचा भी विस्तार के साथ गति बनाए रखे। इस नई पुलिस चौकी के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रण करने में सक्षम होंगे। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था आनन्द कुलकर्णी, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा सुनीति सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया, एस्टर समूह के अध्यक्ष वी.के. शर्मा सहित अन्य स्टॉफव अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## छठ पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को सभी व्यवस्थाएं एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा

- **श्रद्धालुओं की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के दिए निर्देश**
- **छठ घाटों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ट्रैफिक डायवर्जन के पालन का निर्देश**



की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में छठ पर्व की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वर्तमान तक छठ पर्व को लेकर की गई तैयारियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि छठ पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से एक कंट्रोल रूम की स्थापना कराई जाए, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, फायर विभाग, जिला पंचायत राज विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई भी समस्या होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जनपद में जहां-जहां पर भी छठ घाट बनाए गए हैं, वहां पर जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती कर दी जाए। जिलाधिकारी ने प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ घाटों पर साफ सफाई, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, कहीं भी कूड़ा करकट नहीं रहना चाहिए और घाटों का सौंदर्यीकरण का कार्य समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा छठ घाटों पर विद्युत आपूर्ति को लेकर जेई की ड्यूटी लगा दी जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति को लेकर कोई भी परेशानी न हो सके।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ घाट पर अस्थाई चिकित्सालय एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी की व्यवस्था सभी छठ घाटों पर पूर्व से ही रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए छठ घाटों पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था कराई जाए और छठ घाट पर जाने के लिए श्रद्धालुओं को जाम की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए रूट डायवर्ट प्लान का कड़ाई से पालन करायें। उन्होंने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा भी छठ घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर श्रद्धालुओं को पॉलिथीन का प्रयोग न करने एवं कूड़ा करकट न जलाने के लिए जागरूक किया जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र सिंह, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर विभाग, प्राधिकरणों के अधिकारी मौजूद रहे।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तारीख किया घोषित

**ग्रेटर नोएडा,**17 नवम्बर (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज ने वर्ष 2024 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तारीख घोषित कर दिया है, यह परीक्षाएं दो चरणों में अलग अलग मंडल में आने वाले जिलों में होगा। प्रथम चरण 25 जनवरी से 1 फरवरी, 2024 तक मंडल (आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती) और दूसरे चरण में 2 से 9 फरवरी, 2024 तक। मंडल (अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर) शामिल है। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त होंगी, जिसकी जानकारी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने शुक्रवार को दी। परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में सम्पादित कराना होगा, जिसे साथ ही परीक्षाओं के आयोजन की रिकार्डिंग प्रधानाचार्य द्वारा डीवीआर में सुरक्षित रखी जाएंगी और उन्हें मांगने पर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना होगा। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत वर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पादित करायी जाएंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने की कार्रवाई करेंगे। हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आन्तरिक मूल्यांकन), नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालयों के

- **दो चरणों में अलग-अलग मंडलों की होगी परीक्षाएं, दूसरे चरण में जिले में होगी परीक्षाएं**
- **12वीं प्री बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं 5 से 12 जनवरी तक होगी आयोजित**
- **कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक लिखित परीक्षाएं व कक्षा-10 एवं 12 की प्री-बोर्ड की लिखित परीक्षाएं 13 जनवरी से 22 जनवरी तक**

प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किये जाएंगे। इस कार्य हेतु 10 जनवरी, 2024 से वेबसाइट क्रियाशील हो जाएगी। विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा 12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं 5 जनवरी, 2024 से 12 जनवरी, 2024 के मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जाएंगी। विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षायें तथा कक्षा-10 एवं 12 की प्री-बोर्ड की लिखित परीक्षाएं 13 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 के मध्य प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जाएंगी।

# अभिमत

## मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे



डॉ.अजीत रानाडे

**राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।**

इस महीने की शुरुआत में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के रूप में जानी जाने वाली मुफ्त भोजन योजना को पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। इस घोषणा का अनुमोदन अभी कैबिनेट में होना है। यह योजना अपने वर्तमान स्वरूप में पिछले कैबिनेट निर्णय के अनुसार दिसंबर 2023 में समाप्त होने वाली है। उम्मीद थी कि कैबिनेट के अनुमोदन के बाद यह योजना अब इसे दिसंबर से आगे पांच साल तक बढ़ा दी जाती पर खाद्य मंत्रालय का आदेश एक वर्ष की अवधि का उल्लेख करता है। इसके तहत भारत की 81.4 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन प्रदान दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई का आरंभ कोविड-19 महामारी के दौरान खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे परेशान परिवारों को आपातकालीन राहत प्रदान करने के लिए किया गया था। इसे 2013 में पारित पहले से मौजूद खाद्य सुरक्षा कानून (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के साथ जोड़ा गया था, जो पात्र परिवारों को अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्रदान करता था, जिसमें ग्रामीण भारत का दो तिहाई और शहरी भारत का आधा हिस्सा शामिल था।

खाद्य सुरक्षा कार्यकर्ताओं के एक दशक से अधिक लंबे अभियान के बाद एनएफएसए को संसद में पारित किया गया था जो भुखमरी और भूख के साथ सह-अस्तित्व वाले सरकारी अनाज भंडार में एकाधिकार खरीद योजना के कारण अनाज के बढ़ते स्टॉक से चिंतित थे। कोविड के दौरान सरकार ने एनएफएसए के तहत पात्रता को दोगुना कर दिया और दोगुना आबंटन पूरी तरह से मुफ्त कर दिया। इसलिए 'अत्यधिक सब्सिडी' में मिलने वाले यानी क्रमश: 3, 2 और 1 रुपये प्रति किलो वाले चावल, गेहूं और मोटे अनाज लाभार्थियों को पूरी तरह से मुफ्त में मिलने लगे। इस सीमा तक सरकार पर वृद्धिशील राजकोषीय बोझ कम था क्योंकि अनाज पर वैसे भी अत्यधिक सब्सिडी दी जा रही थी। यह मुफ्त अनाज योजना ही है जिसने बड़ी संख्या में परिवारों को उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से सुरक्षा दी है। यदि इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में एक निश्चित राशि दी जाती है तो खाद्यान्न की बढ़ती लागत उन्हें तेजी से अवहनीय बना देगी।

पीएमजीकेएवाई (जिसका नाम कोविड के पहले आवश्यक एनएफएसए प्लस समान आबंटन था) को चार चरणों में कई बार विस्तारित करने के बाद सरकार ने अतिरिक्त घटक (जिसने पात्रता को दोगुना कर दिया था) को बंद करने का फैसला किया और अब केवल एनएफएसए कानून द्वारा गारंटीकृत घटक देता है। लेकिन इसकी कीमत 3, 2 या 1 रुपये तय करने के बजाय यह पूरी तरह फ्री हो गई है और एनएफएसए का नाम बदलकर (शायद अनौपचारिक रूप से) पीएमजीकेएवाई कर दिया गया है। अब एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री की घोषणा के कारण इसने एक चुनावी वादे को पूरा करने की छवि हासिल कर ली है। लेकिन अगर कैबिनेट वैसे भी 'मुफ्त' योजना को पांच साल तक बढ़ाने जा रही थी तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया? ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ दल को ऐसी योजना के लिए श्रेय लेने में अनुचित लाभ मिलता है जिसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा पारित किया जाना चाहिए था।

इससे संबंधित कई मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने और बोलने की जरूरत है। सबसे पहले, यह निर्णय देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 110 खरब रुपये की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। क्या यह आर्थिक रूप से टिकाऊ है? क्या मुफ्त देने के बजाय अनाज की कीमतों को थोड़ा अधिक बढ़ाया नहीं जा सकता है? यहां तक कि एनएफएसए में भी कीमतों में संशोधन की परिकल्पना की गई थी। 2015 से 2022 के दौरान औसत खाद्य मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें भी सिर्फ गेहूं की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है। सरकार को विभिन्न प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए करीब 10 करोड़ टन अनाज की वार्षिक खरीद का प्रबंधन करना होगा। अनाज मंडी के खरीद पक्ष पर इतना बड़ा एकाधिकारवादी हस्तक्षेप स्थिति को अत्यधिक बिगाड़ने वाला साबित होगा। भंडारण और वितरण के बोझ के बारे में तो बात नहीं करते हैं। इसके अलावा गेहूं और चावल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का बोझ बढ़ता रहेगा। क्या खरीद का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है और इसे राज्यों को दिया जा सकता है? क्या कुछ योजनाओं को नकद के प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

दूसरा मुद्दा भूख और कुपोषण के बारे में है। वार्षिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स रैंकिंग में भारत को मिलने वाले खराब रैंक पर भारतीय अधिकारियों को आपत्ति है। वे शिकायत करते हैं कि सूचकांक बच्चों के शारीरिक विकास और बौनेपन को अनुचित महत्व देता है और यह कि भारत में कुपोषण की समस्या है, भूख की समस्या नहीं। शब्दार्थ को छोड़ दें तो निश्चित रूप से सरकारी नीति में केवल अनाज पर ही नहीं बल्कि सूक्ष्म पोषक तत्वों, दूध, अंडे या मांस के रूप में प्रोटीन के संतुलित सेवन और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। नीति आयोग ने बहु-आयामी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए अनुमान लगाया है कि गरीबी 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यदि ऐसा है तो फिर 58 प्रतिशत भारतीयों को मुफ्त भोजन क्यों मिल रहा है? या यहां तक कि अगर उनकी खाद्य सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करना है, तो क्या यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा बेहतर नहीं होगा?

तीसरा मुद्दा यह है कि क्या हमें खाद्य और पोषण सुरक्षा के संबंध में लक्ष्य केन्द्रीत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। एनएफएसए राशन वितरण, दुकानों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाता है और सार्वभौमिक बन गया है। वास्तव में पहले संस्करण में एनएफएसए को केवल 100 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया जाना था। इसे चुनावी हथकंडे के रूप में पूरे देश में लागू किया गया। 1960 के दशक से लागू मूल पीडीएस को 1990 के दशक के मध्य में लक्षित पीडीएस (टीपीडीएस) के साथ बदलकर सुधार करने की मांग की गई थी। लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार के संसाधनों का उपयोग करते हुए देश के कुछ (पिछड़े) क्षेत्रों का पक्ष लेने के लिए कठोर राजनीतिक निर्णयों की आवश्यकता है। चूंकि प्रमुख रूप से उत्तरी राज्यों और हिंदी बेल्ट में अधिक पिछड़ापन है इसलिए इस तरह का लक्ष्य केन्द्रित दृष्टिकोण अंतर-राज्य निष्पक्षता और संघवाद को सहकारी और निष्पक्ष तरीके का मार्गदर्शन करने जैसे जटिल मुद्दों को उठाता है। बहरहाल यह तय है कि सार्वभौमिक एनएफएसए में कुछ सुधार करने की आवश्यकता है।

चौथा मुद्दा यह है कि क्या यह खाद्य सुरक्षा प्रणाली में व्यापक आमूलचूल परिवर्तन का समय है। एकाधिकार खरीद प्रणाली का उद्देश्य तीन उद्देश्यों को पूरा करना है- किसानों को (समय-समय पर संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से) पर्याप्त मूल्य का भुगतान, गरीब परिवारों को (उनके राशन पात्रता के माध्यम से) खाद्य सुरक्षा और (कीमतों पर नीचे की ओर दबाव डालने के लिए बाजार में आवधिक थोक बिक्री के माध्यम से) खाद्य मूल्य स्थिरता। मतलब एक तीर से तीन शिकार। इसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जैसे कि पंजाब में गहन रासायनिक खेती जो अप्रत्यक्ष रूप से पराली जलाने से जुड़ी हुई है। उच्च भंडारण लागत और परिणामस्वरूप नुकसान। राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

## बीता सप्ताह

**11 नवंबर**

- आईसीसी, सीआरपी व साक्ष्य में बदलाव करने गृह मामलों की स्थायी समिति ने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनकड़ को सौंपी रिपोर्ट।
- पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेवेलो चुनाव कराने की घोषणा की।
- रूस में गायब हुआ ए एन-2 विमान रूस के चुकोतका में मिला।
- विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर से बढ़कर 590.8 रुपए डॉलर हुआ।

**12 नवंबर**

- भारत दुनिया के मुकाबले नवंबर 21 से अक्टूबर 23 तक तीन गुना तापमान बढ़ा। हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा।
- दीपोत्सव पर अयोध्या नगरी में 24 लाख दीए जलाए गए।
- पूर्वी इंडोनेशिया में मालकु में 6.2 रिएक्टर तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकम्प आया।
- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित की गई।

**14 नवंबर**

- मणिपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया।
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वासुदेव आचार्य का निधन हो गया।
- ब्रिटेन मंत्रिमंडल में हुआ बड़ा उलटफेर। गृहमंत्री सुएला बेवरमैन को बर्खास्त किया गया।
- पाकिस्तानी गेंदबाजी कोच मोर्ने मेर्विल ने पुरुष टीम की गेंदबाजी कोच से इस्तीफा दे दिया।

**15 नवंबर**

- देश के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पृथ्वी राज सिंह (पीआरएस) ओबेरॉय का निधन हो गया।
- दिल्ली में 42वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरु हुआ।
- संसदीय समिति पैनल ने सरकार से सिफारिश की है कि -व्यभिचार को फिर अपराध की श्रेणी में लाया जाए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सिनेटर टिम स्कॉट बाहर हो गए।

**16 नवंबर**

- जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में सड़क हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में कदम रखा।
- साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार-2023 प्रदान किया गया।
- मिलावटी खाद्य पदार्थ बेजने वाले को 6 माह की जेल व न्यूनतम 25 हजार रुपए जुर्माना होगा-संसदीय समिति ने सिफारिश की।

**17 नवंबर**

- मध्यप्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ के 70 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच।
- चीन के शाक्सी प्रांत के एक इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- दक्षिण कोरिया में गैस रिसाव से एक रेस्तरां में पांच नागरिक घायल हो गए।

## प्रौद्योगिकी संस्थान में भी असुरक्षित हैं महिलाएं

■ संदीप पाण्डेय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' में इस समय तूफान बरपा हुआ है। 1-2 नवम्बर की रात डेढ़ बजे परिसर के अंदर एक छात्रा को उसके पुरुष सहपाठी से अलग कर तीन मोटरसाइकिल सवारों ने उसका चुम्बन ले उसे निर्वस्त्र कर मोबाइल पर उसकी तस्वीर खींची। छात्रा के मजिस्ट्रेट व विवेचना अधिकारी के सामने दिए गए बयान के बाद अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की धारा भी मुकदमे में जोड़ दी गई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले एक अन्य छात्रा के साथ भी ऐसी दुर्घटना हुई थी। छात्र-छात्राओं के जबरदस्त विरोध के बाद विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' की सीमा पर एक दीवार खड़ी करने की सोच रहे हैं।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र-छात्रा नाराज हैं। उनका सवाल है कि क्या विश्वविद्यालय में अन्य छात्राएं नहीं हैं जिनकी सुरक्षा की चिंता भी होनी चाहिए? फिर सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय के बाहर गांवों या वाराणसी शहर में रहने वाली लड़कियों को क्यों छोड़ा जाए? क्या इन सभी की सुरक्षा की चिंता नहीं होनी चाहिए? क्या प्रौद्योगिकी संस्थान के बाहर की लड़कियों को छेड़ने वालों के लिए छोड़ दिया जाएगा? और यह भी सवाल है कि प्रौद्योगिकी संस्थान के अंदर क्या यह सम्भव नहीं कि किसी लड़की या महिला का किसी पुरुष प्रोफेसर, कर्मचारी या छात्र द्वारा यौन शोषण हो?

**जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा।**

'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'चिकित्सा संस्थान' में 2012 में एक प्रोफेसर को छात्रा के यौन शोषण के आरोप में समय से पहले सेवानिवृत किया गया था। इस तरह की और भी दुर्घटनाएं इस विश्वविद्यालय परिसर में हो चुकी हैं। 2017 में एक छात्रा के यौन शोषण के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लड़कियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर कुलपति गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने पुलिस से लाठी चलवाई तो उन्हें लम्बी छुट्टी पर भेजकर उन्हें सेवानिवृत किया गया। इसी वर्ष 22 मई को एक महिला दलित सहायक प्रोफेसर ने आरोप लगाया है कि उसके विभाग के ही दो प्रोफेसरों, जिनमें एक महिला है, व दो छात्रों ने उसका यौन शोषण किया जिसकी प्राथमिकी पुलिस ने 27 अगस्त को तब दर्ज की जब इस महिला ने अनुसूचित जाति आयोग, शिक्षा मंत्रालय व मुख्यमंत्री, आदि कई जगह शिकायत की।

2014 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' के सिविल अभियांत्रिकी विभाग की अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर जो विभागाध्यक्ष व डीन भी रहे, पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसे पहले परिसर स्थित मंदिर पर चाय पिलाई, फिर विश्वविद्यालय के बाहर लंका बाजार में लस्सी पिलाने के बहाने अपने नए बन रहे घर ले गए और वहां उसका चुम्बन लेने और घर के अंदर ले जाने की कोशिश की। संस्थान की 'महिला शिकायत प्रकोष्ठ' द्वारा जांच में शिकायत सही पाए जाने पर निदेशक ने इन प्रोफेसर की सेवा निवृति उपरांत नियुक्ति को रद्द किया। यानी कि प्रौद्योगिकी संस्थान की लड़कियां संस्थान में ही सुरक्षित नहीं तो दीवार बनाकर क्या होगा?

छात्राओं को सोचना होगा कि यह मामला भौतिक सुरक्षा का नहीं है। वह तो जितना किया जा सकता है, किया ही जाना चाहिए, लेकिन जब तक पुरुषों की महिलाओं के प्रति सोच नहीं बदलेगी तब तक उनके लिए यौन शोषण का खतरा बना ही रहेगा। घर के बाहर नहीं तो घर के अंदर भी अपने सगे रिश्तेदार खतरा बन सकते हैं। बेहतर होगा कि महिला सुरक्षा के लिए माहौल बनाया जाए। आखिर विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं व परिसर के बाहर रहने वाली लड़कियों का भी तो उतना ही अधिकार है कि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले। बल्कि परिसर के बाहर तो गांवों में वे महिलाएं रहती हैं जिनके परिवारों ने विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए अपनी जमीनें खाली कीं।

आप देखेंगे कि विस्तृत परिसर जिसमें खुली जगह पर्याप्त है, के चारों ओर घनी आबादी है। ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों से जमीन खाली कराकर उन्हें विश्वविद्यालय के हाशिए पर ढकेल दिया गया। जिन परिवारों ने विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कुर्बानी दी क्या हम उन्हें बाहरी मानकर उनके साथ सौतेला व्यवहार करेंगे? क्या हम विश्वविद्यालय के द्वार बंद कर गांव वालों को उनकी पुरानी जमीनों पर आने से वंचित करेंगे? याद रखें पुराने गांवों के कई पवित्र स्थान इस समय परिसर के अंदर हैं जहां गांव के लोग दर्शन करने आते हैं।

हमें सभी महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सोचना होगा तभी वे सभी जगहों पर सुरक्षित रहेंगी। इसके लिए दोनों स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक तो महिला खुद सशक्त हो तथा अपनी रक्षा खुद कर सके। दूसरा, पुरुषों का नजरिया बदला जाए ताकि वे महिला को बराबर का सम्मान दें, उनके निजता के अधिकार को पहचानें और उन्हें सिर्फ भोग की वस्तु के रूप में न देखें।

ये दोनों ही प्रक्रियाएं समाज में चल रही हैं और देश में 'निर्भया कांड' के बाद काफी गुणात्मक परिवर्तन आया है। अब महिलाएं खुलकर अपने यौन शोषण के बारे में बात कर रही हैं जैसा पहले नहीं करती थीं। अब इसे कोई इज्जत बचाने के नाम पर छुपाता-दबाता नहीं है। पुरुष भी महिलाओं के प्रति पहले से ज्यादा संवेदनशील हैं और भले ही मजबूरी में, लेकिन महिलाओं को समाज में बराबरी का स्थान दे रहे हैं। इन प्रक्रियाओं को और तेज करने की जरूरत है।

सरकारों को भी इस मुद्दे पर संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। यदि महिला पहलवानों के मामले में सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती तो संदेश यही जाएगा कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए एक आरोपी को बचा रही है। ऐसी सरकार पर कौन महिला अपनी सुरक्षा के लिए भरोसा कर सकती है? अपराधी को भी संदेश जाता है कि यदि आप शासक दल के साथ हैं तो आपको कोई चिंता करने की जरूरत नहीं। यही निर्भीकता अपराधियों को 1-2 नवम्बर जैसा दुस्साहस करने की हिम्मत देता है।

जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा। जब सही मायने में पुरुष महिला को बराबरी का स्थान व सम्मान देगा तभी यौन शोषण खत्म होगा।

**(लेखक वैज्ञानिक, समाजकर्मी एवं हैं।)**

## कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

■ अरुण श्रीवास्तव

कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हें इस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके।

मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं।

उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

**अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है।**

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवत: उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था।

येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि मई के बदतर चुनावी हार के बाद, राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोक्कालिंगा समुदाय को जोड़ने का फैसला किया था। लेकिन यह सफल नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि एचडी देवेगौड़ा की जद (एस) द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला करने के बाद इस विचार को छोड़ दिया गया था क्योंकि वोक्कालिगा देवेगौड़ा का मुख्य समर्थन आधार रहा है। 'जद (एस) के एनडीए में आने के साथ, भाजपा प्रमुख के रूप में वोक्कालिंगा नेता की नियुक्ति व्यवहार्य नहीं थी। जाहिर है, पार्टी को सार्वजनिक चेहरे के रूप में लिंगायत समुदाय से किसी को लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।' 'अब विजयेंद्र को राज्य प्रमुख के रूप में स्थापित करने के बाद, नेतृत्व विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्त करने के लिए किसी प्रमुख ओबीसी नेता की तलाश कर रहा है,' एक वरिष्ठ नेता ने कहा।

एक और कारक जो महत्वपूर्ण रूप से सामने आया है वह है संघ परिवार का रवैया। कर्नाटक के आरएसएस कैडरों ने वरिष्ठ येदियुरप्पा को कभी भी बहुत सम्मान नहीं दिया। उन्हें लगता है कि वह भले ही राज्य में लिंगायत समुदाय का चेहरा रहे हों, लेकिन उन्होंने कभी भी सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने की कोशिश नहीं की। संघ की राज्य इकाई के साथ उनके कभी भी सहज और सौहार्द्रपूर्ण संबंध नहीं रहे। जाहिर है, संघ के प्रति वफादार लोगों से विजयेंद्र को समर्थन देने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। कुछ संघ नेता याद करते हैं कि जब उनके पिता मुख्यमंत्री थे तो विजयेंद्र कैसे 'सुपर सीएम' की तरह व्यवहार करते थे। उनका यह भी आरोप है कि उनकी कार्यशैली निचले स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं के राज्य के नेताओं से अलगाव का एक प्रमुख कारण था। कर्नाटक में पार्टी के पतन का यह एक बड़ा कारण था।

लिंगायतों को हिंदुत्व विरोधी प्रवृत्ति वाला माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि लिंगायतवाद की स्थापना हिंदू धर्म की ब्राह्मणवादी व्यवस्था को बाधित करने के लिए की गई थी। सदियों बाद, समुदाय के सामाजिक अभिजात वर्ग और नए मध्यम वर्ग ने संघ परिवार की प्रिय नवउदारवादी और सांप्रदायिक नीतियों को अपना लिया है। अपने विचारों का समर्थन करने के लिए, वे भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बयानों का उल्लेख करते हैं, कि 'हिजाब और हलाल चुनावी मुद्दे नहीं हैं'। येदियुरप्पा से भी उम्मीद नहीं है कि वे किसी भी सामाजिक ध्रुवीकरण वाले मुद्दे को मंजूरी देंगे।

कांग्रेस में भी प्रदेश के नेता राहुल गांधी की वैचारिक लाइन को लागू करने का प्रयास करने के बदले कड़वे सत्ता संघर्ष में शामिल हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' के जरिये राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। लेकिन उनके आरोप को स्वीकार करने वाले कम ही लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा की शिकायत के बाद यह आरोप लगाया था कि भाजपा की एक टीम ने कांग्रेस विधायकों से भगवा पार्टी में जाने के लिए प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपये और एक मंत्री पद की पेशकश के साथ संपर्क किया था।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी कहा, 'एक बड़ी साजिश रची जा रही है, लेकिन इसका फल नहीं मिलेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस विधायकों ने उन्हें और सीएम को सूचित किया था कि कौन उनके संपर्क में है और क्या पेशकश की जा रही है।

वास्तव में, अवैध शिकार का डर इतना गंभीर नहीं है। यह सिद्धारमैया और शिवकुमार के नेतृत्व वाले दो युद्धरत गुटों के बीच की अंदरूनी लड़ाई है जो राज्य में कांग्रेसियों के लिए चिंता का प्रमुख स्रोत रही है। शिवकुमार के समर्थक पार्टी नेतृत्व पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का दबाव बना रहे हैं। उनके समर्थक रणनीति तैयार करने के लिए रात्रिभोज और मिलन समारोह भी आयोजित कर रहे हैं।

अपनी ओर से सिद्धारमैया भी अपने समर्थकों की बैठकें कर रहे हैं। हाल ही में, सिद्धारमैया ने राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर द्वारा आयोजित रात्रिभोज पार्टी में भाग लिया, जहां शिवकुमार अनुपस्थित थे। पिछले रात्रिभोज के साथ ही एक और रात्रिभोज का आयोजन किया गया था, जहां मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा ने दावा किया था कि शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने सुझाव दिया कि रात्रिभोज का उद्देश्य पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीशजारकी होली को शांत करना है, जिन्होंने बेलगावी राजनीति में शिवकुमार की बढ़ती भागीदारी पर असंतोष व्यक्त किया है।

मई में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोग अंदरूनी कलह के खेल में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। दरअसल, जारकीहोली ने पार्टी नेताओं को संदेश भेजने के लिए लगभग 20 समान विचारधारा वाले विधायकों के साथ दुबई की यात्रा करने की योजना बनाई थी, हालांकि कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद मैसूर की पिछली यात्रा रद्द कर दी गई थी।

अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को गुटबाजी के कारण कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पुनर्गठन में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल गांधी की सलाह के बाद प्रदेश कमेटी में नये युवा चेहरों को शामिल करने का फैसला किया गया। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि दोनों नेता सिद्धारमैया और शिवकुमार इस कवायद के इच्छुक नहीं हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में 'नया खून' भरने और मंत्रियों पर काम का बोझ कम करने का कदम अभी तक अमल में नहीं आया है। हालांकि एआईसीसी महासचिव, कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य केंद्रीय नेता समाधान खोजने के लिए नेताओं के साथ बैठकें करेंगे, लेकिन पार्टी में व्याप्त दुश्मनी की प्रकृति एक स्पष्ट संदेश भेजती है कि निकट भविष्य में एक बड़ा टकराव हो सकता है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## गाजा के संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थल विस्थापितों से खचाखच भरे

**गाजा,** 17 नवम्बर (एजेंसियां) । मध्य और दक्षिणी गाजा में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा प्रबंधित आश्रय स्थल विस्थापितों से खचाखच भरे हुए हैं। समाचार एजेंसी शन्हिआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएनआरडब्ल्यूए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में 1.6 मिलियन से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं, इनमें से लगभग 813,000 लोग 154 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं।

# शेख हसीना ने बीएनपी, जमात से कहा, माफी मांगें और चुनाव में हिस्सा लें



**ढाका,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य विपक्षी दल बीएनपी को जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर हत्याओं के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और आगामी आम चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश आवामी लीग की चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'उन्हें (बीएनपी और जमात) अपने अपराधों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और फिर आगामी राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने आम लोगों को मारा है उन्हें लोग वोट क्यों देंगे और लोग उन पर भरोसा क्यों करेंगे। उन्होंने कहा, 'लोग उन पर भरोसा नहीं करते। उनकी पहचान हत्यारों और साजिशकर्ताओं के रूप में हो गई है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर किसी में लोगों के लिए काम करने की ईमानदारी और साहस है तो उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जिसे भी जनता का समर्थन मिलेगा, वह सरकार बनाएगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव लोगों का संवैधानिक अधिकार है और चुनाव का दरवाजा सभी के लिए खुला है।

> बीएनपी और जमात अपने अपराधों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और फिर आगामी राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेना चाहिए। जिन्होंने आम लोगों को मारा है उन्हें लोग वोट क्यों देंगे और लोग उन पर भरोसा क्यों करेंगे :- शेख हसीना, प्रधानमंत्री बांग्लादेश

उन्होंने लोगों से सहयोग भी मांगा ताकि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से और समय पर हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा, 'लोगों को अपना वोट (चुनाव में) इस नारे के साथ देना चाहिए - 'मैं जिसे चाहूं उसे अपना वोट डालूंगा'।' उन्होंने कहा कि सभी को आकर चुनाव में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा, '(सभी को) लोगों के पास जाना चाहिए और अपने लिए वोट मांगना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने समय पर चुनाव की घोषणा करने और आगजनी तथा हिंसा के कारण दबाव में नहीं आने के लिए चुनाव आयोग को भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार डिजिटल बांग्लादेश शुरू करने में सफल रही है। हर कोई इसका लाभ उठा रहा है। हमारी सरकार भविष्य में 'स्मार्ट बांग्लादेश' भी लॉन्च करेगी। हमें उम्मीद है कि ऐसी योजनाओं से युवाओं को लाभ मिलेगा।'

# अलबामा राज्य से कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ने को तैयार भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी



**न्यूयॉर्क,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। एक भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी और रियल एस्टेट ब्रोकर 21 उम्मीदवारों के साथ अलबामा राज्य से कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ने को तैयार हैं। 39 वर्षीय विमल पटेल अगले साल 5 मार्च को होने वाले प्राथमिक चुनाव में 13 डेमोक्रेट और आठ रिपब्लिकन के साथ उस जिले के लिए चुनाव लड़ेंगे, जो दक्षिण अलबामा में फैला है और इसमें मोंटगोमरी काउंटी और मोबाइल काउंटी का एक हिस्सा शामिल है। उन्होंने कहा, 'आप देखिए, क्वालिफाई करने के बाद मैं काम पर वापस आ गया। मैं करियर राजनीतिज्ञ नहीं हूं। मुझे चिंता है कि ये करियर राजनेता क्या कर रहे हैं और यदि आप भी चिंता करते हैं तो हमें इसे ठीक करने के लिए आगे आना चाहिए।' पटेल ने फेसबुक पर लिखा, हमारे पास यहां सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने का अवसर है जो व्यवस्था को हिला देगा। पटेल ने 'एएल डॉट कॉम' को बताया कि उनका व्यावसायिक कौशल उन्हें कांग्रेस में प्रभावी बनाएगा और संघीय घाटे और सामाजिक सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण जैसे मुद्दों से निपटने में मदद करेगा। उनके अनुसार वाशिंगटन में रहने वालों ने इन मूलभूत समस्याओं का जवाब शालीनता के साथ दिया है। इससे पहले पटेल 2022 में दूसरी जिला सीट के लिए मैदान में थे और डेमोक्रेटिक प्राइमरी में फीलिस हार्वे-हॉल से हार गए थे। पटेल का परिवार 1980 में भारत से आकर बस गया। अमेरिका में जन्में, विमल पटेल ने ट्रॉय के चार्ल्स हेंडरसन हाई स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 2007 में ऑबर्न से राजनीति विज्ञान की डिग्री हासिल की। 2007 में स्नातक होने के बाद, पटेल ने ट्रॉय, मोंटगोमरी और डोथन में होटल और यूफौला में एक लॉन्ड्रोमैट के साथ अपने परिवार के आतिथ्य व्यवसाय को संभालने के लिए ट्रॉय लौटने का फैसला किया।


## त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए, उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जा रहीं निम्नलिखित आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | आवृत्ति | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि | कुल अतिरिक्त फेरे |
|---|---|---|---|---|
| 01678 नई दिल्ली–गया सुपरफास्ट पूजा विशेष | सोम, शुक्र | 06.11.2023 से 27.11.2023 | 01.12.2023 एवं 04.12.2023 | 2 फेरे |
| 01677 गया–नई दिल्ली सुपरफास्ट पूजा विशेष | मंगल, शनि | 07.11.2023 से 28.11.2023 | 02.12.2023 एवं 05.12.2023 | 2 फेरे |
| 04002 आनंद विहार (ट.)–पटना जं. विशेष | तिथि अनुसार | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.23 | 18.11.2023 से 30.11.2023 | 13 फेरे |
| 04001 पटना जं.–आनंद विहार (ट.) विशेष | तिथि अनुसार | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.23 | 19.11.2023 से 01.12.2023 | 13 फेरे |
| 04062 दिल्ली जं.–बरौनी जं. विशेष | रविवार | 05.11.2023 से 26.11.2023 | 03.12.2023 एवं 10.12.2023 | 2 फेरे |
| 04061 बरौनी जं.–दिल्ली जं. विशेष | सोमवार | 06.11.2023 से 27.11.2023 | 04.12.2023 एवं 12.12.2023 | 2 फेरे |
| 04490 नई दिल्ली–दरभंगा जं. विशेष | तिथि अनुसार | 8, 11, 15 एवं 18.11.2023 | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 | 4 फेरे |
| 04489 दरभंगा जं.–नई दिल्ली विशेष | तिथि अनुसार | 9, 12, 16 एवं 19.11.2023 | 22, 25, 28.11.2023 एवं 01.12.2023 | 4 फेरे |
| 04006 दिल्ली जं.–जयनगर विशेष | तिथि अनुसार | 09, 12, एवं 15.11.2023 | 18, 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 | 5 फेरे |
| 04005 जयनगर–दिल्ली जं. विशेष | तिथि अनुसार | 11, 14, एवं 17.11.2023 | 20, 23, 26, 29.11.23 एवं 02.12.2023 | 5 फेरे |
| 04022 नई दिल्ली–सहरसा जं. विशेष | तिथि अनुसार | 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 | 18.11.2023 से 30.11.2023 | 13 फेरे |
| 04021 सहरसा जं.–नई दिल्ली विशेष | तिथि अनुसार | 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 | 19.11.2023 से 01.12.2023 | 13 फेरे |
| 04526 सरहिंद जं.–सहरसा जं. विशेष | तिथि अनुसार | 8, 11, 14 एवं 17.11.2023 | 20, 23, 26 एवं 29.11.2023 | 4 फेरे |
| 04525 सहरसा जं.–अम्बाला छावनी जं. विशेष | तिथि अनुसार | 9, 12, 15 एवं 18.11.2023 | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 | 4 फेरे |
| 04528 सरहिंद जं.–सहरसा जं. विशेष | तिथि अनुसार | 9, 13, 16 एवं 19.11.2023 | 22, 25 एवं 28.11.2023 | 3 फेरे |
| 04527 सहरसा जं.–अम्बाला छावनी जं. विशेष | तिथि अनुसार | 10, 14, 17 एवं 20.11.2023 | 23, 26 एवं 29.11.2023 | 3 फेरे |
| 02248 आनंद विहार (ट.)–पटना जं. सुपरफास्ट विशेष | वीर, शनि | 9, 11, 16 एवं 18.11.23 | 23, 25 एवं 30.11.2023 | 3 फेरे |
| 02247 पटना जं.–आनंद विहार (ट.) सुपरफास्ट विशेष | वीर, शनि | 9, 11, 16 एवं 18.11.23 | 23, 25 एवं 30.11.2023 | 3 फेरे |
| 02246 नई दिल्ली–पटना जं. (गतिशक्ति) विशेष | तिथि अनुसार | 10, 11, 14, 15, 16, 17 और अतिरिक्त 18 एवं 19.11.2023 | 20.11.2023 से 30.11.2023 | 11 फेरे |
| 02245 पटना जं.–नई दिल्ली (गतिशक्ति) विशेष | तिथि अनुसार | 11, 12, 15, 16, 17, 18 और अतिरिक्त 19 एवं 20.11.2023 | 21.11.2023 से 01.12.2023 | 11 फेरे |
| 02250 नई दिल्ली–पटना जं. (राजधानी) विशेष | तिथि अनुसार | 10, 13, 15, 17 और अतिरिक्त 19 एवं 21.11.2023 | 23, 25, 27 एवं 29.11.2023 | 4 फेरे |
| 02249 पटना जं.–नई दिल्ली (राजधानी) विशेष | तिथि अनुसार | 11, 14, 16, 18 और अतिरिक्त 20 एवं 22.11.2023 | 24, 26, 28 एवं 30.11.2023 | 4 फेरे |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 18 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। काम में सफलता भी शीघ्र नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृषभ - आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

मिथुन - आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क - किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह - साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

तुला - आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक - परिजनों के साथ मनदु-ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ - आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन - आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1727-महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
1738-फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1772-पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली।
1833-हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1901-फ़िल्मकार, अभिनेता और निर्देशक वी शांताराम का जन्म हुआ।
1909-अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया।
1910-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का जन्म।
1918-उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
1922-तुर्की के युवराज अब्दुल मजीद द्वितीय को खलीफा चुन लिया गया।
1948-बिहार की राजधानी पटना के पास स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
1956-मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
1959-आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया।
1962-परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक शैतान सिंह का निधन।
1963-अमेरिकी टेलीफोन कंपनी बेल सिस्टम्स दुनिया के सामने पहला ऐसा फोन लाई जिसमें बटन वाला डायलिंग पैड था।
1972-बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया था।
2003-श्वार्जेनेगर ने कैलीफ़ोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली थी।
2005-प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित।
2013-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर मावेन यान को भेजा गया था।
2017-भारत की मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड 2017' का खिताब जीता था।

## चीन-अमेरिका संबंधों के लिए एक नया शुरुआती बिंदु बना 'सैन फ्रांसिस्को विजन'

**बीजिंग,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 नवंबर की सुबह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। पिछले साल 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली द्वीप में चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों की मुलाकात के बाद यह एक और महत्वपूर्ण बैठक थी। चीन और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच इस बैठक का महत्व न केवल 'बाली लौटना' और असामान्य स्थिति को हल करना है। यह एक रणनीतिक, ऐतिहासिक और अग्रणी कदम भी है कि चीन-अमेरिका संबंधों को वापस पटरी पर लाएं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 'पांच समानताएं' प्रस्तावित की, जिसने चीन और अमेरिका के स्थिर विकास के लिए पांच स्तंभ रखे और द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य के लिए 'सैन फ्रांसिस्को विजन' खोला। सही समझ स्थापित करना चीन-अमेरिका संबंधों का शुरुआती बिंदु है। केवल रिश्तों की स्थिति को स्पष्ट करने और एक-दूसरे की प्रेरणाओं और इरादों को सही ढंग से समझने से ही बातचीत और सहयोग प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि चीन हमेशा स्थिर, स्वस्थ और टिकाऊ चीन-अमेरिका संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। साथ ही चीन के ऐसे हित हैं, जिनकी रक्षा की जानी चाहिए, ऐसे सिद्धांत हैं जिनकी रक्षा की जानी चाहिए, और ऐसी मूल बातें हैं जिनका पालन किया जाना चाहिए। चीन को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका भागीदार बन सकते हैं, एक-दूसरे का सम्मान कर सकते हैं और शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। चीन और अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की यह बैठक समग्र स्थिति के आधार पर चीन-अमेरिका संबंधों और विश्व स्थिति को स्थिर बनाने के लिए चीन द्वारा की गई एक प्रमुख रणनीतिक विकल्प है। जाने-माने अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने कहा, 'मैं अमेरिका-चीन संबंधों को संभालने में आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और साझी जीत वाले सहयोग के तीन सिद्धांतों से दृढ़ता से सहमत हूं। मुझे उम्मीद है कि अमेरिका और चीन उभय प्रयास कर भू-राजनीतिक तनाव को दूर कर सकें, विश्व शांति की रक्षा कर सकें, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास के लिए योगदान प्रदान कर सकें।'

## फिलीपींस में 7.2 तीव्रता का भीषण भूकंप

**मनीला,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता का जबरदस्त भूकंप आया, हालांकि जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, अपतटीय भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार शाम 4.14 बजे आया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि भूकंप का केंद्र दावाओ ऑक्सिडेंटल क्षेत्र में सारंगानी शहर से लगभग 30 किमी दक्षिण पश्चिम में भूतल से 10 किमी की गहराई पर था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद अभी और झटके आएंगे तथा नुकसान होगा। इस बात की भी तत्काल कोई जानकारी नहीं है कि भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी हुई है या नहीं। जनरल सैंटोस सिटी और आस-पास के प्रांतों सहित मिंडानाओ द्वीप के आसपास के इलाकों में भी भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया। प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' के साथ स्थित होने के कारण फिलीपींस में अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं।

## गाजा अस्पताल के पास एक और इजरायली बंधक का मिला शव : आईडीएफ

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास-नियंत्रित क्षेत्र में सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा के परिसर में 65 वर्षीय अपहृत के अवशेष पाए जाने के ठीक एक दिन बाद, गाजा में अल-शिफा अस्पताल के पास एक और बंधक का शव पाया गया। एक्स पोस्ट में, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि शव 19 वर्षीय कॉर्पोरल नोआ मार्सिआनो का था, जिसकी 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों ने अपहरण कर हत्या कर दी थी। पोस्ट में कहा गया, 'उसका शव गाजा में शिफा अस्पताल के पास आईडीएफ सैनिकों द्वारा पाया और निकाला गया। आईडीएफ परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और उनका समर्थन करना जारी रखेगा।'


## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 18.11.2023 एवं 19.11.2023 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है।

| विशेष रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 18.11.2023 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन |
| 04488 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर जं. | 14:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा और बस्ती स्टेशन |
| 03576 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:55 | आसनसोल जं. | 10:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं.दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया, कोडरमा और धनबाद स्टेशन |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा जं. | 16:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढी स्टेशन |
| 04146 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन |
| 02248 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल (अनारक्षित स्पेशल) | 08:30 | जयनगर | 07:00 | सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | शयनयान, सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, पनियहवा, नरकटियागंज, बेतिया और सगौली जं. |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा | 13:20 | 3 टियर वाता, शयनयान, सामान्य | दिल्ली शाहदरा, गाज़ियाबाद, हापुर, अमरोहा, मुरादाबाद, चन्दौसी, आँवला, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर, केराकत, डोभी, औंड़िहार, गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर और बलिया स्टेशन |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया और सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन |
| 04002 | आनन्द विहार टर्मिनल | 00:05 | पटना जं. | 15:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| **दिनांक 19.11.2023 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा और हाजीपुर स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन |
| 03228 | आनन्द विहार टर्मिनल | 09:30 | आरा | 04:00 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दिलदारनगर, गहमर, बक्सर, डुमरांव और बिहिया स्टेशन |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी एक्स. स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | 3 टियर वाता इकॉनोमी क्लास | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशन |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

**उत्तराखंड में फिर आया भूकंप, किसी बड़े खतरे का संकेत तो नहीं?**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के सीमांत जिलों में बार-बार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इस बार उत्तरकाशी में धरती कांप गई। एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारतीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप 16 नवंबर, बुधवार रात 2.02 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। बीती रात जब लोग घरों में चैन की नींद सो रहे थे, तभी धरती अचानक हिलने लगी। जिसके बाद डरे हुए लोग घरों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने तो पूरी रात जागकर ही बिताई। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र मोरी अन्तर्गत सांकरी के सिंगतूर रेंज के वन क्षेत्र में जमीन से पांच किमी नीचे था।

## उत्तराखण्ड में सभी टनल प्रोजेक्ट की होगी समीक्षा : धामी

■ अमरनाथ तिवारी



**मुख्यमंत्री ने दिए समीक्षा करने के निर्देश**

देहरादून, 17 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी के सिकल्यारा में निर्माणाधीन टनल में 40 श्रमिकों के फंसने की घटना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी टनल प्रोजेक्ट की समीक्षा की जाएगी। शहरों की वहन क्षमता का भी हम आकलन कर रहे हैं। आपको बता दें कि मसूरी, देहरादून-टिहरी समेत प्रदेश में कई टनल प्रोजेक्ट प्रस्तावित व विचाराधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एजेंसियां बचाव कार्य में जुटी हैं और राज्य सरकार इसमें उनका सहयोग कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय भी रेस्क्यू अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री स्वयं लगातार बचाव कार्य देख रहे हैं। वह समीक्षा कर रहे हैं और हम लोगों से जानकारी ले रहे हैं।

मुझसे भी उन्होंने फीडबैक लिया है। प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार के स्तर से निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी कठिन परिस्थितियों में जो एजेंसियां व विशेषज्ञ काम करते हैं, उनसे संपर्क किया जाए। ऐसे सभी लोग अभियान से जुड़े हैं और उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे बताया गया है कि वहां अत्याधुनिक मशीन ने काम करना शुरू कर दिया है। यह मशीन हर घंटे में पांच से 10 मीटर में ड्रिल करेगी। सब ठीक रहा है, तो सभी भाइयों को हम जल्द निकाल पाएंगे। वहां जितनी भी एजेंसियां काम कर रही हैं, उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर प्रकार का सहयोग दिया जा रहा है।

मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी उनके संपर्क में हैं। तकनीकी चीजें उन्हीं को करनी है, राज्य सरकार उनको पूरा सहयोग देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनल में फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। उनसे लगातार संपर्क हो रहा है। सभी को खाना, पानी, ऑक्सीजन सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। टनल के दौरान जो हालात बने, उन्हें पहले नहीं देखा जाना चाहिए था, इस प्रश्न पर सीएम ने कहा कि अभी हमारी सबसे पहली प्राथमिकता सभी को सुरक्षित बाहर निकालने की है। एक प्रश्न के जबाव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि टनल निर्माण का कार्य एनएचआईडीसीएल कर रही है।

सुरंग का काम पूरा होने वाला था। 400 मीटर का काम शेष रह गया था। इसकी मॉनिटरिंग भी वही लोग कर रहे थे। लेकिन आगे के लिए हम इस तरह के सभी निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। इंदौर से दून पहुंचे मुख्यमंत्री ने सुबह सचिवालय पहुंचकर उच्चाधिकारियों की एक बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव अभियान की जानकारी ली। उन्होंने कमिश्नर गढ़वाल और आईजी गढ़वाल से अपडेट लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बचाव अभियान में जुटी केंद्रीय एजेंसियों को हरसंभव मदद करें।

### छठवें दिन भी मजदूरों को निकालने की कोशिश

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे में तकरीबन 40 मजदूर फंसे हैं। मजदूरों को बचाने रेस्क्यू ऑपरेशन छठवें दिन भी जारी है। सिलक्यारा सुरंग में मलबे में ड्रिल कर डाले जा रहे पाइप का किसी कठोर वस्तु ने रास्ता रोक दिया है। चैथा पाइप आधा जाकर रुक गया है। अभी तक ड्रिलिंग 24 मीटर ही हो पाई है। तीन पाइप पूरे और चैथा पाइप आधा ही गया है। अमेरिकी ऑगर मशीन से 900 एमएम व्यास के करीब 10 से 12 पाइप डाले जाने हैं। गुयवार को जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ सिलक्यारा पहुंच थे। रेस्क्यू ऑपरेशन के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल व एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खल्को ने उन्हें निर्माणाधीन सुरंग व रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी दी। उन्होंने सुरंग के अंदर जाकर भी भूस्खलन वाली जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान वीके सिंह ने कहा कि सुरंग के अंदर फंसे लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकालना पहली प्राथमिकता है। इसके लिए प्रधानमंत्री से लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर सभी एजेंसियां मिलकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब रेस्क्यू शुरू हुआ तो मलबा गिर रहा था। इसलिए मशीन से यहां ड्रिलिंग कर लोगों को बचाने का निर्णय लिया गया, लेकिन पुरानी मशीन में कुछ रुकावट आई। अब नई मशीन लगाई गई है, जिसकी पावर और स्पीड पुरानी मशीन से ज्यादा है। कोशिश है कि यह रेस्क्यू कार्य जल्द खत्म हो जाए।

## प्रदेश में 2050 पाठशालाएं बनेंगी मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस



■ विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए होंगे व्यापक सुधार: मुख्यमंत्री
■ जिला में बेहतर कार्य करने वाले 5 स्कूल होंगे सम्मानित

**शिमला,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। वर्ष 2026-2027 तक राज्य की प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की 2050 पाठशालाओं को चरणबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिक्षा विभाग की एक समीक्षा बैठक में दी। अगले शैक्षणिक सत्र से यह संस्थान गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने 31 दिसंबर, 2023 तक इनकी सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है तथा इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। राज्य में सरकारी क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जाएंगे। इसके साथ ही स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा, जिसके लिए खण्ड, उपमंडल व जिला स्तर के अधिकारियों को शामिल किया जाएगा, ताकि शिक्षा के स्तर में सुधार आ सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गेस्ट लेक्चरर योजना शुरू करने की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिये। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लेने और चयन के बाद उन्हें रिक्त पदों वाले स्कूलों में एक साल के लिए तैनात करने संबंधी प्रावधान भी किए जाएंगे। उन्होंने विभाग को इस योजना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विभाग को प्राथमिक और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के क्लस्टर बनाकर उनके संसाधनों का सांझा उपयोग करने की रूपरेखा को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अन्य गतिविधियों के साथ-साथ एक शैक्षणिक सत्र में अनिवार्य 220 अध्यापन दिवस सुनिश्चित करने के लिए कैलेंडर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रमुख दायित्व विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना है तथा उन्हें अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। पहली नियुक्ति पर अध्यापकों को अनिवार्य प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले स्कूलों और अध्यापकों को राज्य सरकार प्रोत्साहित करेगी और इसके तहत जिला स्तर पर 5 स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों के साथ-साथ प्रमुख गैर सरकारी संस्थाओं का सहयोग लेने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में लाए जा रहे सुधारों के तहत सरकारी शिक्षण संस्थानों में भी छह वर्ष की आयु में पहली कक्षा में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को आयु वर्ग के अनुसार जीवन उपयोगी कौशल (लाइफ स्किल) में पारंगत किया जाएगा, ताकि उनका ज्ञान केवल किताबों तक ही सीमित न रहने पाए।

## नैनीताल में हुए सड़क हादसे में 9 की मौत

**नैनीताल,** , 17 नवम्बर (देशबन्धु)। ओखलकांडा ब्लॉक अंतर्गत छीड़ाखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। छीड़ाखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर हुई दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई है। एसएसपी ने 9 लोगों की मौत की पुष्टि की है 2 लोग घायल भी हुए हैं।

■ छीड़ाखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर हुआ हादसा
■ पिकअप 500 मीटर गहरी खाई में गिरी
■ पुलिस-एसडीआरएफ का रेस्क्यू अभियान जारी



हादसा तब हुआ जब एक जीप (पिकअप) खाई में गिर गई पुलिस- एसडीआरएफ ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों का रेस्क्यू किया है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। सबसे पहले ग्रामीणों को हादसे का पता चला। इसके बाद दुर्घटना की सूचना नवीन नाम के पीआरडी जवान ने दी।

एसएसपी नैनीताल प्रहलाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की जीप में बैठे हुए लोग पास के ही गांव में पीपल पानी में शामिल होने जा रहे थे कि अचानक जीप वाहन अनियंत्रित हो गया जो गहरी खाई में गिर गई। जिसमें बैठे 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। दो गंभीर रूप से घायल है जिनका उपचार चल रहा है ,जबकि एक सामान्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।

फिलहाल पुलिस-एसडीआरएफ का रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया है, सभी शवों का पंचनामा भरकर के पोस्टमार्टम करने की तैयारी चल रही है। फिलहाल प्रशासन भी इस पूरी घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं, जो भी उचित मुआवजा प्रशासन के मानकों के अनुरूप होगा, वह मृतकों के परिजनों को दिया जाएगा। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण छीड़ाकान मोटर मार्ग पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने बदहाल सड़क के लिए सरकार, प्रशासन और विभाग के लिए नाराजगी जाहिर की है।

### धामी ने मृतकों के प्रति जताया शोक

नैनीताल। सड़क हादसे पर सीएम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। हादसे की वजह वाहन में यात्रियों की अधिक संख्या और बदहाल मोटर मार्ग को बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से खाई में गिरे यात्रियों को बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया।

## समूह ग की परीक्षा को लेकर डीएम ने ली बैठक

**नई टिहरी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी रविवार को आयोजित होने वाली सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') की परीक्षा के सफल सम्पादन के लिए अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेªटो की एक बैठक अपने कार्यालय में ली। बैठक में एडीएम ने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेªटो को निर्देश दिये कि परीक्षा के शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन हेतु अपने-अपने दायित्वों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कक्ष निरीक्षक व परीक्षा से सम्बद्ध स्टाफ मोबाइल फोन एवं किसी भी प्रकार के बैगध्थैला को परीक्षा कक्ष में न ले जाये। उन्होने निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घडी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिकध्डिजिटल सामाग्री परीक्षा केन्द्र पर ना लाने दिया जाय। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाय कि निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध लोक सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित की जाने वाली सभी परीक्षाओं में बैठने पर प्रतिबन्धित किए जाने या अन्य विधिक कार्यवाही की जा सकती है। एडीएम ने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में कार्यरतध्तैनात कर्मचारियोंध्अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाय। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

उन्होनें निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों को पहचान-पत्र परीक्षण के उपरान्त ही, परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाय तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी दशा में परीक्षा में प्रवेश न दिया जाय। एडीएम ने बताया कि जनपद में 05 केन्द्रों पर सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') की परीक्षा 19 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जायेगी। जिसमें 1200 अभ्यर्थियों परीक्षा हेतु प्रतिाीाग करेगें। जिस हेतु 01 जोनल मजिस्टेªट, 05 सेक्टर मजिस्टेªट तथा 03 रिजर्व सेक्टर मजिस्टेªट एवं पर्याप्त सुरक्षा कर्मी नियुक्त किये गये हैं।

## कैबिनेट में लाई जाएगी महिला नीतिः रेखा आर्या



**महिलाओं के लिए होगी कारगर साबित**

देहरादून, 17 नवम्बर (देशबन्धु)। अपने शासकीय आवास पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बाल विकास और महिला कल्याण की बैठक की। बैठक में मंत्री ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि महिला कल्याण के लिए जो लगभग 8 करोड़ धनराशि प्राप्त हुई है उसके लिए कार्ययोजना और जो नीति बननी है वह तैयार करें ताकि महिलाओ के लिए यह धनराशि काम आए।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा कुछ कार्य कर लिए गए हैं लेकिन अभी भी काफी काम शेष है जिसपर उनके द्वारा नाराजगी भी व्यक्त की गई है और अधिकारियों से कहा गया है कि जो भी नीति और कार्ययोजना बननी है उसे जल्द पूर्ण करें क्योंकि उनके द्वारा लगभग एक माह पहले बैठक में यह सभी निर्देश दिए जा चुके है ऐसे में किसी भी बैठक में दिए गए निर्देश का पालन ना होना सही नही है।साथ ही कहा कि जल्द ही हम महिला नीति लाने जा रहे है जिसके बारे में भी अधिकारियों से कहा गया है कि इसका प्रस्ताव बनाये ताकि इसे जल्द ही कैबिनेट के समक्ष लाया जा सके।

कहा की अभी यह नियोजन के स्तर पर बनी हुई है।

इस नीति के बनने से हम अपनी उत्तराखंड की समस्त महिलाओं को सशक्त करने का काम करेंगे।वहीं जानकारी देते हुए बताया कि नंदा गौरा योजना की प्रगति के बारे में भी जाना कि अभी तक कितने लाभार्थियों ने ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण करा लिया है और जिन्होंने नही किया उन्हें किस प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बैठक में इस अवसर पर सचिव श्री हरि चंद सेमवाल जी,निदेशक श्री प्रशांत आर्य जी,उनिदेशक श्री विक्रम सिंह जी,मुख्य परिवीक्षा अधिकारी श्री मोहित चैधरी जी उपस्थित रहे।

## आपातालीन कवायदों का मॉक ड्रिल



**उत्तरकाशी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। सिलक्यारा-पॉल गॉव टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने की कवायद तेज गति से चल रही है। टनल में हैवी ड्रिलिंग मशीन से ड्रिलिंग की कार्यवाही युद्धस्तर पर चल रही है। मौके पर तैनात पुलिस व आपदामोचन बल पुरे तरीके से अलर्ट है, टनल के सेव पेच में पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, मेडिकल टीमों व अन्य आपदामोचन बलों द्वारा श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने व जरुरत पडने पर अन्य आपातालीन कवायदों का मॉक ड्रिल करवाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी द्वारा बताया गया कि टनल में अत्याधुनिक मशीनों की मदद से ड्रिलिंग का काम तेज गति से चल रहा है, अन्दर फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित हैं, श्रमिकों को समय-समय पर रसद, पानी व ऑक्सीजन की सप्लाई की जा रही है, साथ ही उनका मनोबल बनाये रखने के लिये परिजनों से लगातार बातचीत करवाई जा रही है। पुलिस हेल्प डेस्क से भी परिजनों से सम्पर्क साधकर पल-पल की अपडेट दी जी गही है। यहां पर ड्रिलिंग की कार्यवाही पुरी होने के उपरान्त रेस्क्यू के अगले चरण यानि पाईप के माध्यम से श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने व जरुरत पडने पर उनको त्वरित आपातकालीन सहायता मुहैया करवाने के लिये पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, मेडिकल व अन्य आपदामोचन बलों का मॉक ड्रिल करवाया जा रहा है, जिससे सभी आपदा मोचन बलों मे एक बेहतर समन्वय बना है तथा किसी भी आपात दशा में सभी साथ मिलकर एक त्वरित व जरुरी सेवा दे सकेंगे। उन्होने बताया कि साईट पर हमारी पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीवी व अन्य आपदामोचन बलों की टुकडियां 24 घण्टे मुस्तैद हैं, किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रेस्क्यू सेवाएं दी जायेगी। प्रथमिक उपचार हेतु साईट के बाहर ही मेडिकल सहायता केन्द्र बनाये गये हैं।

## शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजे बाबा केदारनाथ

■ डोली आगमन पर भक्तों ने किया पुष्प वर्षा से स्वागत



**रुद्रप्रयाग,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो गई है। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल आगमन पर विद्वान आचार्यों ने वेद ऋचाओं व भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। आज से भगवान केदारनाथ की शीतकालीन पूजा ओंकारेश्वर मन्दिर में विधिवत शुरू होगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के ऊखीमठ आगमन पर पंचगाई हक-हकूकधारी समिति द्वारा दूसरी बार केदार महोत्सव का आयोजन किया गया। ओंकारेश्वर मन्दिर में यात्रा काल के दौरान 78 हजार 152 तीर्थ यात्रियों ने पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी तथा विश्व समृद्धि की कामना की।

शुक्रवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी प्रधान पुजारी शिव लिंग ने ब्रह्म बेला पर पंचाग पूजन के तहत भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली तथा विश्वनाथ की विशेष पूजा अर्चना की और दस बजे भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ के लिए रवाना हुई। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली के कैलाश से ऊखीमठ आगमन पर भक्तों ने पैदल मार्ग के विभिन्न पड़ावों पर भव्य स्वागत किया। ठीक सवा 12 बजे भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ पहुंची तो भक्तों के जयकारों व ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण से सम्पूर्ण भूभाग गुंजायमान हो उठा। पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली ने ओंकारेश्वर मन्दिर की एक परिक्रमा की तथा रॉवल भीमाशंकर लिंग ने केदारनाथ धाम के प्रधान पुजारी शिव लिंग का छः माह केदारनाथ में विधि-विधान से पूजा करने पर शुभ आशीष दिया।

## चंदन की लकड़ी तस्करी करने वाला दबोचा

**रुद्रपुर,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना दिनेशपुर पुलिस ने चंदन की लकड़ी की चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चंदन की लडकी समेत औजार बरामद किए हैं। पुलिस तस्कर को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। गिरफ्तार तस्कर पूर्व में भी चंदन की लकड़ी चोरी करने में जेल जा चुका है। पुलिस के मुताबिक विमल राय पुत्र मनोरंजन राय निवासी वार्ड 9 थाना दिनेशपुर ने पुलिस सूचना दी की उनके आवास के पास स्थित तालाब के किनारे लगे एक चंदन के पेड़ को अज्ञात चोर काट कर ले गए हैं पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।विवेचना एएसआई संतोष उप्रेती को दी गई। घटना का खुलासा करने को थाना स्तर पर टीम बनाई गई। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय के मुताबिक पुलिस लकड़ी तस्कर की तलाश कर रही।

इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि आनंद खेड़ा के पास लकड़ी तस्कर खड़ा है। आनंद खेड़ा नंबर दो में आनंद विहार प्लाटिंग के पास पहुंचे तो प्लाटिंग के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस के पहुंचने पर वह भागने लगा। पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया। तलाश ली तो बैग में लकड़ी काटने के औजार बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम कमल ढली पुत्र स्वर्गीय अशोक ढली निवासी सूरज फार्म अशोक नगर मानपुर ओझा थाना बिलासपुर जिला रामपुर यूपी बताया। पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके द्वारा 12 नवंबर की रात में दिनेशपुर वार्ड 9 से चंदन के पेड़ को अपने साथी विजय निवासी प्लानटेशन थाना दिनेशपुर के साथ मिलकर काटकर उसकी चोरी की गई है।चन्दन की लकडी का गिल्टा अंधुवा नदी के किनारे छिपाना बताया।

### सोमवार से उत्तराखंड में मौसम बदलने के आसार

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम शुष्क है और ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है। जिसके चलते अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। हालांकि, सुबह-शाम ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल मौसम के मिजाज में किसी प्रकार के बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन सोमवार से पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छा सकते हैं। जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। देहरादून में सुबह से चटख धूप खिली रही और पारा भी 29 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। हालांकि, शाम ढलते ही पारा तेजी से नीचे गिर रहा है जिससे रात को ठिठुरन महसूस की जा रही है। ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में इन दिनों पारा सामान्य से तीन-चार डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में जरूर सर्द हवाएं कंपकंपी बढ़ा रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, फिलहाल अगले कुछ दिन प्रदेश में वर्षा के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। शुष्क मौसम के कारण ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक बने रहने की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में पारा सामान्य रह सकता है। सोमवार को ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल विकसित हो सकते हैं।

### हाईवेयर की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**रूद्रपुर।** गंगापुर रोड पर हार्डवेयर की एक दुकान में आग लगने से लाखों का नुकासन हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर बमुश्किल आग को काबू पाया। बताया जा रहा है कि शांति विहार निवासी हरि नारायण विश्वकर्मा की गंगापुर रोड दक्ष चैक के पास विश्वकर्मा इंटरप्राईजेज के नाम से हार्डवेयर की दुकान है। गुरूवार शाम को दुकान स्वामी रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चले गये। रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान से अचानक धुंआ उठता देख आस पास के लोगों ने दुकान स्वामी को सूचना दी। लोगों ने पुलिस एवं दमकल विभाग को भी सूचना दी। बताया जाता है कि जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे ,तब तक दुकान में आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग को काबू किया। तब तक दुकान में लाखों का सामान खाक हो चुका था। दुकान स्वामी के मुताबिक अग्निकांड में करीब दस लाख का नुकसान हुआ है। अग्निकांड का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### सुडोकू 6379 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

# प्रादेशिकी

## आधा दर्जन घरों से लाखों के जेवरात व नकदी ले उड़े चोर

**फर्रुखाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र में बीती रात दो गांवों में चोरों नें आधा दर्जन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। सर्दी का मौसम आते ही चोर सक्रिय हो गए हैं। पुलिस नें मामले में जाँच पड़ताल की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी अनुरुद्ध गंगवार के मकान में जल मिशन योजना के अभियंता सत्येंद्र कुमार व नितेश यादव एवं अन्य कर्मचारी तथा श्रमिक किराए पर रहते हैं। दीपावली पर सभी लोग अपने-अपने घरों को चले गए थे। त्योहार के बाद गुरुवार वाले दिन जब वापस लौटे तो मकान का ताला तथा अंदर के कमरों एवं ऊपरी मंजिल के कमरों के ताले टूटे हुए देखकर भौचक्के रह गए। सामान बिखरा हुआ पड़ा था। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अलमारियां खुली पड़ी थी।

# कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण को अब हर माह बैठक करेंगे अधिकारी



**कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विभागाध्यक्ष स्तर पर हो समाधान : दुर्गा शंकर मिश्र**

**लखनऊ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को रहने और निवेश के लिए सबसे सुरक्षित स्थान बनाने के साथ-साथ कार्य करने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश सरकार के अधीन काम करने वाले राज्य कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने राज्य सरकार के समस्त अधिकारियों को अपने अधीन काम कर रहे कर्मचारियों एवं कर्मचारी संगठनों की मांग एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह कम से कम एक बार बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में अधिकारी न सिर्फ कर्मचारी और कर्मचारी संगठनों की समस्याओं और मांगों को सुनेंगे, बल्कि उनका निस्तारण भी सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की ओर से पहले भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं और अब नियमित रूप से इस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को इस विषय से अवगत कराते हुए निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्गत सुस्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों के समक्ष विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर सेवा संबंधी प्रकरण मांग-पत्र प्राप्त होते रहते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कर्मचारी संगठनों की मांगों पर विभागाध्यक्ष स्तर पर समाधान और अनुश्रवण की प्रभावी कार्यवाही नही हो पा रही है। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग से सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क करते हैं। ऐसे प्रकरण जिनका समाधान विभागाध्यक्ष या प्रशासकीय विभाग के स्तर पर किया जा सकता है, की नियमित समीक्षा कर निराकरण कराया जाना आवश्यक है।

## प्रदेश में टीबी के प्रीजेम्टिव केसों की होगी अधिक जांच

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को वर्ष 2025 तक ट्यूबरक्लोसिस मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए अलग-अलग तरीके से टीबी के मरीजों को खोजने का काम और उनका इलाज किया जा रहा है। इसी क्रम में योगी सरकार ने अब प्रीजेम्टिव (अनुमानित) केसों की ज्यादा से ज्यादा जांच कराने का फैसला किया है। स्टेट टीबी अफसर डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने इस संबंध में सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में निर्देश दिया गया है कि सभी जिले प्रीजेम्टिव टीबी के केसों की जांच बढ़ाएं। पत्र के मुताबिक इस साल प्रीजेम्टिव टीबी इक्जामिनेशन रेट 2000 प्रति लाख जनसंख्या प्रति वर्ष होना चाहिए। ज्यादातर जिले इस लक्ष्य को अभी तक प्राप्त नहीं कर सके हैं इसलिए साल के बचे कार्यदिवसों में लक्ष्य को प्राप्त करें। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हालांकि टीबी मरीज खोजने के मामले में भारत की तारीफ की है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक वर्ष 2022 में टीबी से होने वाली मौतें भी घटी हैं। इस दौरान दुनिया के 27 फीसदी टीबी मरीज भारत में पाए गए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि देश-प्रदेश में टीबी मरीजों को चिंहिकरण का काम तेज हुआ है। नेशनल स्टेटजिक प्लान 2017-2025 के मुताबिक, टीबी उन्मूलन का लक्ष्य 44 केस प्रति लाख निर्धारित किया गया है। ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक देश में बीते साल 199 केस प्रति लाख मिले हैं जिसे 2023 में 77 प्रति लाख होने की उम्मीद है।

## आम आदमी पार्टी ने कलैक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क पर एकत्र होकर मेरठ गढ़ रोड पर मानकों के विपरीत अवैध निर्माण कर संचालित हो रहे न्यूटीमा अस्पताल के ध्वस्तीकरण किये जाने को लेकर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी मेरठ व उपाध्यक्ष मेरठ विकास प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा मेरठ मेडिकल कॉलेज के सामने मुख्य गढ़ रोड पर बहुमंजिला अवैध निर्माण कर न्यूटीमा अस्पताल का संचालन मानकों के विपरीत किया जा रहा है। विगत 14 जुलाई 2016 को तत्कालीन जिलाधिकारी को अस्पताल के निर्माण के वक्त पत्र के माध्यम से इस अवैध निर्माण की सूचना दी गई थी तथा उचित कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया था। अंकुश चौधरी ने कहा आज 6 वर्ष का कार्यकाल बीत जाने के उपरांत भी मेरठ विकास प्राधिकरण के कुशल अधिकारी न्यू टीमा नर्सिंग होम का मौके पर हुए निर्माण का प्रत्येक भूतल पर हुए निर्माण का क्षेत्रफल न तो सवयं मानचित्र पर बना पाया है न ही संचालको द्वारा मौके पर हुए निर्माण का मानचित्र प्राधिकरण ले पाया है।

# कल्याणकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंचने से बढ़ा मतदान : ब्रजेश पाठक

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं गरीबों के घर तक पहुंचने से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोटिंग भाजपा के विजय शंखनाद का संकेत है। ज्यादा वोटिंग होने से मध्य प्रदेश में चौथी बार और छत्तीसगढ़ में कब्जे के साथ भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शुक्रवार को अमेठी में थे। राजेश मसाला के कंबल वितरण समारोह में कहा कि स्मृति ईरानी अमेठी की तस्वीर बदलने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी की आमदनी बढ़ाने के लिए स्मृति ईरानी के क्षेत्र में रुस की रशियन राइफल एके 203 की फैक्ट्री और एशिया की सबसे बड़ी कोका कोला की फैक्ट्री दे चुके हैं। जिससे बेरोजगार हाथों को रोजगार मिलेगा। भाजपा अमेठी के जनता की कर्जदार है। कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली अमेठी की जनता स्मृति ईरानी को सांसद चुना है। अमेठी की जनता स्मृति ईरानी के साथ है। जिससे स्मृति ईरानी 2024 में दूसरी बार फिर सांसद बनेगी। पाठक ने कहा कि लोग धनवान हो जाने पर गरीबों के लिए दरवाजे बंद कर लेते हैं। लेकिन राजेश मसाला गरीबों के लिए दिल का दरवाजा खुला रखा है। अमेठी के आठ हजार गरीबों



**मप्र व छत्तीसगढ़ में भाजपा के जीतने का किया दावा**

को मुफ्त में रजाई वितरण किए हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने अमेठी के लिए खजाना खोल दिए है। अयोध्या, मथुरा और काशी को नई बसों को चलाने के साथ आधा दर्जन नए बस अड्डे बनाने का एलान कर चुके हैं। जिला अस्पताल सहित सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों के न बैठने और अव्यवस्थाओं पर पत्रकारों ने स्वास्थ्य मंत्री से सवाल भी किए। जबाव में मंत्री ने कहा कि अमेठी नंबर वन बनेगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि उनके सांसद बनने के बाद तिलोई को बस अड्डा और जनता को नया कलेक्ट्रेट मिला है। डीएम एसपी के आवास तक नहीं थे। किसानों के लिए अमेठी में खाद का रैक नहीं था। जिससे किसानों को खाद के लिए लाठी खानी पड़ती थी।

## सार संक्षेप

### पालिका की जमीन पर कब्जा, ट्रैक्टर-ट्राली जब्त की



**मवाना।** मवाना नगर में मोहल्ला मुन्नालाल में पालिका की बेशकीमती जमीन पर राखी से भराव कर कब्जा किया जा रहा है। करीब पांच सौ गज से ज्यादा तालाब की भूमि का भराव की कब्जा कर लिया गया है। सूचना पर पहुंचे पालिका कर्मियों ने जोहड़ की जमीन पर भराव करने वालों को रोका और पुलिस बुला ली गई। पुलिस ने भराव करने के काम में लगी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त की और भराव करने वालों से कागजात मांगे। मौके पर पहुंचे पालिका सुपरवाइजर इस मामले की शनिवार को अधिशासी अधिकारी को रिपोर्ट सौपेंगे। मवाना नगर की आबादी के बीचोबीच में मोहल्ला मुन्नालाल के तालाब की जमीन अब बेशकीमती हो गई है। उस पर चारों ओर से जमीन को भराव कर कब्जाने की मुहिम शुरू हो गई है। अनेक लोग धीरे-धीरे मिट्टी डालकर भराव कर रहे है तो कई लोग ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी व राखी लाकर भराव करने मु जुटे हुए हैं। शुक्रवार को जोहड़ की भूमि पर भराव कराने की जानकारी मिली तो चेयरमैन अखिल कौशिक ने अधिशासी अधिकारी राजीव जैन को कब्जा होने की जानकारी दी। अधिशासी अधिकारी ने पालिका सुपरवाइजर शाजिद टीम को लेकर मौके पर भेजा। सुपरवाइजर शाजिद टीम के साथ ने पाया कि वहां पर नांदू नाक का व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्राली से भराव का कार्य कर रहा है, उससे जानकारी की तो कहने लगा कि उस पर पालिका के कागज दिखाने की बात कहने लगा। इस पर पालिका कर्मियों ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया और जोहड़ के भराव के काम को रूकवा दिया। सुपरवाइजर शाजिद ने बताया कि पालिका की जमीन पर कब्जे की रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी को देंगे।

### इलेक्ट्रॉनिक शोरूम से लाखों की चोरी

**मेरठ।** शुक्रवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के ताले तोड़कर नगदी सहित लाखों रुपए का कीमती सामान उठा ले गए। जानकारी मिलने पर मालिक शोरूम पर पहुंचा और शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो चोर कमरे में कैद हो चुके थे। जिसके बाद शोरूम मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी। घटना परतापुर थाना क्षेत्र के रिठानी की है।

### भवन सील करने पहुंची टीम पर हमला

**मेरठ।** सदर कबाड़ी बाजार भवन संख्या 259 के स्वामी गुलशन चड्ढा व अन्य के द्वारा सील तोड़कर पुनः अवैध निर्माण की शिकायत पर शुक्रवार को केंट बोर्ड जिला प्रशासन अधिकारी एवं पुलिस फोर्स की मौजूदगी में उक्त भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गई इस कार्रवाई के दौरान जमकर हुआ हंगामा कर्मचारी हुए घायल अधिकारियों के साथ हुई धक्का मुक्की व बदसलूकी। छावनी परिषद इंजीनियर पियूष गौतम कैट बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी आज कैंट बोर्ड जिला प्रशासन एसडीएम सदर व थाना सदर फोर्स सहित उक्त भवन की टूटी सील पर कार्यवाही करने जैसे ही कबाड़ी बाजार भवन पर पहुंचे तो गुलशन चढ़ा व पवन चड्ढा दर्जन लोगों सहित महिलाओं ने छावनी परिषद की टीम पर हमला बोल दिया इस दौरान उक्त भीड़ के द्वारा एसडीएम सदर व इंस्पेक्टर के साथ बदसलूकी व धक्का-मुक्की की गई।



## डीएवी में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रमशः सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा संस्कृत विषयों की दो दिवसीय कार्यशाला का आगाज किया गया। आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर पारंपरिक ढंग से संपन्न किया गया, उसके पश्चात डीएवी गान के माध्यम से डीएवी की प्रबल धारा को प्रवाहित किया गया। आयोजन में डॉ. अल्पना शर्मा (रीजनल डायरेक्टर, डीएवी स्कूल, यूपी जोन, ए) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। डॉ अल्पना शर्मा तथा प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने मुख्य प्रशिक्षकों को नव संचार का द्योतक नई पौध देकर उनका अभिवादन किया। कार्यशाला में डीएवी यू पी जोन ए क्लस्टर के हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, मंसूरपुर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, लोहिया नगर मेरठ, दादरी, नोएडा, अलीगढ़ से लगभग 50 अध्यापकों ने भाग लिया। डॉ. अल्पना शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित समस्त अध्यापकों को संबोधित किया।

# लाभार्थीपरक योजनाओं का उठाएं लाभ

- ■ मंडलायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ
- ■ विकासखंड खरखौदा के ग्राम बिजौली से हुई शुरूआत
- ■ 26 जनवरी 2024 तक चलेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम : विजय कुमार



**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की जा रही है। जनपद मेरठ में विकासखंड खरखौदा के ग्राम बिजौली से मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. द्वारा शुभारंभ किया गया, जिसमें शासन से नामित आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिद्धप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल, ब्लॉक प्रमुख सहित जनपद के सभी जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मंडलायुक्त द्वारा बताया गया कि गांव के सभी व्यक्तियों को इसमें हिस्सा लेना चाहिए और लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। भारत सरकार के प्रतिनिधि विजय कुमार द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम 26 जनवरी, 2024 तक चलेगा।

### पेंटिंग प्रतियोगिता की गई आयोजित

कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें गांव के प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अपना स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्राथमिक विद्यालय बिजौली के छात्रों और छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और राष्ट्रभक्ति का गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



## अन्तर्महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। चौ. चाणसिंह विविद्यालय कि अर्न्तमहाविद्यालय महिला कबडडी का आयोजन एनएएस कॉलेज द्वारा दो दिवसीय प्रतियोगिता का की शुरुआत शनिवार से होगी। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 18 टीमों के आने कि सम्भावना है। 18 नवम्बर में सुबहा 9.30 बजे प्रतियोगिता का शुभ आरम्भ अवैतनिक सचिव एनएएस कालेज अमित कुमार शर्मा द्वारा किया जाएगा। 19 नवम्बर को इस प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता नाकआउट कम लीक के आधार पर खेली जायेगी। अंकों के आधार पर विजेता व उपविजेता घेषित किए जाएंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**प्रतियोगिता में 18 टीमें लेंगी भाग**



## शुरुआती लक्षण पर विशेषज्ञ से सम्पर्क करें गर्भवती : डॉ. अमित उपाधाय

- ■ तीन -तीन महिने के अंतराल पर जांच कराएं
- ■ विश्व प्रीमेच्योरिटी डे पर बाल रोग विशेषज्ञ ने दी सलाह

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। विश्व प्रीमेच्योरिटी डे पर न्यूटिमा हॉस्पिटल के बाल रोग विशेषज्ञ ने कहा विश्व प्रीमेच्योरिटी डे का मकसद समय से पहले जन्म लेने वाले प्री मेच्योर शिशुओं और प्री मेच्योरिटी के मामले रोकने के लिए गर्भवती की देखभाल के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बताया कि प्री मेच्योरिटी की राष्ट्रीय दर सात से दस प्रतिशत है। प्री मेच्योर बेबी होने का कारण गर्भवती में खून की कमी, सकंमण और जुडवा बच्चे, समय से पूर्व प्रसव होने के प्रमुख कारण है। रोकथाम के लिए गर्भवतली की देखभाल पर जोर देना जरूरी है। उन्होंने बताया अस्पताल में अब तक एक हजार अधिक प्री मेच्योर बेबी आ चुका है। जिनका सफ्लता पूर्वक उपचार किया गया है। उन्होंने बताया वर्तमान में चिकित्सा के क्षेत्र में काफी तरक्की की है। अब प्री मेच्योर में गर्भवती को घबराने की जरूरत नहीं है। अब ऐसे नवजात का उपचार संभव है। बस सिफऔर सिर्फ पेशन रखने की जरूरत है। उन्होंने बताया समय से पूर्व जन्म लेने वाले नवजात शिशु कम वजन के होते है।

## चार दिवसीय अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी का आगाज

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार से भामाशाह पार्क के मैदान पर शुरू हुई चार दिवसीय अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के मैच में यूपी ने शानदार शुरुआत की। हालांकि टॉस हिमाचल के कप्तान ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन जल्दी उनका यह फैसला गलत साबित हो गया जब हिमाचल के शुरुआती पॉच बल्लेबाज महज 61 रनों पर ही पैवेलियन लौट गए। हिमाचल के कप्तान प्रणव का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उस समय गलत साबित हुआ जब उनकी टीम के पॉच बल्लेबाल 19 ओवरों में केवल 64 रनों पर ही चलते बने। इनमें ओपनर अर्णव 14 व अर्जुन 1, उज्ज्वल 12, अर्पित 0 और दक्ष कुछ खास नहीं कर सके। वहीं यूपी की ओर से हितेश ने 1, आयुष्मान ने 2 व आदित्य ने एक विकेट हासिल किया। लंच तक हिमाचल की टीम ने 22 ओवरों में पांच विकेट खोकर 64 रन बना लिए हैं

# 190 मतदान केंद्रों का निरीक्षण करेंगे चार अफसर



- ■ एसडीएम ने किया भीष्मनगर के दो केंद्रों का निरीक्षण
- ■ मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं होना जरूरी

**मवाना,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना तहसील प्रशासन ने आगामी लोक सभा के चुनाव की तैयारियां करनी शुरू कर दी है। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में कुल 190 मतदान केन्द्र बने हुए है। इसी परिपेक्ष्य में शुक्रवार को एसडीएम मवाना ने तहसील क्षेत्र के गांव भीष्मनगर में प्राथमिक विद्यालय न.एक और उच्च प्राथमिक विद्यालय भीष्मनगर का निरीक्षण किया। इन दोनों विद्यालयों में बने मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधाएं देखी। कई सुविधाएं पूरी कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मवाना को आदेश दिये। मवाना तहसील के गांव भीष्मनगर में सालों पहले मदरसा में तीन और प्राथमिक स्कूल न.एक में तीन-तीन मतदेय स्थल बने हुए थे लेकिन तहसील प्रशासन ने स्थानाभाव के चलते मदरसा का मतदान बदल दिया और उच्च प्राथमिक विद्यालय में नया मतदान केन्द्र बना दिया गया। शुक्रवार दोपहर एसडीएम अखिलेश यादव ने मवाना खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेन्द्र सिंह के साथ भैंसा उर्फ भीष्मनगर स्थित प्राथमिक स्कूल नं. एक व उच्च प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। दोनों स्कूलों में प्राथमिक सुविधाएं देखी। कमरों की हालत, दरवाजे, साफ सफाई, बॉथरूम, पानी पीने की व्यवस्था, सुरक्षा, आने-जाने के रास्ते देखें।

**आयोजन** *एनएएस कॉलिज में होगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन*

# स्वास्थ्य सेवाओं में डिस्काउंट पाने के लिए बनवाएं हैल्थ कार्ड : डॉ. उमंग

**मेरठ,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। एनएएस कॉलिज के अशोक कुमार शर्मा सभागार में रोटरी क्लब ऑफ साकेत द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें साकेत रोटरी क्लब के अध्यक्ष रो. मनीष संगल ने बताया कि एनएएस कालिज मेरठ और रोटरी क्लब द्वारा 19 नवम्बर यानि रविवार को संयुक्त रूप से कॉलिज के मूट कोर्ट सभागार में नि:शुल्क परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर के संयोजक रो. डॉ. उमंग मित्थल ने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के द्वारा लोगों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

शिविर में हीमोग्लोबिन एंव शुगर की जांच, कैंसर जांच, बच्चेदानी के कैंसर की जांच, नेत्र रोग जांच, स्त्री एंव प्रसूति रोग जॉच, दंत रोग जांच, बाल रोग जॉच, शल्य चिकित्सा जांच, नाक-कान गले की जांच, हड्डी रोग की जॉच, चर्म रोग की जांच नि:शुल्क भी कराई जाएगी। इस शिविर की खास ये है कि यहां पहुंचने वाले लोगों का एक हैल्थ कार्ड भी बनाया जाएगा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20 रुपए रखा गया है। डा. उमंग ने बताया कि इस हैल्थ कार्ड की वैधता 30 जून 2024 तक होगी। इस हैल्थ कार्ड का फायदा ये है कि चिकित्सकों की ओपीडी के दौरान फीस में 40 प्रतिशत, जांच कराने पर 25 प्रतिशत व दवाइयों पर 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। डा. उमंग मित्थल ने बताय कि ये न्यूनतम शुल्क इसलिए निर्धारित किया गया है जिससे कार्ड बनवाने को लेकर बेवजह भीड़ एकत्रित न हो। ऐसे में उन्हीं मरीजों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा जो वास्तव में जरूरतमंद है।

- ■ मात्र 20 रुपए रखा गया है रजिस्ट्रेशन शुल्क
- ■ अब निजी डॉक्टरों की ओपीडी में मिल सकेगी 40 प्रतिशत तक की छूट
- ■ शहर के जाने माने चिकित्सकों की शिविर में रहेगी मौजूदगी




उन्होंने कहा कि एनएएस कॉलेज के स्टॉफ सदस्यों व मीडियाकर्मियों के लिए हैल्थ कार्ड पूरी तरह नि:शुल्क बनाया जाएगा। प्रेसवार्ता में चिकित्सा शिविर के संयोजक डॉ. उमंग मित्थल, रोटरी क्लब ऑफसाकेत के अध्यक्ष मनीष संगल, सचिव रो. विवेक गुप्ता, रो. आकाश जैन, रो. सुधांशु गुप्ता, एनएएस कालिज के सचिव अमित कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे।

### यह डाक्टर करेंगे उपचार व परामर्श

शिविर में डॉ. उमंग मित्थल कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ नलिन मित्थल नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिवाली गोयल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रचना गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंशु जिन्दल स्त्री रोग विशेषज्ञ ,डॉ. राजीव जिन्दल दन्त रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजीव गोयल बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरूण गोयल ईएनटी सर्जन, डॉ. विवेक बंसल सर्जन, डॉ. राहुल गोयल यूरोलॉजिस्ट, डॉ. सुनील जिन्दल सर्जन, डॉ अतुल रास्तोगी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. शिवान्ती चौहान चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. शान्तनु अग्रवाल फिजिशयन, डॉ. संजय गुप्ता रेडियोलोजिस्ट , डॉ. आशीष जैन पैथोलॉजिस्ट डॉ. शालिनी रस्तौगी पैथोलॉजिस्ट रोटरी क्लब के तत्वाधान में हो रहे चिकित्सा शिविर में सभी की नि:शुल्क परामर्श एंव जांच करेंगे।

देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 18 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**अक्षरा सिंह का छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार रिलीज**

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह छठ व्रत की लोकधुन को पिरोते हुए गीत छठी मईया करिहा दुलार लेकर आई हैं, जिसे प्रजक्ता शुक्रे ने कंपोज किया है। छठ गीत छठी मईया करिहा दुलार को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि मैंने अब तक कई छठ गीत गाएं हैं, लेकिन ये कुछ नया और अलग है। इसलिए मैं अपने फैंस और चाहने वालों से कहना चाहूंगी कि आप मेरे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसमें आपको अक्षरा की आवाज आपकी दिल की आवाज जैसी महसूस होगी। इस गाने में छठी मां की महिमा का अभूतपूर्व प्रस्तुति है, जो हर किसी के छठ पूजा को यादगार कर देगा।

### निर्बाध यात्रा अनुभव और सुविधा के लिए एनसीआरटीसी की पहल

# आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी वन-टैप टिकट बुकिंग

**गाजियाबाद,** 17 नवम्बर (देशबन्धु)। नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी द्वारा 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल ऐप के माध्यम से 'वन-टैप टिकटिंग' की सुविधा मिल रही है। जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आज़ादी देगा।

एनसीआरटी सी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने हेतु न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की ज़रूरत है। सिर्फ ऐप में वन टैप बूकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकिट जेनेरेट हो जायगा।



- आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आजादी देगा
- ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी, जो केवल 100 रुपए होगी

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे। यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने हेतु ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर, ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता।

इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी जो केवल 100 रुपए होगी। इसके साथ ही यात्रियों को इस ऐप का उपयोग करते समय अपने मोबाइल फोन की लोकेशन सेवाओं को एक्टिव करना होगा, ताकि ऐप टिकट बुक करते समय ऐप यात्रा के लिए प्रयुक्त आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को आसानी से पहचान सके। यह सेटअप एक बार की प्रक्रिया है जो भविष्य की सभी नमो भारत यात्राओं के लिए वन-टैप टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा।

इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद, आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन पर एक टैप के साथ क्यूआर कोड जनरेट हो जाएगा, जिसकी मदद से यात्री आरआरटीएस स्टेशन में क्यूआर कोड स्कैन करके प्रवेश कर सकेंगे और कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन पर उसी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी यात्रा समाप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन के जरिए यात्री द्वारा की गई यात्रा के लिए गंतव्य स्टेशन के एएफसी गेट से बाहर निकलते समय निर्धारित राशि ऑटोमैटिक रूप से ई-वॉलेट से कट जाएगी।

# फ्लू से होने वाली मौतों के जोखिम को कम करती हैं एंटीवायरल दवाएं

**श्रीनगर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में फ्लू के मामलों की संख्या में वृद्धि के साथ डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डाक) ने शुक्रवार को डॉक्टरों से फ्लू के रोगियों के लिए एंटीवायरल दवाएं लिखने का आग्रह किया। इन्फ्लूएंजा विशेषज्ञ एवं डाक के अध्यक्ष डॉ. निसार उल हसन ने कहा कि एंटीवायरल दवा फ्लू से होने वाली मौतों के जोखिम को कम करती है। एक बड़े अध्ययन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एंटीवायरल दवा से शुरुआती इलाज से फ्लू से होने वाली मौतों का खतरा 60 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

डॉ. हसन ने कहा कि चिकित्सकों को फ्लू के मरीजों को यथाशीघ्र एंटीवायरल दवा लिखनी चाहिए और प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए क्योंकि देरी घातक हो सकती है। उन्होंने कहा कि फ्लू एंटीवायरल उपचार के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं जब उन्हें बीमारी की शुरुआत के दो दिनों के भीतर शुरू किया जाता है। हालांकि, उन्हें बाद में शुरू करना अभी भी मददगार हो सकता है।

डाक अध्यक्ष ने कहा कि पुष्टि किए गए या संदिग्ध फ्लू वाले किसी भी मरीज के लिए एंटीवायरल उपचार की सिफारिश की जाती है जो अस्पताल में भर्ती है या गंभीर प्रगतिशील बीमारी है या फ्लू से संबंधित जटिलताओं के विकसित होने का अधिक खतरा है। जटिलताओं के उच्च जोखिम वाले लोगों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों वाले लोग शामिल हैं। जिन लोगों को गंभीर बीमारी का खतरा नहीं है, उनके लिए क्लिनिकल निर्णय के आधार पर एंटीवायरल पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, ओसेल्टामिविर सभी परिसंचारी फ्लू वायरस के लिए सबसे प्रभावी एंटीवायरल दवा है जिसमें एच1एन1, एच3एन2 और इन्फ्लूएंजा बी वायरस शामिल हैं। यह दवा गर्भवती महिलाओं और दो सप्ताह तथा उससे अधिक उम्र के शिशुओं को सुरक्षित रूप से दी जा सकती है। डॉ. निसार ने कहा कि हालांकि एंटीवायरल फ्लू दवाएं जान बचाती हैं, लेकिन दुर्भाग्य से वे निर्धारित सीमा से कम हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक आमतौर पर फ्लू के मरीजों को एंटीबायोटिक्स लिखते हैं जो न केवल अनुचित है बल्कि इससे मरीजों को एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा भी होता है।

- लोगों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अंतर्निहित चिकित्सा स्थितियों वाले लोग शामिल

# यामी गौतम ने अनटाइटल फिल्म की शूटिंग की पूरी

### रैप-अप शेड्यूल से शेयर की फोटो




**मुंबई,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड फिल्मों 'विक्की डोनर', 'उरी', 'ओएमजी 2' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने करियर की 'सबसे महत्वपूर्ण फिल्म' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्ट्रेस ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली अनटाइटल फिल्म के रैप-अप शेड्यूल से एक तस्वीर साझा की। वह मेपल का पत्ता पकड़े हुए मुस्कुराते हुए नजर आ रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि मेरे करियर की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक की शूटिंग पूरी हो गई है। पूरी डायरेक्शन, प्रोडक्शन टीम और बी62 स्टूडियो में हमारे अद्भुत क्रू को धन्यवाद। कश्मीर के स्थानीय लोगों, सुरक्षा बलों और अधिकारियों को धन्यवाद, जिन्होंने पूरे शेड्यूल के दौरान हमारी इतनी अच्छी देखभाल की। उन्होंने आगे कहा कि तुलमुल्ला में दिव्य माता खीर भवानी का आशीर्वाद लेने का भी सौभाग्य मिला। आशा है कि हम इस फिल्म के साथ अपने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सक्षम होंगे। घोषणा जल्द ही होगी। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर मंदिर की यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया। इससे पहले, अक्टूबर में यह खबर आई थी कि एक्ट्रेस अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए 50 दिनों के लिए उत्तर भारतीय शहर में रुकी थीं।

# जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगेगा कोहली का वैक्स स्टेचू

**जयपुर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। जयपुर के नाहरगढ़ किले के वैक्स म्यूजियम में स्टार क्रिकेटर विराट कोहली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह फैसला क्रिकेट वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत की जीत और विराट कोहली के वनडे क्रिकेट में 50 शतक पूरे करने के बाद लिया गया। जयपुर वैक्स म्यूजियम के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यटक लंबे समय से विराट कोहली की वैक्स की मूर्ति की मांग कर रहे थे। अब इससे बेहतर मौका क्या हो सकता है, जब कोहली विश्व क्रिकेट में उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही भारत एक बार फिर विश्व कप ट्रॉफी के बेहद करीब है।

वैक्स की प्रतिमा का फर्स्ट लुक यानी मिट्टी का मॉडल तैयार है और अगले एक महीने में पूरी प्रतिमा बनाकर म्यूजियम में स्थापित कर दी जाएगी।



श्रीवास्तव ने कहा कि विराट कोहली की छवि एक आक्रामक क्रिकेटर की है। इसलिए, प्रतिमा के लिए भी आक्रामक लुक चुना गया है। उन्होंने कहा कि विराट की प्रतिमा मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा के साथ स्थापित की जाएगी। जिन्हें विराट अपना आदर्श और भगवान मानते हैं। वैक्स का पुतला युगल मूर्तिकार गणेश और लक्ष्मीनारायण द्वारा तैयार किया जा रहा है जबकि पोशाकें बॉलीवुड डिजाइनर बोध सिंह द्वारा बनाई जा रही हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं

### भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान की संभावना

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। एआई रेटिंग सिस्टम से यह बात सामने आई है कि स्नैपचैट के माई एआई डेल और स्टेबल डिफ्यूजन जैसे लोकप्रिय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है। इससे भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। रेटिंग प्रणाली को एआई उत्पादों के नैतिक उपयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए बच्चों और परिवारों के लिए अग्रणी वकालत समूह कॉमन सेंस मीडिया द्वारा डिजाइन किया गया है। एआई विशेषज्ञों की एक श्रृंखला से इनपुट के साथ विकसित एआई रेटिंग प्रणाली सामान्य ज्ञान एआई सिद्धांतों के एक सेट के आधार पर उत्पादों का मूल्यांकन करती है। पांच-बिंदु पैमाने पर 10 लोकप्रिय ऐप्स की समीक्षा करने की प्रक्रिया में कॉमन सेंस ने आज के एआई परिदृश्य के बारे में निम्नलिखित अंतर्दृष्टि निकाली जो नीति निर्माताओं, शिक्षकों, माता-पिता और उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी होगी। 5 के पैमाने पर चैटजीपीटी और बार्ड को 3 की रेटिंग मिली, जबकि स्नैपचैट के माई एआई, डेल और स्टेबल डिफ्यूजन को सिर्फ 1-2 रेटिंग मिली। कॉमन सेंस मीडिया के संस्थापक और सीईओ जेम्स पी. स्टेयर ने कहा कि उपभोक्ताओं को एआई उत्पादों के लिए एक स्पष्ट पोषण लेबल तक पहुंच होनी चाहिए जो सभी अमेरिकियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों की सुरक्षा और गोपनीयता से समझौता कर सकती है। रेटिंग बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने और इन नए उत्पादों के रचनाकारों से बढ़ी हुई पारदर्शिता पर जोर देने के लिए नए विधायी और नियामक प्रयासों की जानकारी देगी।



कॉमन सेंस मीडिया एआई के वरिष्ठ सलाहकार ट्रेसी पिज्जा फ्रे ने कहा कि एआई हमेशा सही नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य के आधार पर कि मॉडलों को भारी मात्रा में इंटरनेट डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, सभी जेनरेटर एआई विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, नस्लीय, सामाजिक-आर्थिक, ऐतिहासिक और लैंगिक पूर्वाग्रहों की मेजबानी करते हैं और यह वही है जो हमने अपने मूल्यांकन में पाया है।

# भारत मंडपम में केरल का मसाला तट विविध स्वाद के लिए बड़ी भीड़ को कर रहा आकर्षित



नई दिल्ली। भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला उत्साह से भरा हुआ है क्योंकि पर्यटक जीवंत केरल मंडप में आ रहे हैं, जो सांस्कृतिक खजाने से लोगों को रूबरू करा रहा है। मंडप के केंद्र में विभिन्न प्रकार के व्यंजन हैं, जिनमें पारंपरिक सूखी मछली से लेकर हमेशा लोकप्रिय सूखे टैपिओका (वट्टिया कप्पा) तक शामिल हैं। केरल के अनूठे मसालों की सुगंध हवा में भरी हुई है, जिससे भीड़ राज्य के समृद्ध स्वादों का अनुभव करने के लिए उत्सुक हो जा रही है।

कलात्मक और पारंपरिक उत्पाद बांस के भित्तिचित्रों, लैंप शेड्स, मसाला बक्से और पीतल के प्रोपेलर के साथ क्षेत्र के शिल्प कौशल का प्रदर्शन करते हैं। उद्योग और वाणिज्य विभाग गर्व से इन उत्पादों को प्रदर्शित करता है जिन्हें जीआई टेग प्राप्त है, जिससे प्रदर्शनी में प्रामाणिकता का स्पर्श जुड़ जाता है। फार्म इंफॉर्मेशन ब्यूरो के स्टॉल में एक असाधारण विशेषता है, जिसमें कटहल उत्पाद सुर्खियां बटोर रहे हैं। आगंतुक कटहल बिस्कुट, कटहल पाउडर, निर्जलित कटहल, अनानास और कृषि उत्पादों की एक श्रृंखला का आनंद ले सकते हैं। बागान स्टॉल विभिन्न प्रकार के चाय पाउडर, कॉफी, इलायची और काली मिर्च आदि को प्रदर्शित करता है। जिसमें केरल के बागानों के स्वाद का आनंद उठा सकते हैं। इस बीच, कॉयर विकास विभाग उत्पादों की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जिसमें भू टेक्सटाइल, उद्यान लेख, ब्रश, कॉयर गद्दे और यहां तक कि पॉटिंग पौधों के लिए चकिरी चावल भी शामिल है।

# पोकेमॉन मेले में पिकाचू ने मचाई धूम

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। डीएलएफ़ मॉल्स और The Pokémon Company मिलकर दिल्ली और नोएडा में पहली बार लेकर आ रहे हैं पोकेमॉन मेला। इस मेले का आयोजन नवम्बर और दिसम्बर में तीन सप्ताहान्त के लिए किया जाएगा। बच्चे और बड़े सभी इस मेले को भरपूर आनंद ले सकते हैं। पोकेमॉन के इस अभूतपूर्व उत्सव में लोगों को पिकाचू से मिलने, विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और पोकेमॉन के उपहार घर ले जाने का अवसर मिलेगा। पहला पोकमॉन मेला 17, 18 और 19 नवम्बर को डीएलएफ मॉल आफ़ इंडिया (नोएडा) में आयोजित होगा। उसके बाद 2 और 3 दिसम्बर को डीएलएफ़ एवन्यू साकेत तथा 8 और 9 दिसम्बर को डीएलएफ़ प्रोमिनाड वसंत कुंज में इस आयोजन की धूम मचेगी। तीनों जगह अलग-अलग मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएँगे जिससे मॉल में आने वाले लोग अनूठे अनुभव का आनंद ले सकें।

कार्यक्रम सूची में सबसे बड़ा आकर्षण है पिकाचू के डांस शो और परेड जिनका भारत में आम जनता के लिए पहली बार प्रदर्शन हो रहा है। डीएलएफ़ के रीटेल विभाग की सीनियर एस्ज़ेक्युटिव डायरेक्टर व प्रमुख पुष्पा बेक्टर ने डीएलएफ़ मॉल ऑफ़ इण्डिया से शुरू हो रहे इस अद्भुत आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें बेहद खुशी है कि पोकेमॉन मेला श्रृंखला की शुरूआत डीएलएफ़ मॉल ऑफ़ इण्डिया से हो रही है। यह अनूठा आयोजन मॉल में आने वाले ग्राहकों के अनुभव को और भी मज़ेदार और मनोरंजक बनाएगा।




# मुम्बई के जैन समाज के नाम होने जा रहा है एक अद्भुत रिकॉर्ड

**मुम्बई,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर जैन समुदाय के सभी चार संप्रदाय के सदस्य 25,500 मीटर लंबे कपड़े पर 18 भाषाओं में लिखे गए भक्तमारा स्रोत का 19 नवम्बर को अनावरण करेंगे। इस बड़े आयोजन का साक्षी बनने के लिए कई एजेंसियों के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। अन्य एजेंसियां जो उपस्थित रहेंगी उनमें ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूएसए, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, डब्ल्यूएसी इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, आइकन एंबेसडर बुक ऑफ वर्ल्ड शामिल हैं। रिकॉर्ड्स, यूरोपियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, लायन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड्स रिकॉर्ड्स आदि भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। इस भव्य आयोजन में जैन समुदाय के चारों पंथ श्वेतांबर, दिगंबर, स्थानकवासी और थेरापंथी के श्रद्धालु बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

जैन समुदाय के आध्यात्मिक नेता आचार्य प्रणाम सागर ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए एक अनूठा अवसर है। जैन धर्म और शांति के बारे में बोलते हुए, आचार्य सागर ने कहा कि महावीर की अहिंसा की शिक्षा का भारतीय इतिहास पर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम को देखें, तो हम देखेंगे कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसा के हथियार का इस्तेमाल किया था। इस रिकॉर्ड का अनावरण रविवार को मुंबई के गोरेगांव में नेस्को कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

# मुंगेर में माता सीता ने किया था पहला छठ

**मुंगेर,** 17 नवम्बर (एजेंसियां)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं, इनमें से एक यह भी है कि प्रभु श्रीराम की पत्नी माता सीता ने सर्वप्रथम छठ पूजन किया था जिसके बाद महापर्व की शुरुआत हुई। छठ को बिहार का महापर्व माना जाता है। यह पर्व बिहार के साथ देश के अन्य राज्यों में भी बड़े धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। बिहार के मुंगेर में छठ पर्व का विशेष महत्व है। छठ पर्व से जुड़ी कई अनुश्रुतियां हैं लेकिन धार्मिक मान्यता के अनुसार, माता सीता ने सर्वप्रथम पहला छठ पूजन बिहार के मुंगेर में गंगा तट पर संपन्न किया था। इसके बाद से महापर्व की शुरुआत हुई। इसके प्रमाण-स्वरूप आज भी माता सीता के चरण चिह्न मौजूद हैं। वाल्मीकी रामायण के अनुसार, ऐतिहासिक नगरी मुंगेर के सीता चरण में कभी मां सीता ने छह दिनों तक रह कर छठ पूजा की थी। श्री राम जब 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे तो रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए ऋषि-मुनियों के आदेश पर राजसूय यज्ञ करने का फैसला लिया। इसके लिए मुग्दल ऋषि को आमंत्रण दिया गया था लेकिन मुग्दल ऋषि ने भगवान राम एवं सीता को अपने ही आश्रम में आने का आदेश दिया। ऋषि की आज्ञा पर भगवान राम एवं सीता स्वयं यहां आए और उन्हें इसकी पूजा के बारे में बताया गया। मुग्दल ऋषि ने मां सीता को गंगा छिड़क कर पवित्र किया एवं कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सूर्यदेव की उपासना करने का आदेश दिया। यहीं रह कर माता सीता ने छह दिनों तक सूर्यदेव भगवान की पूजा की थी। ऐसी मान्यता है कि माता सीता ने जहां छठ पूजा संपन्न की थी, वहां आज भी उनके पदचिह्न मौजूद हैं। कालांतर में जाफर नगर दियारा क्षेत्र के लोगों ने वहां पर मंदिर का निर्माण करा दिया। यह सीताचरण मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर हर वर्ष गंगा की बाढ़ में डूबता है। महीनों तक सीता के पदचिह्न वाला पत्थर गंगा के पानी में डूबा रहता है। इसके बावजूद उनके पदचिह्न धूमिल नहीं पड़े हैं। श्रद्धालुओं की इस मंदिर एवं माता सीता के पदचिह्न पर गहरी आस्था है। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे प्रदेशों से भी लोग पूरे साल यहां मत्था टेकने आते हैं।





### बिहार में गूंज रहे हैं छठी मैया के गीत

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं। लोकआस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हो गया है। लोग छठ पर्व केअनुष्ठान की तैयारी में जुट चुके हैं। सभी जगह छठ के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल छठमय नजर आ रहा है। राजधानी छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। कहीं शारदा सिन्हा की आवाज रस बरसा रही है कि 'मोर जिया जाएला महंगा मुंगेर' तो कहीं देवी के सुर कानों में पर्व की महिमा बखान कर रही है कि 'कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए'। केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेडराय, आदित लिहो मोर अरगिया., दरस देखाव ए दीनानाथ., उगी है सुरुजदेव., हे छठी मइया तोहर महिमा अपार.,काच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाय., आदि छठ गीतों का धमाल है।


### सांप्रदायिक सौहार्द की पाठ पढ़ाता महापर्व छठ



लोकआस्था का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार से शुरू हो गया। इस पर्व का पौराणिक महत्व तो है ही, इसके अलावा यह पर्व स्वच्छता, सादगी और पवित्रता का भी संदेश देता है। सबसे बड़ी बात है कि इस अनुष्ठान या पर्व में मजहब भी आड़े नहीं आता। यही कारण कहा जाता है कि यह पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द की पाठ भी पढ़ाता है। बिहार के कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मुस्लिम महिलाएं और पुरुष इस छठ पर्व को पूरे सनातन पद्धति और रीति-रिवाज से करती हैं। गोपालगंज और वैशाली जिले के कई गांवों के मुस्लिम घरों में छठ के गीत गूंज रहे हैं। यही नहीं छठ पर्व में उपयोग होने वाले मिट्टी के चूल्हे, धागा (बद्धी) और अरता पात भी अधिकांश इलाकों में मुस्लिम परिवार की महिलाएं बनाती हैं। गोपालगंज जिले के संग्रामपुर गांव में मुस्लिम समुदाय 8 महिलाएं 20 वर्षों से छठी मैया का व्रत कर रही हैं।

# बुराड़ी के दो हजार घरों को गिराने के नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक

नई दिल्ली 17 नवम्बर (एजेंसियां)। संगम विहार वज़ीराबाद और झड़ोदा गांव के करीब दो हजार घरों को गिराने के नोटिस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 20 फरवरी 2024 तय की है। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने तब तक भूमि एवं भवन विभाग, एनडीपीएल और डीजेबी को कोई भी कार्रवाई करने से रोक दिया है। ज्ञात हो कि तिमारपुर विधायक दिलीप पांडेय ने बताया कि संगम विहार वज़ीराबाद और झड़ोदा में भूमि बंटवारे के वक्त पाकिस्तान से आए शारणार्थियों को रहने के लिए यह जगह दी गई थी लेकिन वह किसी वजह से यहां नहीं रहे। किसानों ने इस ज़मीन को बेच दिया था। गौरतलब है कि नोटिस मिलने के बाद सैंकड़ों लोगों ने आउटर रिंग रोड जाम कर दिया था। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया था। लोगों का आरोप था कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत पहले यहां लोगों को बसाया गया, बिजली कनेक्शन दिए गए, वोटर आईडी कार्ड बनाए गए।



# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## आरबीआई ने रुपये में व्यापार करने में निर्यातकों की मदद के लिए बैंकों को विशेष खाता खोलने की अनुमति दी

**मुंबई,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता रखने वाले बैंकों को अपने ग्राहकों को उनके निर्यात से जुड़े लेनदेन के निपटान में सक्षम बनाने के लिए एक अतिरिक्त विशेष चालू खाता खोलने की अनुमति दी। इस कदम का उद्देश्य निर्यातकों को अधिक परिचालन लचीलापन प्रदान करना है।

आरबीआई ने पिछले साल 11 जुलाई को अधिकृत डीलर बैंकों के पास रखे गए भागीदार व्यापारिक देश के संवाददाता बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खातों के माध्यम से भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के चालान, भुगतान और निपटान के लिए एक अतिरिक्त व्यवस्था की थी।

आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य उन देशों के बीच व्यापार प्रवाह बढ़ाना है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का डॉलर की बजाय रुपये में निपटाना पसंद करते हैं। घरेलू स्तर पर, रुपये में निर्यात और आयात करने वाले व्यवसायों को विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से बेहतर ढंग से बचाया जा सकता है।



### कोयला क्षेत्र में की गई प्रगति की झांकी प्रस्तुत कर रहा है कोल इंडिया मंडप

कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रगति मैदान में चल रहे भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईएफटी) 2023 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के प्रदर्शनी मंडप का शुक्रवार को दौरा किया और कोयला क्षेत्र के विकास में देश की इस महारत्न कंपनी के प्रयासों की सराहना की। श्री मीणा के साथ अपर सचिव विस्मिता तेज और मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी थे। श्री मीणा ने कोल इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए और सीआईएल से भारत के कोयला क्षेत्र की प्रगति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पहल करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मंडम में लगी झांकियों में कोल इंडिया के विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी विकास के प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कंपनी के कार्यों को भी दर्शाया गया है। मंडप में पिछले दशक में कोल इंडिया की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय स्थिरता और आस-पास के समुदायों के कल्याण के प्रति समर्पण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे कोलडैशबोर्ड जैसे लाइव पोर्टल सहायक कंपनी के साथ-साथ नए शामिल वाणिज्यिक खनिकों द्वारा कोयला उत्पादन और ऑफ-टेक की तत्काल की स्थिति दिखाते हैं। कंपनी का एक अन्य पोर्टल, उत्तम सीआईएल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर प्रकाश डालता है। मेले में कोयला खान निगरानी प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस) की नागरिक-केंद्रित पहल भी प्रदर्शित की गयी जा रही है, जो किसी भी नागरिक को खनन प्रहरी एप के माध्यम से अपने फोन पर कोयला खान के नजदीक अवैध या संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने की सुविधा देती है।

## 91 प्रतिशत भारतीय जेन जेड कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई अपनाने को तैयार

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में जेन जेड कार्यस्थल में कर्मचारी जेनरेटिव एआई का उपयोग करने के लिए उत्साहित है। 91 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने नियोक्ता के लिए रोजमर्रा के काम में प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एडोब के फ्यूचर वर्कफोर्स स्टडी फॉर इंडिया के अनुसार, जहां 81 प्रतिशत जेन जेड कर्मचारियों ने अपने काम को बढ़ाने के लिए जेनरेटिव एआई का लाभ उठाया है, वहीं 45 प्रतिशत अपनी नौकरी से संबंधित कठिन कौशल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं, जबकि 40 प्रतिशत सॉफ्ट स्किल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं।

एडोब इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रतिभा महापात्र ने कहा, जेन ज़ेड कर्मचारी अब तक की सबसे तकनीक-प्रेमी पीढ़ी हैं, और वे जेनरेटिव एआई जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, संगठनों को इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाना चाहिए जो उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

जेन जेड काम पर अपने दृष्टिकोण देने के लिए उत्सुक है। अधिकांश उत्तरदाताओं (96 प्रतिशत) का कहना है कि वे अपने साथियों और सहकर्मियों को प्रतिक्रिया देने में सहज हैं। देश में जेन जेड श्रमिकों का भारी बहुमत (93 प्रतिशत) न केवल प्रभाव में, बल्कि कॉर्पोरेट सीढ़ी से सी-सूट तक बढ़ने के लिए उत्सुक हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है, 87 प्रतिशत का कहना है कि वे अपनी कंपनी में करियर विकास के अवसरों के बारे में अच्छा महसूस करते हैं, जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पदोन्नति के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं होने को नौकरी छोड़ने के शीर्ष कारणों में से एक माना है।

जेन जेड भी करियर मार्गदर्शन के लिए उत्सुक है। 91 प्रतिशत का कहना है कि उनका मानना है कि कार्यस्थल सलाहकार उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, केवल 76 प्रतिशत जेन ज़ेड रिपोर्ट करते हैं कि काम के दौरान कोई गुरु होता है।

## होण्डा ने लाँच की की नई 'सीबी350'

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर, (एजेंसियां)। प्रीमियम मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल सेगमेन्ट में अपनी स्थिति का मजबूत बनाते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज नई रेट्रो-क्लासिक सीबी350 का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 199900 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि टेक्नोलॉजी और परफोर्मेन्स के शानदार संयोजन तथा टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन में तैयार की गई होण्डा सीबी350 की उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुकिंग कर सकते हैं और जल्द ही डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। उसने कहा कि नई सीबी350 के लॉन्च के साथ अपनी मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल रेंज का विस्तार किया गया है। इस रेट्रो क्लासिक मोटरसाइकिल का लॉन्च नए उपभोक्ताओं को तेज़ी से बढ़ते सीबी परिवार में शामिल होने के लिए उत्साहित करेगा। नई सीबी350, होण्डा के आइकोनिक स्टाइलिंग मूल्यों के साथ टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन का संयोजन है। कला और शक्ति का संयोजन यह मोटरसाइकिल बीते युग की भव्यता का प्रमाण है, जिसे आज के राइडरों के लिए नया आयाम दिया गया है। सीबी350 माचो लुक और मस्कुलर फ्यूल टैंक के साथ आती है। ऑल-एलईडी लाइडिंग सिस्टम (राउण्ड एलईडी हैडलैम्प, एलईडी विंकर्स और एलईडी टेल लैम्प) इसके स्टाइलिंग क्शंट को कई गुना बढ़ा देते हैं।

## मिर्जापुर के पीतल की चमक देश के कई प्रदेशों में फैली

मिर्जापुर,17 नवम्बर (एजेंसियां)। मिर्जापुर के पीतल की चमक इस बार बिहार, ओडिशा, झारखंड आदि प्रदेशों तक पहुंच गयी है। डाला छठ पर्व पर पीतल नगरी में निर्मित सूप का बिहार सहित अन्य राज्यों में धूम रहेगी। सूप की मांग को देख व्यवसायी और बर्तन निर्माता के चेहरे खिले हैं।

दरअसल, मिर्जापुर का पीतल अपनी बेहतर गुणवत्ता को लेकर पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां के कारीगर जस्ता और तांबे को उचित अनुपात में मिश्रण कर बेहतरीन पीतल बनाने में महारत हासिल कर रखी है। इस तरह के पीतल देश में नही बनते। लिहाजा यहां के पीतल की मांग पूरे देश में रहती रही है। यहां केवल बड़े बर्तन बनने से यह पीतल नगरी पिछड़ गयी थी। पर समय




के साथ परिवर्तन करने से फिर सम्भावना बलवती हुई।

डाला छठ महापर्व पर पीतल के सूप,दीपक, लोटा घंटी सहित अन्य पूजन सामग्री बनी और बाजार में सजी हुई है। बाजार में आठ सौ ग्राम से लेकर एक किलो तक के पीतल के सूप मौजूद हैं।इसी तरह के अन्य पूजन सामग्री भी ग्राहकों की क्षमता के मुताबिक छोटे बड़े कम वजनी है। पीतल के बड़े निर्माता विश्वनाथ अग्रवाल बताते हैं कि इस बार डाला छठ पर्व पर जिले के पीतल के सूप की मांग बिहार झारखंड ओडिशा असम राज्य सहित पूर्वांचल में है।वे बताते हैं कि अब तक तीन टन से अधिक सूप की डिलिवरी की जा चुकी है। ऐसे यहां बर्तन के कई निर्माता हैं।

स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान पीतल के बने पूजन सामग्री को सजाया है। डाला छठ पूजन के लिए लोगों को आकर्षित कर रही है। मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन पूजन करने आने वाले दर्शनार्थियों में पीतल के सूप आकर्षण के केन्द्र है।वे मिर्जापुर के प्रसिद्ध पीतल लेना नही भूल रहे हैं।खुले बाजार में सूप की कीमत 680रुपये प्रति किलो निर्धारित है। फिलहाल पीतल की चमक देश में बढ़ने से उत्साहित हैं। उनके चेहरे पर भी चमक स्पष्ट दिखती है।

## बैंकिंग, तेल व गैस समूह में बिकवाली से बाजार गिरा

**मुंबई** 17 नवंबर (एजेंसियां)। महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 33,380.58 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत चढ़कर 39,598.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3864 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1996 में तेजी जबकि 1736 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 0.97, वित्तीय सेवाएं 0.83, आईटी 0.10, बैंकिंग 1.48, धातु 0.14, तेल एवं गैस 1.35 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.49, सीडी 0.63, एफएमसीजी 0.79, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 1.17, ऑटो 0.63, कैपिटल गुड्स 1.29 और रियल्टी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का




रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.88, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 2.12 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 194 अंक लुढ़ककर 65,788.79 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,037.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,639.74 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 65,982.48 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,794.73 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 90 अंक उतरकर 19,674.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,806.00 अंक के उच्चतम जबकि 19,667.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,765.20 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत फिसलकर 19,731.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन दिग्गज कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे उनमें एसबीआई 3.64, एक्सिस बैंक 3.03, बजाज फाइनेंस 1.99, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, इंफोसिस 0.43, कोटक बैंक 0.43, विप्रो 0.42, रिलायंस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.22, एचसीएल टेक 0.19, टेक महिंद्रा 0.17, एनटीपीसी 0.14, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.09 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, एलटी 1.99, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.62, एशियन पेंट 1.20, पावरग्रिड 1.13, नेस्ले इंडिया 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.83, सन फार्मा 0.40, टाटा स्टील 0.36, मारुति 0.35, आईटीसी 0.17, टाटा मोटर्स 0.13, टीसीएस 0.13, टाइटन 0.09, अल्ट्रासिमको 0.04 और भारती एयरटेल के शेयर 0.01 प्रतिशत के लाभ में रहे।

## साऊथ इंडियन बैंक आयोजित कर रही एसआईबी इग्नाइट : क्विजेथॉन

**नई दिल्ली,**17 नवंबर (एजेंसियां)। साऊथ इंडियन बैंक राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतिस्पर्धा 'एसआईबी इग्नाइट क्विजेथॉन' आयोजित कर रही है।

इसकी घोषणा आज की गई। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए है। इसका उद्देश्य कॉलेज छात्रों के सामान्य और विविध विषयों का ज्ञान बढ़ाना है। बैंक ने कॉलेज में सभी विषयों की पढ़ाई कर रहे छात्रों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। क्विजेथॉन में छात्रों से वर्तमान घटनाक्रम के साथ खेल, बिजनेस, तकनीकी, कला, इतिहास और भूगोल जैसे विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के आठ रीजन में आयोजित की जाएगी। बैंक अनुसार सभी रीजन और कॉलेज को बराबर प्रतिनिधित्व देने के लिए हर कॉलेज से अधिकतम दो ही टीमों को आमंत्रित किया गया है।

पूरी 'क्विजेथॉन' तीन हिस्सों में आयोजित होगा। पहले चरण में प्रारंभिक योग्यता दौर को ऑनलाइन आयोजित किया है। इसमें देशभर की टीम हिस्सा ले सकेंगी। दूसरे चरण के लिए हर रीजन से पात्र आठ टीमें झोनल स्तरीय प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेंगी। झोनल लेवल की प्रतिस्पर्धा व्यक्तिगत होगी। इस चरण में हिस्सा ले रही टीमों को विभिन्न सवालों के जरिए अपनी त्वरित निर्णय और समस्या सुलझाने की मानसिक क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। हर झोन की विजेता टीम 'ग्रेंड फिनाले' में जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर विजेता टीम को 150,00 रुपए का प्रथम पुरस्कार और दूसरे स्थान पर रही रनर अप टीम को 100,000 रुपए और तीसरे नंबर की टीम को 60,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 64 रिंगिट गिरकर 3805 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की बढ़त के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी अनोखी वन-टैप टिकट बुकिंग

**गाजियाबाद,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से वन-टैप टिकटिंग की सुविधा शुरू की है, जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आज़ादी देगा। इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूयार कोड जनरेट करने के लिए न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की ज़रूरत है। सिर्फ ऐप में वन टैप बुकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकट जेनेरेट हो जायगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है। ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे। यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने के लिए ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के



दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता। इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को %आरआरटीएस कनेक्ट% मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी, जो केवल 100 रुपए होगी।

इसके साथ ही यात्रियों को इस ऐप का उपयोग करते समय अपने मोबाइल फोन की लोकेशन सेवाओं को एक्टिव करना होगा, ताकि ऐप टिकट बुक करते समय ऐप यात्रा के लिए प्रयुक्त आरआरटीएस स्टेशन की लोकेशन को आसानी से पहचान सके। यह सेटअप एक बार की प्रक्रिया है, जो भविष्य की सभी नमो भारत यात्राओं के लिए वन-टैप टिकट बुकिंग को सक्षम करेगा। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद, आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन पर एक टैप के साथ क्यूआर कोड जनरेट हो जाएगा, जिसकी मदद से यात्री आरआरटीएस स्टेशन में क्यूआर कोड स्कैन करके प्रवेश कर सकेंगे और कॉरिडोर के किसी भी स्टेशन पर उसी क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी यात्रा समाप्त कर सकेंगे। क्यूआर कोड स्कैन के जरिए यात्री द्वारा की गई यात्रा के लिए गंतव्य स्टेशन के एएफसी गेट से बाहर निकलते समय निर्धारित राशि ऑटोमैटिक रूप से ई-वॉलेट से कट जाएगी।

### सार संक्षेप

### फेडरल बैंक ने पेश किया यूपीआई लाइट, छोटे पेमेंट को बनाएगा बेहद आसान

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क पर छोटे मूल्य के डिजिटल लेनदेन के लिए यूपीआई लाइट लॉन्च की सुविधा शुरू की है । उल्लेखनीय है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई)ने पिछले दिनों यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का आसान संस्करण 'यूपीआई लाइट' प्रस्तुत किया था। फेडरल बैंक के कार्यकारी निदेशक शालिनी वॉरियर कहती हैं, यूपीआई देश में हो रही डिजिटल क्रांति का केंद्र बिंदू है। यूपीआई लाइट' ग्राहकों को एक तेज, बहुत कारगर और किफायती नकद लेनदेन का विकल्प उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि फेडरल बैंक यूपीआई लाइट लॉन्च करके ग्राहकों को एक बड़ी डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने में दूसरी बैंकों से आगे है। यूपीआई लाइट में दैनिक लेन-देन की सीमा अधिकतम 500 रुपए,, दैनिक भुगतान की सीमा 4,000 रुपए और अधिकतम बैलेंस की सीमा 2000 रुपए है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में कमी आने से 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 522 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 45.5 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.01 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### रुपया दो पैसे फिसला

**मुंबई।** शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्र बाजार में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.23 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया दो पैसे उतरकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस उच्चतम स्तर रहा और यह इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, लिवाली होने से यह 83.28 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

# खेल जगत

## सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में भारत की कप्तानी करेंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी तक टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं, एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी20 घरेलू श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर सकते हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में समाप्त होगी। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति यादव को कप्तानी के लिए पदोन्नत कर सकती है क्योंकि पांड्या 2023 विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे और उनके टखने की चोट से उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम दो महीने लगेंगे। पांड्या के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों में भी हिस्सा नहीं लेने की संभावना है। यादव ने भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान उप-कप्तान के रूप में कार्य किया, जिसमें कैरेबियाई और अमेरिका में पांच टी20 मैच खेले।



# मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की जिद है शमी की ताकत

- शमी मिले मौके लपक कर बने भारत के तेज आक्रमण के तुरुप के इक्के
- न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल विकेट चटका शमी ने किया ट्रोलर्स का मुंह बंद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली,17 नवंबर (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बतौर तेज गेंदबाज अपनी रफ्तार और धार की बदौलत सेमीफाइनल सहित बाद के छह मैचों में 23 विकेट चटका कर भारत को मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अहम भूमिका निभाई है। भारत अब अहमदाबाद उनके आईपीएल के गुजरात टाइटंस के लिए बराबर खेलने के कारण चिर परिचित मैदान पर खेलने के कारण खासा परिचित होने के कारण पांच बार चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में गेंद से ऐसी ही रफ्तार के साथ धार दिखाने कर जीत दिलाकर वन डे विश्व कप खिताब जिताने की आस कर रहा है। हार्दिक पांडया के चोट के तीसरे मैच में चोट चलते बाहर होने पर चौथे मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में भारत की एकादश में मिले मौके को भुनाते हुए शमी ने पिछले छह मैचों में तीन में पांच या इससे अधिक विकेट चटका कर अब खुद को भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का तुरुप का इक्का साबित किया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि शुरू के तीन मैचों में शुरुआती एकादश का हिस्सा न होने के बाद चौथे मैच से न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके को भुना कर वह अब भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के तुरुप के इक्के बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मुंबई में सात विकेट चटका मैन ऑफ द मैच बन भारत को 70 रन से जीत दिलाने के बाद शमी ने कहा भी वह अपने मौकों का इंतजार कर रहे थे। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी ने भी यही कहा शमी अपनी कूवत दिखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहे थे मौका मिलने पर अपनी कूवत दिखाई भी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ही मौजूदा संस्करण में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन सहित सहित हर प्रतिद्वंद्वी टीम का कप्तान शमी की गेंदबाजी का कायल है और उन्हें सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बता रहा है। शमी का अपने कौशल और मेहनत के साथ किस्मत भी पर भरोसा उनके और टीम इंडिया के काम आया। शमी की बदकिस्मती कहिए या फिर किस्मत का फेर की शमी को टीम इंडिया में बेहद प्रतिभाशाली होने के बावजूद अब से पहले कभी भी वह सम्मान नहीं मिल मिला जिसके वह बराकर अधिकारी रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा के सहसपुर के बाशिंदे भारत के 33 बरस के मोहम्मद शमी की बतौर तेज गेंदबाज ताकत मुश्किल हालात में सर्वश्रेष्ठ करने की उनरकी जिद है। पत्नी हसीन जहां से कानूनी जंग झेलने के बावजूद सिर्फ अपनी गेंदबाजी पर फोकस रखना ही शमी की कामयाबी का सबसे बड़ा सबब है। 2021 में टी-20 विश्व कप में एक दिन ढीले प्रदर्शन पर ट्रोलर्स ने उन्हें 'पाकिस्तान गद्दार' तक कहा लेकिन ऐसे में विराट कोहली की तारीफ करनी होगी कि वह सबसे पहले सबसे आगे उनके समर्थन में आगे आए। जब न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में मौजूदा वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनसे जसप्रीत बुमराह की गेंद पर कप्तान केन विलियमसन का कैच छूटा तो कुछ ट्रोलर्स ने कुछ ओझी बात कह कर उनकी आलोचना की लेकिन शमी सात न्यूजीलैंड के सात विकेट चटका भारत को फाइनल में पहुंचा सभी का मुंह बंद कर दिया। खेल में कैच छूटते हैं लेकिन इस तरह की ओछी हरकत वाकई निंदनीय है। खैर खिलाड़ी को अपने करियर में इस तरह के मंजर कई बार चाहे अनचाहे देखने ही पड़ जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नै में भारत की मौजूदा विश्व कप पहले मैच में एकादश में छह विकेट से जीत में जब शमी को एकादश से बाहर रखा गया तो किसी ने भी खुल कर इसकी आलोचना करने के बजाय एक चुप, सौ सुख की नीति अपनाते हुए मौन रहना ज्यादा मुनासिब समझा। हार्दिक पांडया को चोट के चलते मिले मौके को दोनों हाथ से लपकने वाले मोहम्मद शमी जानते हैं कि वह उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव से आते हैं उनके लिए खुद पहले अपने प्रदेश में रणजी ट्रॉफी टीम में जगह न मिलने पर बंगाल जैसे खानपान से लेकरएक अलग और अनजान परिवेश में जाकर वहां टीम में जगह बनाना और फिर भारतीय क्रिकेट टीम में तीनों फॉर्मेट में अपने लिए अलग जगह बनाना वाकई काबिलेतारीफ है। यूं भी पश्चिम उत्तर प्रदेश की मिट्टी में कुछ ऐसा है कि यहां से आने वाले बाशिंदे बात की बजाय अपने काम से चाहे वह खेल हो या कोई भी काम अपना नाम बनाने में भरोसा रखते हैं। मौजूदा वन डे विश्व कप में जहां भारत के तोप तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नौजवान मोहम्मद सिराज की गेंदों पर चौके और छक्के जड़े गए उन्हीं पर अपने सीम मूवमेंट और स्विंग से बराबर विकेट चटका कर भारत के कप्तान रोहित शर्मा के संकटमोचक बनकर उभरे। शमी ने मौजूदा वन डे विश्व कप में भारत के कुल पांचवें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में मौका पाकर पांच विकेट चटकाने उसे जीत दिलाने के बाद मुंबई की उमरभरी गर्मी में फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में एकदम पाटा यानी सपाट विकेट पर मात्र 57 रन देकर सात चटका जीत दिला कर खुद को इस संस्करण का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज साबित किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी के सात विकेट किसी भी भारतीय गेंदबाज का वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में सबसे शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन है। शमी की कामयाबी का सबब है उनके गेंदबाजी कौशल के साथ उनकी मेहनत और जीवट का नतीजा है।

## मै अपने मौकों का इंतजार कर रहा था : शमी

शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में सात विकेट चटकाने के बाद कहा, %मैं अपने मौकों का इंतजार कर रहा था। मैं सफेद गेंद से बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला। मेरा मौजूदा वन डे विश्व कप भारत की एकादश में वापसी धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई। विविधता की बहुत बात होती है लेकिन मैं अभी भी विकेट लेने के लिए नई गेंद को आगे पिच कराने में यकीन करता हूं, मुझसे विलियमसन का आसान कैच छूटा , जो कि मुझे नहीं छोड़ना चाहिए था और मुझे खुद को बहुत बुरा लगा। बावजूद इसके मेरा फोकस रफ्तार कुछ कम कर यह देखते था कि क्या न्यूजीलैंड के बल्लेबाज हवा में स्ट्रोक खेलते हैं। हम इसी मौके और विविधता का इतजार कर रहे थे। पिच बहुत बढिय़ा थी और और इस पर दोपहर में काफी रन बने थे । रात में ओस का कुछ अंदेशा था । यदि ओस होती तो गेंद तेजी से पिच पर निकलती है औद इस रन बन सकते हैं। सेमीफाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि पिछले दो विश्व कप में हम सेमीफाइनल में हार गए थे।कौन जाने फिर कब किसे मौका मिले, हमने सब कुछ झोंक दिया और क्योंकि हम इस मौके को गंवाना नहीं चाहते थे।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप फाइनल से पहले अहमदाबाद होटल का किराया बढ़कर 1 लाख रुपये हो गया





**अहमदाबाद,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी वनडे विश ?व कप फाइनल की उलटी गिनती चरम पर पहुंच गई है, खासकर उन क्रिकेट प्रेमियों के लिए, जो 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का मुकाबला देखने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, प्रशंसकों को इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने के अपने प्रयासों में अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

बुनियादी आवास अब 10,000 रुपये प्रति रात की भारी कीमत पर आते हैं, जबकि लक्जरी होटल शहर में एक रात ठहरने के लिए करीब 1 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। उड़ान की कीमतें भी बढ़ गई हैं, जिससे अहमदाबाद के लिए राउंड-ट्रिप टिकटों में 200-300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। फाइनल की पूर्व संध्या पर दिल्ली से उड़ान की कीमत अब 15,000 रुपये है।

आवास और टिकट सुरक्षित करना एक कठिन चुनौती बन गया है। विश ?व कप कार्यक्रम की घोषणा के बाद प्रशंसकों को उड़ान की लागत में वृद्धि और अत्यधिक होटल टैरिफ का सामना करना पड़ा। जैसे ही भारत ने फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया, स्थिति और खराब हो गई, अहमदाबाद में होटल की कीमतें आसमान छूने लगीं। यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट ने शहर में इस तरह की हलचल पैदा की है।

ऐसा ही परिदृश्य 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के लिए सामने आया था, जब होटल टैरिफ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया था। बुकिंग.कॉम, मेकमाईट्रिप और एगोडा जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अहमदाबाद में ठहरने के लिए खोजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान देखी गई मांग को दर्शाता है।

मैच टिकटों का अंतिम बैच, जो 13 नवंबर को बिक्री के लिए आया था, तेजी से बिक गया। बुकमायशो पर उपलब्ध सबसे सस्ते टिकट की कीमत 10,000 रुपये थी। टूर्नामेंट में मेन इन ब्लू की उल्लेखनीय अजेय लय ने फाइनल को लेकर प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है, जिससे यह देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए जीवन में एक बार होने वाले आयोजन में बदल गया है।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया बड़े अवसरों के लिए अजनबी नहीं : स्टार्क

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप-2023 का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत टीम इंडिया से होगी। यह पहला मौका नहीं होगा जब ये दोनों टीमें एक हाई प्रेशर मैच के लिए मैदान में उतरेगी, क्योंकि 2003 में एक दूसरे के खिलाफ फाइनल मुकाबले खेलने के अलावा यह टीमें पहले कई बार फाइनल मुकाबला खेल चुकी है।

पिछले दो वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि उनका चल रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा लेकिन उनके जोड़ीदार जोश हेज़लवुड और उनके अन्य साथियों ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम को संतुलन मिला। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका सामना भारत से होगा। खिताबी मुकाबले के बारे मे बात करते हुए स्टार्क ने क्रिकबज से कहा, भारत चल रहे वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अब तक वो टूर्नामेंट में अजेय हैं। इसलिए, कोई टीम विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम को हराए बिना विश्व कप नहीं जीत सकती। साथ ही ऐसे खिताबी मुकाबले के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया अजनबी नहीं हैं क्योंकि वो ऐसे हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भी कई बार परिचित हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।



मदद कर रही परिस्थितियों के बीच नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाज़ी और ओपनर्स द्वारा की गई बल्लेबाज़ी ने रोमांचक सेमीफ़ाइनल में अंतर पैदा किया। मिचेल स्टार्क ने 34 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल पूरा किया और जब विजयी रन बने तब भी वह मैदान पर मौजूद थे। भले ही स्टार्क के लिए गेंदबाज़ के तौर पर टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, लेकिन दक्षिण अफ़्रीका को उन्होंने जोश हेजलवुड के साथ मिलकर पहले 12 ओवर में ही 24/4 के स्कोर पर पहुंचा दिया था। दोनों ने मिलकर मैच में पांच विकेट चटकाए। भले ही मैच में कई सारे रोमांचक पल आए, लेकिन इन दोनों की गेंदबाज़ी अंत में सबसे बड़ा अंतर बनी।

स्टार्क ने कहा, मुझे लगता है कि पावरप्ले ने ही हमें लाभ दिया। मैच में कई सारे अहम लम्हें रहे, लेकिन जोश के साथ इस तरह मैच की शुरुआत करना शानदार था। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शायद पावरप्ले में विकेट लेना हमारी मजबूती नहीं रही, इसलिए इस तरह का पावरप्ले में दबदबा बनाना अच्छा लगा। जोश ने जिस तरह आठ ओवर में केवल 12 रन देकर दो विकेट लिए, वह अदभुत था।

उन्होंने आगे कहा, जॉश के पिच मैप को देखें तो टेस्ट मैच गेंदबाज़ी में वह यही शानदार तरीके से करता है। आज़ वह बेहतरीन रहे और जिस तरह से हमने एक-दूसरे को सहारा दिया और जैसा पावरप्ले हमारा रहा, उसी से बीच के ओवरों में भी हमने मोमेंटम हासिल किया और इसी तरह हम मैच शुरु करना चाहते थे। बड़े मैच में ऐसा करना अच्छा था। लीग स्टेज में जब दोनों टीमें भिड़ी थीं तब क्विंटन डिकॉक ने शतक लगाया था और उनकी टीम ने 311/7 का स्कोर खड़ा किया था। एडन मारक्रम के बल्ले से भी अर्धशतक आया था, लेकिन सेमीफ़ाइनल में दोनों बल्लेबाज़ कुछ ख़ास नहीं कर सके। स्टार्क ने कहा, हम जानते हैं कि अगर दक्षिण अफ़्रीका के हाथ में विकेट हों तो अंतिम के ओवरों में वे कितने खतरनाक हो जाते हैं। हम ये भी जानते थे कि अगर 20 ओवर के अंदर हम क्लासेन और मिलर को आउट कर ले जाते हैं फिर हमारा काम हो जाएगा। गेंद के साथ सब प्लान के मुताबिक हुआ। बल्लेबाज़ी में ऑस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में ही 60 रन बना दिए थे जिसमें डेविड वॉर्नर ने 18 गेंदों में 29 रन बनाए थे। ट्रैविस हेड ने 48 गेंदों में 62 रनों की पारी खेली।

स्टार्क ने कहा, जिस तरह से हेड और वॉर्नर ने बल्लेबाज़ी की उससे दक्षिण अफ़्रीका पर पहले 10 ओवर में ही दबाव आ गया। पूरे टूर्नामेंट में हमने देखा है कि कुछ मौक़ों पर पहले 10 ओवर कितने मुश्किल हो सकते हैं। कई बार आपको भाग्य का भी साथ मिलता है, लेकिन ओपनिंग साझेदारी में दोनों ने बहुत अच्छा खेल दिखाया।

## आपको यह परिभाषित करने की जरूरत है कि चोक क्या है : रॉब वाल्टर

**कोलकाता,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने यह मानने से इनकार कर दिया कि प्रोटियाज टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार कर फिर से चोकर्स साबित हो गयी है। गुरुवार का परिणाम विश्व कप के नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका के लड़खड़ाने की लंबी सूची में नवीनतम था और इसे एक चोक कहा जा रहा है, जो दो दशकों से अधिक समय से उन पर हावी है।

वाल्टर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि आपको यह परिभाषित करने की ज़रूरत है कि चोक क्या है। मेरे लिए, चोक का मतलब उस मैच को हारना है जिसे आप जीतने की स्थिति में हैं। इस उदाहरण में, हम शुरू से ही आठ गेंदों से पीछे थे और हमने वास्तव में प्रतियोगिता में वापसी के लिए संघर्ष किया और एक स्कोर बनाया जिससे हमें मौका मिला और फिर वे एक फ़्लायर के पास पहुंचे और हमने संघर्ष किया और हमने स्कोर बनाया, हम मैच में वापस आ गए। निश्चित रूप से हम 30 या 40 रन पीछे थे, लेकिन अभी भी सात विकेट गिरे थे और कुछ चीजें थीं, गेंदें थोड़ी ही देर में उछल रही थीं, थोड़ा अंदरूनी किनारा था जिसे लिया जा सकता था, आप जानते हैं, इसलिए मेरे लिए दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है एक गला घोंटना जो आज वहां हुआ। यह टूर्नामेंट में नंबर दो और तीन की दो अच्छी टीमों के बीच एक गंभीर मुकाबला था। उन्होंने कप्तान तेम्बा बावुमा का भी बचाव किया, जो चार गेंद में शून्य पर आउट हो गए थे और 100त्न फिट भी नहीं थे, जिस तरह से उन्होंने टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की है। सबसे पहले, मैंने उसे बताया कि मुझे उस पर कितना गर्व है। आप जानते हैं कि उन्होंने आज शाम को अविश्वसनीय रूप से अच्छी तरह से खिलाड़ियों को मार्शल किया। खेल को करीब लाने और देने के लिए, मुझे लगा कि आप रणनीतिक रूप से जानते हैं कि उन्होंने किस तरह से संचालन किया, साथ ही जाहिर तौर पर मैदान पर उनके चारों ओर जिस तरह के वरिष्ठ सदस्य थे, मैदान की स्थिति के माध्यम से बनाए गए विभिन्न दबाव, मुझे लगा कि यह एक उत्कृष्ट प्रयास था उस स्कोर का बचाव करने के लिए। लेकिन इससे आगे कभी-कभी टूर्नामेंट में आगे बढ़ना आसान नहीं होता है जब आप अपना प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं लेकिन आपके आस-पास के बल्लेबाज होते हैं लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में काम करते हैं। वह मुख्य व्यक्ति थे जिन्होंने हमें पहली बार इस टूर्नामेंट में पहुंचाया, मुझे लगता है कि लोग यह भूल जाते हैं। इसलिए मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहता था कि वह इस बात से अवगत हो कि वह इस टीम में कितना महत्वपूर्ण है और मुझे उसके प्रयासों और पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से उसने नेतृत्व किया, उस पर कितना गर्व है। वाल्टर ने कहा कि वह रविवार को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप फाइनल नहीं देखेंगे, लेकिन उन्हें लगा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना उचित होगा।



ईमानदारी से कहूँ तो, लगभग 1 प्रतिशत संभावना है कि मैं देखूँगा। और भी अधिक ईमानदार होने के लिए, मुझे वास्तव में कोई परवाह नहीं है। लेकिन विश्व कप भारत में होने के कारण, घरेलू देश के लिए विश्व कप जीतना हमेशा अच्छा होता है। ऑस्ट्रेलियाई चेंज रूम में मेरे बहुत सारे दोस्त हैं, इसलिए उनमें से कुछ के लिए मेरे मन में शायद एक नरम स्थान है, खासकर कोच के लिए, कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। लेकिन यह देखते हुए कि जब हम आखिरी बार यहां भारत के खिलाफ खेले थे और टीम को जो समर्थन मिला था, और वह बड़ी आशा और प्रेरणा थी जो घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने से वास्तव में मिलती है। मुझे लगता है कि भारत का जीतना ही उचित होगा। साथ ही, वे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम रहे हैं और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा ही होगा।

## हार को पचा पाना मुश्किल है : तेम्बा बावुमा



**कोलकाता,** 17 नवम्बर (आईएएनएस)। तमाम प्रयासों के बावजूद साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के तिलिस्म को तोड़ नहीं पाई और उसे गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप से बाहर होने पर निराश दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मैच के बाद कहा, इस हार को शब्दों में बता पाना बहुत कठिन है। हमने बल्ले और गेंद से जिस तरह की शुरुआत की वही टर्निंग प्वाइंट रहा, हम वहां बुरी तरह हारे। परिस्थितियों और बेहतरीन आक्रमण ने हमारा टॉप ऑर्डर बिखेर दिया। उन्होंने हमें पूरी तरह दबाव में डाला। क्लासेन के आउट होने से पहले हम मोमेंटम हासिल कर रहे थे और सभी को पता है कि आखिरी के ओवरों में वह कितने खतरनाक हो सकते हैं।

बावुमा ने शतकधारी डेविड मिलर की तारीफ़ करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया कि एक खिलाड़ी के रूप में वह क्या कर सकते हैं। मिलर ने 101 रन बनाये लेकिन दक्षिण अफ्रीका 212 रन पर सिमट गया। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 215 रन बनाकर फ़ाइनल का टिकट हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया को फ़ाइनल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, ऑस्ट्रेलिया को फाइनल के लिए शुभकामनाएं। मैच में अधिकतर समय उनका खेल शानदार रहा और वे जीत के हकदार थे।

## सार संक्षेप

### कोहली के खिलाफ एडम जम्पा पर रहेगा फोकस : कोपलैंड

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा ने विराट कोहली को आठ मौकों पर आउट किया है। पूर्व क्रिकेटर ट्रेंट कोपलैंड का मानना है कि फाइनल मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ मध्य ओवरों में लेग स्पिनर का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जा सकता है। विराट कोहली वर्तमान में विश्व कप 2023 में 10 मैचों में 101.57 के औसत और 90.68 के स्ट्राइक रेट से 711 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। दूसरी ओर, ज़म्पा 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट के साथ 22 विकेट के साथ प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एसईएन रेडियो पर कोपलैंड ने कहा, कोहली हर किसी के खिलाफ बहुत अच्छे हैं। वहीं, एडम ज़म्पा सबसे अलग हैं और भारतीय परिस्थितियों में यह एक शानदार मुकाबला होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर विराट तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो हम उस मध्य चरण के दौरान एडम ज़म्पा का भारी उपयोग देखेंगे। कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना 50 वां वनडे शतक बनाकर महान सचिन तेंदुलकर के पहले के सर्वकालिक रिकॉर्ड को तोड़कर,अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को होने वाले फाइनल में प्रवेश किया।

### वर्ल्ड कप फाइनल मैच देखने अहमदाबाद जाएंगे पीएम मोदी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए पीएम मोदी भी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंच सकते हैं। न्यूज़18 क्रिकेटनेक्स्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य अतिथि होने की संभावना है। साथ ही टीम इंडिया के विश्व कप विजेता कप्तान एमएस धोनी और कपिल देव के भी मैच की शोभा बढ़ाने की संभावना है। इस विश्व कप में भारत के मैचों में लगातार भाग लेने वाले सचिन तेंदुलकर के खिताबी मुकाबले के लिए भी स्टैंड में मौजूद रहने की उम्मीद है। प्रमुख राजनेताओं, पूर्व क्रिकेटरों और वर्तमान खिलाड़ियों के परिवारों के अलावा, बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) और आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का पूरा शीर्ष नेतृत्व इस आयोजन की शोभा बढ़ाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्य संघों के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर अहमदाबाद में मौजूद रहेंगे। गुरुवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराने के बाद विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना भारत से होगा। 19 नवंबर, रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ट्रॉफी की जंग होगी।